ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 19.02.2024 | वर्ष 11, अंक 49 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

समय राजा से रंक बना सकता है या रंक से राजा बना सकता है।

## क्विक न्यूज

### आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने ली समाधि

**नई दिल्ली :** प्रसिद्ध जैन संत आचार्य विद्यासागर महाराज ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि तीर्थ में सल्लेखना के बाद अंतिम सांस ली. तीर्थ के एक बयान में कहा गया है कि सल्लेखना एक जैन धार्मिक प्रथा है, जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि के लिए स्वैच्छिक आमरण उपवास शामिल है. पीएम मोदी ने आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है. तीर्थ ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज ने सुबह 2:35 बजे चंद्रगिरि तीर्थ पर सल्लेखना के माध्यम से समाधि प्राप्त की. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे.

### लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस से टकरा कर जेसीबी के उड़े परखच्चे, ड्राइवर घायल, बाल-बाल बचे यात्री

**वाराणसी :** डीडीयू जंक्शन से वाराणसी जा रही 22168 लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस हादसे की शिकार हो गई। बिना फाटक क्रॉसिंग पार कर रहे जेसीबी से ट्रेन टकरा गई। दुर्घटना में ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया। जेसीबी के परखच्चे उड़ गए। जेसीबी का ड्राइवर दुर्घटना में घायल हो गया, जिसे वाराणसी रेफर किया गया। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस आरपीफ और जीआरपी पहुंची। घटना में यात्री बाल-बाल बचे। घटना से बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के साहूपुरी इलाके में घटना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू किया। इलाज के लिए गंभीर हालत को देखते हुए वाराणसी के लिए भेजा गया। चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### हथियार एवं कारतूस के साथ 10 गिरफ्तार

**भागलपुर :** भागलपुर के सिटी एसपी राज ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से मिशन सुरक्षा के तहत हथियार एवं कारतूस के साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 17 फरवरी को वरीय पुलिस अधीक्षक को नाथनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अवैध हथियार के बारे में सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम ने मो. इश्तियाक के घर छापेमारी कर एक देशी बंदूक एवं 09 कारतूस तथा नबी हसन के घर से एक देशी बंदूक बरामद किया। उक्त बरामद हथियार के खरीद फरोख्त करने के मामले में इश्तियाक, नबी हसन सहित 07 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### कोयला खदान से 10 मजदूरों का अपहरण

**गुवाहाटी :** असम-अरुणाचल सीमा पर तिनसुकिया की कोयला खदान में कार्यरत 10 कोयला खनिकों का अपहरण कर लिया गया।असम-अरुणाचल सीमा पर तिनसुकिया जिले के फिनाबोरो में 14 नंबर कोयला खदान है। सूत्रों ने बताया कि आज तड़के करीब 3.30 बजे एक आठ-नौ सदस्यीय संदिग्ध उग्रवादियों का दल आया और बंदूक के बल पर 10 मजदूरों को एक डंपर में बैठाकर अरुणाचल प्रदेश के ओल्ड लोंगताई की ओर ले गया। इस घटना के बारे में पुलिस की ओर से फिलहाल पुष्टि नहीं की गई है लेकिन आशंका जताई गई है कि यह अपहरण संदिग्ध उल्फा-स्वा और एनएससीएन कैडरों ने किया है।

### करंट लगने से तीन लोगों की मौत

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के सीधी में मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढोगा में रविवार सुबह तीन लोगों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू की।पुलिस के अनुसार तीन युवक प्रशांत केवट, नर्मदा केवट और अनिल कुमार पक्षी पकड़ने के लिए जंगल गए थे। यहां शिकारियों ने जंगली जानवरों के लिए करंट का तार लगाया था। तीनों युवक जंगली जानवरों के लिए बिछाए गए तार की चपेट में आ गए और करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से मिले सीएम चंपाई सोरेन

# मजबूत है हमारा गठबंधन : चंपाई

**हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के चार विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करने पर पार्टी विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को कहा कि प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा।के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत है और राज्य में गठबंधन सरकार को कोई खतरा नहीं है. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की. खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी.सोरेन ने कहा कि सरकार गठन के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं, इसीलिए उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की है. हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है. सोरेन ने कहा, यह कोई मुद्दा ही नहीं है.हमारा गठबंधन मजबूत है.असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों के दिल्ली में होने के बारे में उन्होंने कहा, यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, वे इसे सुलझा लेंगे. मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना है. झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिलकुल ठीक है.

### आज कई मंत्री अपने विभाग में देंगे योगदान

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल के कई मंत्री आज सोमवार को अपने-अपने विभागों में योगदान देंगे। इनमें कुछ नये चेहरे भी हैं, जो पहली बार मंत्री बने हैं। वे भी झारखंड मंत्रालय में आकर कामकाज प्रारंभ करेंगे। इस बार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेन भी मंत्री बने हैं। चम्पाई सरकार ने उन्हें पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग व जलसंसाधन विभाग का मंत्री बनाया है।कल्याण मंत्री दीपक बिरूआ को भी प्रोजेक्ट भवन के निचले तल्ले में पूर्व सरकार में चम्पाई सोरेन को आवंटित कार्यालय आवंटित किया जाना है।रामेश्वर उरांव हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री थे। इसलिए उन्हें पहले से ही प्रोजेक्ट भवन में कार्यालय मिला हुआ था। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को पूर्व की सरकार में नेपाल हाउस कार्यालय में कक्ष आवंटित था। भवन निर्माण विभाग उन्हें वहीं कक्ष आवंटित करने की दिशा में काम कर रहा है। बेबी देवी को प्रोजेक्ट भवन स्थित महिला बाल विकास विभाग में आवंटित पूर्व मंत्री जोबा मांझी का कक्ष आवंटित किया जा सकता है।

**खरगे से मुलाकात के बाद सीएम चम्पाई सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी.**

**कांग्रेस पार्टी के 8 विधायक आलाकमान से मिलने दिल्ली चले गए हैं।**

### कांग्रेस के नाराज विधायक भी दिल्ली पहुंचे

कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख को फिर से मंत्री पद देने के कांग्रेस के फैसले से नाखुश विधायक भी दिल्ली जमे हुए हैं। पहले ये सभी रांची के एक होटल में एकत्र हुए. उन्हें मनाने के लिए झामुमो नेता व मंत्री बसंत सोरेन पहुंचे थे. इसके बाद पार्टी के 8 विधायक आलाकमान से मिलने दिल्ली चले गए। ये सभी विधायक 23 फरवरी से शुरू हो रहे आगामी राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करने और मंत्रियों को नहीं बदलने पर जयपुर जाने की धमकी दी है.

## झारखंड में भी होगी जाति आधारित गणना, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

रांची : बिहार के बाद झारखंड में भी अब जाति आधारित गणना होगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने इसकी मंजूरी दे दी है। कार्मिक विभाग के जिम्मे जातीय गणना का कार्य होगा। राज्य कार्यपालिका नियमावली में गणना का काम भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग को आवंटित है लेकिन जाति आधारित गणना का काम कार्यपालिका नियमावली में किसी विभाग को आवंटित नहीं था। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद सरकार ने यह गतिरोध दूर कर लिया है। सरकार की मंजूरी के बाद अब कार्मिक विभाग जातीय गणना को लेकर प्रस्ताव तैयार करेगा। बिहार के बाद झारखंड देश का दूसरा राज्य है, जहां जातीय गणना कराई जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को यह भी आदेश दे दिया है कि वो इसके संबंध में ड्राफ्ट तैयार करे। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि जातीय गणना कराए जाने को लेकर एसओपी बनाया जाए और इसे अप्रूवल के लिए कैबिनेट के पास रखा जाए। सीनियर अधिकारी ने कहा कि यदि सबकुछ योजना के मुताबिक हुआ तो लोकसभा चुनाव के बाद जातीय गणना का काम शुरू कर दिया जाएगा। राज्य में जातीय गणना को लेकर सीएम चम्पाई सोरेन ने एक्स पर लिखा, %जिसकी जितनी संख्या बड़ी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। झारखंड तैयार है।% मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे ने बताया कि %कार्मिक विभाग झारखंड में सर्वे करने के लिए एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिड्यूर (एसओपी) तैयार करेगा। इसके बाद इसे मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। जिस तरह पड़ोसी राज्य बिहार में जातीय गणना की गई थी उसी पैटर्न पर झारखंड में भी यह गणना की जाएगी। बिहार में पिछले दो सालों में सात जनवरी से लेकर दो अक्टूबर तक का डेटा जुटाया गया था। विनय कुमार चौबे ने बताया कि जातीय गणना कराने के लिए ग्रामीण और कल्याण विभाग पर भी चर्चा की गई थी लेकिन अंत में सर्वे कराने के लिए कार्मिक विभाग का नाम फाइनल किया गया है। झारखंड में जेएमएम-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार है और इस महागठबंधन के विधायक समय-समय पर विधानसभा में जातीय गणना की मांग उठाते रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस के सीनियर लीडर राहुल गांधी ने भी अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जातीय गणना कराए जाने की वकालत की थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जातीय गणना का समर्थन कर चुके हैं।



### कमलनाथ बोले- भाजपा से अभी कोई बात नहीं हुई

**भोपाल :** भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने रविवार को दिल्ली में कहा कि भाजपा से अभी उनकी कोई बात नहीं हुई है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके सांसद पुत्र नकुलनाथ के शनिवार को अचानक दिल्ली के लिए प्रस्थान करने के बाद से उनके भाजपा में शामिल होने के अटकलें लगाई जा रही हैं। कमलनाथ ने रविवार दोपहर को अपने दिल्ली स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत की। भाजपा में जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि भाजपा से अभी उनकी कोई बात नहीं हुई है। जब बात होगी तो बताऊंगा। कमलनाथ ने तेरहवीं के एक कार्यक्रम में जाने की बात कहते हुए कार में बैठकर रवाना हो गए। दरअसल, मप्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से ही कमलनाथ कांग्रेस में हाशिए पर हैं। बीच में ऐसी चर्चाओं ने जोर पकड़ा कि वह कांग्रेस की ओर से राज्यसभा में जा सकते हैं, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व ने अशोक सिंह पर दांव लगाया। इसके बाद कमलनाथ शनिवार को अपने सारे कार्यक्रम रद्द कर पुत्र नकुलनाथ के साथ दिल्ली पहुंचे तो उनके भाजपा में शामिल होने की अटकलों ने जोर पकड़ लिया। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में आज उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कुछ और वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात हो सकती है। फिलहाल, दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक चल रही है, जिसमें सभी वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

# गढ़वा : ज्वेलर्स लूटकांड का आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने 3.800 किलो सोना किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा पुलिस ने गढ़वा शहर के मेन रोड पर गढ़देवी मोड के निकट स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स लूट कांड का उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी को लूट के आभूषण व हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी देते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बतलाया कि विगत 13 फरवरी को घटी लूट कांड का उद्भेदन के लिए उन्होंने एसआईटी का गठन किया था। 28 सदस्यीय एसआईटी ने लूट कांड के बाद लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार तथा दूसरे शहरों में छापामारी अभियान चला रही थी। मगर लुटेरे अपना लोकेशन लगातार बदल रहे थे।इसी दौरान पुलिस ने शहर के मथुरा बांध के पास स्थित एक कमरे में जब छापामारी की तो इस लूट कांड का मुख्य आरोपी गढ़वा शहर के सोनपुरवा निवासी प्रदीप डोम को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने उक्त स्थान से दो देशी पिस्तौल तथा दो कट्टा, 16 कारतूस एवं लुटे गए आभूषण प्रदीप के निशानदेही पर अरहर के खेत से बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस लूट कांड का मुख्य मास्टरमाइंड गिरफ्तार प्रदीप ही है। उसी ने इस पूरे लूट कांड को अंजाम देने की प्लानिंग की थी।बताया कि 3 किलो 800 ग्राम सोना, हीरे तथा रोल्ड गोल्ड का ज्वेलरी उक्त लुटेरों ने लूट लिए थे, तथा फायरिंग भी किया था। उन्होंने कहा कि इस लूट कांड के उद्भेदन के लिए 28 सदस्यीय एसआईटी टीम के द्वारा इस लूट कांड का उद्भेदन किया गया है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शीघ्र ही फरार दोनों अन्य लुटेरे को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का जीता खिताब




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। युवा अनमोल खरब ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोमांचक फाइनल में भारत ने थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। पीवी सिंधू के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम के युवा और तेजतर्रार समूह ने थाईलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और दो बार की कांस्य पदक विजेता थाईलैंड के खिलाफ जीत हासिल की। मुकाबला 2-2 से बराबरी पर था और ऐसे में एक बार फिर से पूरी जिम्मेदारी अनमोल खरब पर थी। उन्होंने फिर से भारत को जीत दिलाने की जिम्मेदारी उठाई और उन्होंने निर्णायक तीसरे एकल में दुनिया की 45वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपिचा चोइकीवोंग पर 21-14, 21-9 की शानदार जीत हासिल की और भारत को चैंपियन बनाया। जीत के तुरंत बाद पूरी टीम अनमोल को उठाने के लिए दौड़ पड़ी और सेतिया सिटी कन्वेंशन सेंटर में जीत का शानदार जश्न मनाया। भारत ने इससे पहेल बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में दो पदक जीते थे और दोनों ही पदक पुरुष टीम के नाम पर थे।

भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 संस्करणों में कांस्य पदक जीते थे। हालांकि, इस साल पुरुष टीम को क्वार्टर फाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### भारतीय टीम की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत, इंग्लैंड को हराया

राजकोट~ टीम इंडिया ने इंग्लैंड को राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में 434 रनों से हार दिया है. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है. भारत ने इस मैच में जीत के लिए इंग्लैंड को 557 रनों का लक्ष्य दिया था. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 39.4 ओवर में 122 रनों पर ढेर हो गई और 434 रनों के बड़े अंतर से मैच हार गई. ये रनों के हिसाब से भारतीय टीम की टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़ी जीत है. ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने कोई टेस्ट मैच 400 या उससे ज्यादा रनों से जीता है. इससे पहले भारत ने साल 2018 में राजकोट भी 272 रनों से टेस्ट मैच जीता था.

# अगले 100 दिन में सभी वोटरों तक पहुंचना है : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले 100 दिन में हमें सभी वोटरों तक पहुंचना है। हर वर्ग, हर परंपरा तक पहुंचना है। हमें सबका विश्वास हासिल करना है। और यह सबका प्रयास होगा तो देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें भी भाजपा को ही मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा, यहां मुझे पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठने का अवसर मिला। मैं नड्डा जी को और




उनकी पूरी टीम को और आप सबको बधाई देता हूं। जब मैं एक साल के काम की रिपोर्टिंग सुन रहा था, तब मैं इतना प्रभावित हुआ कि भाजपा के कार्यकर्ता सत्ता में रहने के बावजूद समाज के लिए इतना कार्य करते हैं। ये दो दिन में जो चर्चा हुई, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारे संकल्प को दृढ़ करने वाली बातें हुई हैं। पीएम मोदी ने कहा नड्डा जी के माध्यम से मैं आप सबका अभिनंदन करता हूं। आज मैं समस्त देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री पूज्य विद्यासागर महाराज को श्रद्धा और आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी समाधि लेने की सूचना मिलने के बाद उनके अनुयायी शोक में हैं। हम सभी शोक में हैं। मेरे लिए तो यह एक व्यक्तिगत क्षति जैसा है। वर्षों तक मुझे व्यक्तिगत रूप से अनेक बार उनसे मिलने और उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला है।

# तीन बच्चों के साथ मां ने कुएं में लगाई छलांग, बच्चों की हुई मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां के कुम्हारसाई में एक महिला ने अपने पति से रविवार को झगड़े के बाद तीन बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी.जिसमें महिला की तो जान बच गई,परंतु तीनों बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई.इस घटना से खरसावां क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है.मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा के कुडू गांव निवासी अशोक महतो अपनी पत्नी पूजा महतो एवं तीन बच्चों के साथ कुम्हारसाई गांव में भाड़े के मकान में रह रहे थे.अशोक अक्सर अपने पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा होता रहता है. बीते शनिवार को मायके जाने को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हुआ.पत्नी पूजा महतो ने इसकी शिकायत खरसावां पुलिस को दी.पुलिस से अपनी शिकायत करने से नाराज होकर पति अशोक महतो घर छोड़कर कहीं चला गया. रविवार की सुबह लगभग 10 बजे उसके पडोसियों द्वारा दरवाजा खटखटाने पर जब कोई आवाज नहीं आई,तो पिछले दरवाजे से कुछ लोगों ने घर में प्रवेश किया तो कुएं से चीखने की आवाज आई,जब लोगों ने देखा तो पूजा महतो पानी मोटर में लटकी हुई है.स्थानीय लोगों ने महिला को तो निकाल लिया परंतु बच्चों का कुछ पता नहीं चला.पूजा ने बताया कि वह अपने तीन



बच्चे कोमल कुमारी 9 वर्ष,अनन्या महतो 5 वर्ष एंव आर्यन महतो 2 वर्ष के साथ कुएं में कूदी हैं.वही खरसावां पुलिस के प्रयास से तीनों बच्चों का शव कुएं से बाहर निकल कर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला भेज दिया.

## वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन 20 से 22 तक होगा

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के अंतर्गत झारखंड सरकार के प्रधान सचिव वंदना दादेल के पत्रांक 405 दिनांक 12 /2/ 24 एवं सहायक निदेशक जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग पलामू के पत्रांक 65/ दिनांक दिनांक 09/2/24 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना हुसैनाबाद प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय परिसर में पंचायतार शिविर का आयोजन निर्देश प्राप्त है ! जिसमें दिनांक 20 /2/2024 से लेकर दिनांक 22/2/2024 तक समय 10 बजे से समय शाम पांच बजे तक निर्धारित किया गया है वहीं यह वृद्धावस्था पेंशन उन लाभुको मिलेगा सम्यक विचारोपरान्त राज्य की महिलाओं उच्च कोटि वर्ग लाभुको को 60 बर्ष अधिक उम्र एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 50-60 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का निर्णय लिया गया है मौके पर हुसैनाबाद प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि वैसे लाभुक कागजात आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड फोटो अपने अपने पंचायत के सचिवालय परिसर में पहुंचकर समाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना को लाभ उठाएं।

## सवारी गाड़ी चलाने की मांग की

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला डाल्टेनगंज जिला मुख्य तक बीडी रेल खंड के बरवाडीह से नबीनगर रोड तक ट्रेन चलाने की मांग की।इस संबंध में कांग्रेस झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा महासचिव सैयद हसनैन जैदी ने रेल मंत्रालय से पत्र प्रेषित किया है।जिसमे कहा है कि गाड़ी संख्या 03311-12 व 03363-64 इस रेल खंड की लाइफ लाइन सवारी गाड़ी है।जिसे बंद कर दिया गया है।अभी वर्तमान में शादी विवाह के साथ जैक द्वारा मैट्रिक व इंटर की परीक्षा ली जा रही है।ट्रेन बंद होने के कारण लोगों व खाशकर विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है।उन्होंने बताया कि पलामू इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।मालूम हो कि इस रेल खंड के अंकोरहा व सोननगर स्टेशन पर रिमॉडलिंग का कार्य होने के कारण बीड़ी सेक्शन के लाइफ लाइन समेत कई अन्य ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है।लेकिन बरवाडीह से नबीनगर तक सवारी ट्रेन चलाने से करीब 20 स्टेशनो से जुड़े यात्रियों को सुविधा होगी।

## पंचायत सचिवालय मुकुंदपुर में किसान जागरूकता कार्यक्रम आज

**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कृषि कार्यों को बेहतर बनाने को लेकर नाबार्ड के सहयोग से परामर्थी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एफ पी ओ का गठन 20 मार्च 2023 को किया गया है। जिसका सदस्यता के माध्यम से विस्तार किया जाना है। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा प्रखंड कृषि पदाधिकारी केतार सभी पंचायत के मुखिया सहित पंचायत समिति सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इस कार्यक्रम की जानकारी विभाग के केतार प्रखंड चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता ने दी है।

## यादव महासभा के जिला अध्यक्ष को माला पहनाकर किया स्वागत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रांतीय यादव महासभा के लातेहार जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव के बनने के बाद झामुमो के जिला कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव एवं बालूमाथ झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अरविंद यादव ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मोहर सिंह यादव एवं राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव को माला पहनाकर उनका स्वागत किया । मौके पर बोलते हुए उपेंद्र यादव ने कहा कि दोनों पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के विकास होगा ।एवं समाज एकजुट होगा ।वहीं अरविंद यादव ने कहा कि दोनों पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के विकास के लिए कई कार्य किए जाएंगे । वही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई देने वालों में राजेश यादव सुनील यादव,प्रकाश यादव,दिलीप यादव बली यादव,नागेंद्र यादव,कैलाश यादव,मनोज यादव,संतोष यादव,राजन यादव,देवनारायण यादव,दिनेश यादव समेत कई लोगो के नाम शामिल है ।

# लूट कांड का गढ़वा पुलिस ने किया उद्भेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गढ़वा :** शहर के चर्चित सोना दुकान रुप अलंकार ज्वेलर्स लूट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। उक्त मामले में पुलिस ने अंतर राज्य गिरोह के एक सदस्य को नगवा मोहल्ला स्थित मथुरा बांध शिव मंदिर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम के पास से लूटा गया 3 किलो 500 ग्राम सोना, दो देसी कट्टा, कृत्रिम सोने जैसा बना आभूषण ,सोने एवं हीरे का आभूषण, विभिन्न ग्रह रत्न, दो देशी पिस्तौल, 16 जिंदा गोली और एक मोबाइल बरामद किया है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने रविवार को गढ़वा थाना परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी है। एसपी ने बताया कि 13 फरवरी की देर शाम शहर के चर्चित रूप अलंकार ज्वेलर्स में लूट की घटना घटित हुई थी। उसमें दो लुटेरा ग्राहक बनकर उक्त दुकान में प्रवेश किए थे। जेवर खरीदने के बाद उसके साथ सहयोगी में आया तीसरा व्यक्ति भी जेवर दुकान में घुसकर सभी जेवर को लूटते हुए फायरिंग कर फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एवं स्थानीय लोगों की मदद से प्रदीप डोम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रदीप के निशानदेही पर दो अलग-अलग जगह मथुरा बांध एवं रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत से लूटा हुआ सामान एवं हथियार बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उक्त घटना में बुकी सोनी, अजीत कुमार उर्फ छोटू साव भागने में सफल रहे। जल्द ही पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों ने ही मिलकर लूट का योजना बनाया था। उन्हें पता था कि शहर के रूप अलंकार ज्वेलर्स में सबसे ज्यादा सोना बिकता है। इसीलिए उक्त दुकान को इन लुटेरों ने टारगेट किया था। और टारगेट कर घटना को अंजाम देकर उक्त लुटेरे फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस आईटी सेल के मदद से लगातार कार्रवाई कर रही थी। लेकिन उक्त लुटेरे हमेशा अपने स्थान को बदल रहे थे। यही वजह है कि उन्हें पकड़ने में थोड़ी कठिनाई हुई। उन्होंने बताया कि जल्द ही फरार दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस घटना में गढ़वा पुलिस यूपी, छत्तीसगढ़ सहित पलामू में छापेमारी कर रही थी। एसपी ने बताया कि तीनों लुटेरों का अपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार प्रदीप डोम पर छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक शराब दुकान से 14 हजार की लूट के मामले में जेल गया था। वह पिछले कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। और उसके बाद इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि रुप अलंकार के प्रोपराइटर द्वारा 3किलो 800 ग्राम सोने की लूट का प्राथमिक दर्ज कराया गया था। उसमें 3 किलो 500 ग्राम सोना को पुलिस ने बरामद कर लिया है। बचे 300 ग्राम सोना लेकर फरार उक्त अभियुक्त बाजार में बेचने के लिए गए है। बहुत जल्द पुलिस उन्हें भी गिरफ्तार करते हुए लूट का सोना भी जब्त कर लिया जाएगा।

**पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने किया सम्मानित**

मामले के उद्भेदन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार साहू, पुलिस निरीक्षक ब्रिज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, हित नारायण महतो, अनुरंजन कुमार, जनार्दन रावत, रवि कुमार केसरी, अनिल नायक, अभिमन्यु सिंह, सुनील कुमार सिंह, हवलदार जितेंद्र कुमार रजक, आरक्षी अभय कुमार सिंह, पंचम राम, राकेश कुमार, दीपक कुमार, विपिन प्रधान,राजेश पाल, श्याम बिहारी यादव रामनारायण विश्वकर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, दर्शन कुमार पांडेय सहित अन्य लोग शामिल थे।

## यज्ञ कमेटी के महेंद्र कुमार चौबे बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रखंड के केतात गांव में नवनिर्मित राम मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक दुर्गा मंडप में हुई.बैठक की अध्यक्षता रामाकांत चौबे ने किया.बैठक में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बारे में चर्चा हुई. प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ के सफल आयोजन और संचालन हेतु एक कमेटी का गठन किया गया.सर्वसम्मति से महेंद्र कुमार चौबे को अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ प्रकाश परिमल को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया.वहीं सेवानिवृत डीएसओ सह मंदिर निर्माण के प्रणेता शशिनाथ चौबे को सचिव और रमेश कुमार चौबे को सहसचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई.जबकि प्रवीर चौबे को कोषाध्यक्ष तथा दिलीप चौबे, अभिषेक चौबे व राजेश चौबे सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है.बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर में मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 अप्रैल को जलयात्रा निकाला जायेगा.जबकि 11 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ का शुभारंभ होगा.वही 15 अप्रैल को नगर भ्रमण के बाद मंदिर के गर्भ गृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामदरबार की मूर्ति स्थापित की जायेगी.बैठक में शांतनु चौबे, सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे,राजेश चौबे, मार्कण्डेय चौबे, विनय कुमार चौबे, आनंद चौबे, संजय चौबे, मनीष चौबे,प्रो के के चौबे, अनूप चौबे, तेजबली चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## अध्यक्ष छोटेलाल सिंह के प्रयास से मंदिर प्रगति की ओर : राकेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री राम जानकी मंदिर में आज बोरिंग किया जा रहा है,राकेश तिवारी जी के द्वारा नारीयल फोड़कर पूजा-अर्चना करके शुभारम्भ किया गया। मन्दिर के अध्यक्ष छोटेलाल सिंह जी ,मुनेश्वर गुरु जी,विनय गुरु जी सरंक्षक अजय तिवारी अकेला जी के कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा उपकोषाध्यक्ष शिव शंकर सिंह श्री मुनेश्वर सिंह एवं न्यास के महामंत्री श्री सत्यनारायण कुमार जी शिक्षक संगठन मंत्री अरुण ठाकुर एवं चंदन ठाकुर दिनेश प्रसाद सचिव श्री लाल बहादुर शास्त्री जी राकेश विश्वकर्मा राकेश शर्माएवं उपस्थित तमाम ग्रामीण जनता के उपस्थिति में यह कार्य सफल किया गया ।दिनेश गुप्ता जी के सहयोग से आज मन्दिर में बोरिंग का कार्य का शुभारम्भ हुआ । आम आदमी पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश तिवारी जी के द्वारा हर सम्भव मदद करते हैं और आगे भी करते रहेंगे ऐसा विश्वाश दिलाया।

## हैदरनगर के रेलवे स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बीडी रेल खंड में यात्री ट्रेनों को 23 फरवरी तक बंद किए जाने पर कांग्रेस पार्टी के हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय ने हैदरनगर रेलवे स्टेशन मास्टर को पत्र सौंपा है। पत्र में यात्री ट्रेनों को चालू करने की मांग की है। उन्होंने यात्री ट्रेनों को बंद कर माल गाड़ी चलाने का कड़ा विरोध किया है। मौके पर समाजसेवी राजू खान मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शहिद वीर बुद्धू भगत जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाढा पंचायत के ग्राम पुकचु ( करमाही ) स्थित धर्मकुड़िया स्थल पर राजी सरना प्रार्थना सभा के सौजन्य से कार्यक्रम आयोजित कर महान क्रांतिकारी शहिद वीर बुद्धू भगत की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ शहिद वीर बुद्धु भगत के तस्वीर पर माला पहनाकर व द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक उरांव, उपाध्याय राजु उरांव, मुनिया उरांव, सचिव संजय उरांव जिला सलाहकार जलेशर उरांव प्रखंड अध्यक्ष जयपाल उरांव की गरिमापुर्ण उपस्थिति रही .उपरोक्त अतिथियों ने शहिद वीर बुद्धु भगत के जीवनी व उनके कार्यो पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित लोगों को उनके जीवन, कार्य, व आदर्शो से प्रेरणा लेकर समाज को विकाश के पथ पर ले चलने की बात कहा साथ ही समाज मे व्याप्त अशिक्षा, अंधविश्वास, स्वास्थ्य एवं नशामुक्ति सहित समाजिक सरोकर वाले बातो पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया , मौके पर सचु उरांव, सुरेश उरांव, मुनिया उरांव, राजेन्द्र उरांव, मनिता उरांव, रिक्शोना उरांव, चन्द्र देव उरांव, नरेश उरांव, सहित दर्जनों महिला पुरुष युवक युवती व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा मे मोजुद थे।

# फाइबर ब्लॉक निमार्ण रोजगार का अवसर : फैजायल अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चैनपुर(पलामू):** ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत से फाइबर ब्लॉक बनाने का कार्य से व्यवसाय की करें शुरुआत कर सकते हैं युवा उक्त बातें चैनपुर पूर्वी जिप सदस्य फजायल अहमद ने कहीं वे रविवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत लोहरसिमी मोड स्थित अमन इंटरप्राइजेज द्वारा फाइबर ब्लॉक कंपनी का उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम लागत से फाइबर ब्लॉक बनाने की मशीन लगाकर रोजगार कर सकते हैं।श्री फजायल ने कहा कि युवा योग्यता अनुसार स्किल सीख कर व्यवसाय को चुने एवं कम लागत से भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। यदि युवा रोजगार के प्रति सच्ची लगन वह मेहनत की करें तो आगे चलकर यही रोजगार उन्हें बड़े व्यवसायी बनाने में अहम भूमिका निभाई । मौके पर अमन इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर शाहिद अनवर ने कहा कि फाइबर ब्लॉक का प्लांट लगाना मेरा एक सपना था जो आज साकार हुआ है। हम फाइबर ब्लॉक को उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं कम कीमत पर बाजार में उपलब्ध कराएंगे ताकि ग्राहक को कम कीमत पर आसानी से उपलब्ध हो सके और फाइबर ब्लॉक लगाने के प्रति लोगों का रुझान बढ़ सके। मौके पर हाजी अब्दुल सत्तार ,सदर अब्दुल मोतलीब, झामुमो नेता ताज अंसारी, आप नेता तौसीफ रजा, रजनीश सिंह, गुलाम हैदर, तैयब अंसारी ,अकलीम अंसारी, रउफ अंसारी ,जहुर अंसारी, रुस्तम अंसारी ,अफजल हुसैन सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया.इसके बाद सामूहिक प्रार्थना, नाम जप,सत्यानु शरण ग्रंथ व नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि प्रत्येक सत्संगी यदि याजन करे तो मनुष्य के अंदर सत्य अर्थात धर्म के प्रति जिज्ञासा बढ़ जाता है. नामजप करने से अपने इष्ट के प्रति विश्वास बढ़ता है.उन्होंने कहा कि विश्वास करने से सबकुछ सम्भव है.कोई भी सत्यकर्म करने में आलस नही करना चाहिये. आलस्य एक मूढ़ता है,आलस्य एक अज्ञानता है.सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि ईश्वर का नाम जप करने से मनुष्य के अंदर सद्गुण आते हैं तथा ईश्वर अर्थात जिनका नाम लिया जाता है,वे स्वयं अपने भक्त की रक्षा करते हैं. ईष्ट स्वार्थ प्रतिष्ठा करना ही मनुष्य का कर्तव्य है.ऐसा करने से मनुष्य के हृदय में शांति आती है, मन प्रफुल्लित हो जाता है.याजक राजकुमार दा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी के गुणों की अन्य परिवार के सदस्यों के बीच करना चाहिये. सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, अजय दा, प्रीतम, श्रीकांत, आदित्य, प्रमिला देवी, रामा देवी, मधु, दीपमाला, चंचला गुप्ता, धृतिदीप्त, अनिता देवी, गीता देवी, सत्यम, तनु, तनुष्का, रीना देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरुरी : अलखनाथ पांडेय

### संत जोसेफ कॉन्वेन्ट स्कूल का मनाया गया 8 वां वार्षिकोत्सव,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू) :** संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर शाखा का आठवां वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया.समारोह का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नरेंद्र कुमार तिवारी व संचालन प्राचार्य आर के सिंह ने किया.भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरूरी है.ताकि बच्चे आगे जाकर देश के अच्छे नागरिक बन सके.श्री पांडेय ने शैक्षणिक संस्थानों के संचालन में आने वाली चुनौतियों पर भी खुल कर चर्चा की.ग्रासिम के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि स्कूल बच्चों का दूसरा घर होता है.अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार स्कूल में ही संभव है.यहीं से इनके भविष्य की नींव तैयार होती है.अपार समाहर्ता कुंदन कुमार ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि संत जोसेफ कम शुल्क में बेहतर शिक्षा दे रहा है.इसके अलावा स्कूल प्रबंधन सामाजिक सरोकार का भी कार्य करते रहता है.समारोह में स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया.सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया.मौके पर स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय,सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह, भोला राय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, धनंजय तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीवीपी का राजभवन के समक्ष छात्र हुंकार धरना-प्रदर्शन आज

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) झारखंड प्रदेश की ओर से राजभवन के समक्ष 19 फरवरी को छात्र हुंकार धरना का आयोजन किया गया है। प्रदेश मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने रविवार को कहा कि एबीवीपी झारखंड प्रदेश की ओर से स्थाई कुलपति की नियुक्ति और विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक कुव्यवस्था को दूर करने के लिए राजभवन के समझ छात्र हुंकार धरना-प्रदर्शन आयोजित किया है। साथ ही इसमें जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले का भी विरोध किया जाएगा।

### एचईसी को भेल में विलय करने के मामले में कांग्रेस ने किया सवाल

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता कमल ठाकुर ने एचईसी को भेल में विलय करने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय से इस संबंध में पुष्टि करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एचईसी के कामगार पिछले 30 दिनों से अपने हक के लिए न्याय कि गुहार लगा रहे हैं लेकिन मंत्रालय उनकी मांगों के संबंध में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। इस बाबत राहुल गांधी के जरिये भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एचईसी के समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। मजदूरों की समस्याओं और एचईसी के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार का कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है और न ही मजदूरों का हमदर्द बनने वाले प्रदेश भाजपा के किसी भी नेता ने आंदोलनरत मजदूरों से मुलाकात तक करने की कोशिश नहीं की है। इन सब के बावजूद अचानक से अखबारों में ऐसी खबर का आना एचईसी में कार्यरत कर्मचारियों को सशंकित कर रहा है। ठाकुर ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विलय की खबर की पुष्टि करे।

# थाना प्रभारी पर लगा प्रताड़ित करने का आरोप, हुए लाइन हाजिर

**प्रभात मेंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के राजाहता में बीते 11 जनवरी को हुए रवि मिश्रा पर जानलेवा हमले मामले की जांच अभी खत्म नहीं हुई और थानेदार रामाकांत ओझा पर एक गंभीर आरोप लगाये गये। जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक ने उस पुलिस लाइन हाजिर कर दिया। बताया जा रहा है कि सुखदेवनगर थानेदार रहे रामाकांत ओझा पर एक महिला सायना जबिन ने लगाया है। पीड़ित महिला का कहना है कि थानेदार ने कमरे में महिला को अकेले बुलाने का दबाव डाला है। जबरन पासपोर्ट, मोबाइल और शादी का एल्बम को जप्त कर रखा है। इसके अलावा एक खाली पेपर में हस्ताक्षर भी करवा लिए है। पीड़ित महिला ने यह बातें अपने सुसाइड नोट में लिखा है। फिलहाल, महिला




अस्पताल में इलाजरत है। महिला ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि जांच के नाम पर जबरन थानेदार मुझे घर से उठाकर थाना ले गए। सादा पेपर में हस्ताक्षर नहीं करने पर धमकी दिया गया कि रातभर थाना में रखने और झूठे केस में फंसाने की धमकी मिली। थानेदार द्वारा अकेले मिलने से मना करने पर जबरन घसीट कर उठने की बात कहीं जारी है. इस मामले में कई लोगों का मोबाइल वापस कर दिया गया, लेकिन मेरा पासपोर्ट, मोबाइल और फोटो को बिना कारण थाना प्रभारी द्वारा रखा गया है. मुझसे बेहूदा सवाल किया जा रहे हैं तथा मुझे दोस्ती करने को दबाव दिया जा रहा है।

# यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग ने वितरण किया हेलमेट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान के सौ साल पूरा होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया था। यह रैली लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली पुल के पास से पत्थलकुदआ , आजाद बस्ती होते हुए अंजुमन प्लाजा तक निकाली गई। यह मोटरसाइकिल रैली यातायात जागरूकता अभियान के उद्देश्य से निकाला गया था। इस दौरान यातायात पुलिस और जिला परिवहन विभाग के संयुक्त प्रयास से वैसे मोटरसाइकिल चालकों जो हेलमेट नहीं पहने थे उसके बीच हेलमेट वितरण किया गया। इसके बाद रैली को रांची डीटीओ अखिलेश कुमार, यातायात डीएसपी प्रमोद केशरी, डीआर एस एम जमाल अशरफ ने हरी झंडी दिखाकर रावना किया। इस अवसर पर सभी लोगों से हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने की अपील की गई। सभी पदाधिकारियों ने कहा इस तरह के



आयोजन में हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चला रहे हैं यह जागरूकता की पहचान है। इससे दूसरे संगठनों व राजनीतिक दलों द्वारा निकाली जाने वाली मोटरसाइकिल रैली इससे प्रेरणा लेंगे, ऐसी उम्मीदें हैं। इस मौके पर ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश सह इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा यातायात पुलिस व रांची जिला परिवहन विभाग ने जिस तरह से यातायात जागरूकता अभियान चलाया है इसकी सराहना करनी चाहिए। वहीं झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा जिला परिवहन विभाग, यातायात पुलिस उपाधीक्षक और यातायात थाना प्रभारी , हमारे लोअर बाजार और टीओपी प्रभारी सभी का समय समय पर सहयोग मिलता रहता है। इस मौके पर डीटीओ अखिलेश कुमार, यातायात डीएसपी प्रमोद केशरी, डीआर एस एम जमाल अशरफ, यातायात थाना प्रभारी इम्तियाज, लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज, एएसआई भीम सिंह, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम सभी को शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## माइ छूटा स्कूल की पहली वर्षगांठ पर बच्चों ने मचाया धमाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के काली स्थान रोड स्थित माय छोटा स्कूल की प्रथम वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।इस मौके पर नन्हे बच्चों ने जब थिरकना शुरू किया तब वहां बैठे सभी लोग उनके कायल हो गए। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खुशबू खान ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है। नौनिहाल बच्चों के माय छोटा स्कूल में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मौके पर डॉ अबरार आलम, इरफान उजैर, प्रोफेसर जुबैरी ने की। माय छूटा स्कूल की खुब तारीफ़ की और बच्चों के स्वास्थ्य व उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत को जेल भेजे जाने के विरोध में झामुमो ने चौथे दिन भी रखा उपवास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष चौथे दिन रविवार को भी लोहरदगा जिला समिति अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद के नेतृत्व में उपवास रखा। इसमें रांची जिला समिति भी शामिल रही। मौके पर झामुमो लोहरदगा जिला अध्यक्ष ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि झारखंड के साथ पूरे देश से भाजपा का सुपड़ा साफ होगा। यहां की जनता आने वाले चुनावों में भाजपा को करारा जवाब देगी और यहां से इनको उखाड़ फेंकने का काम करेगी। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि हेमंत सोरेन पर हो रहे अन्याय के खिलाफ हम सभी लोग




उपवास कार्यक्रम के तहत आज चौथे दिन भी बैठे हैं। केंद्र सरकार हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है। जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है। इसका जवाब केंद्र की भाजपा सरकार को जरूर मिलेगा। इस दौरान मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, लोहरदगा केंद्रीय सदस्य विनोद यादव, समीद अंसारी, सरिता भगत, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, तालकेश्वर महतो, लोहरदगा जिला सचिव अनिल उरांव, रांची जिला उपाध्यक्ष बीरु साहू, आफताब आलम सहित अन्य मौजूद रहे।

## रांची के ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की छुट्टी दो मार्च तक रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** राजधानी रांची में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की छुट्टियों को दो मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। रांची के ट्रैफिक एसपी कार्यालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। ट्रैफिक एसपी के ऑफिस से शनिवार रात जारी आदेश में कहा गया है कि अगर पहले से किसी पदाधिकारी या कर्मी ने पहले से अवकाश ले रखा है, तो उनका अवकाश भी स्थगित किया जाता है। एसपी कार्यालय के अनुसार 23 फरवरी से 27 फरवरी तक धुर्वा के झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) में भारत और इंग्लैंड के बीच इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इसके साथ ही 23 फरवरी से दो मार्च तक झारखंड विधानसभा का बजट सत्र बुलाया गया है। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किए गए सभी पदाधिकारियों, कर्मियों के अवकाश को रद्द कर दिया गया है। ट्रैफिक एसपी ने कहा है कि विशेष परिस्थिति में पुलिस अधीक्षक (यातायात) की ओर से छुट्टी को मंजूरी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में आठ फरवरी से बजट सत्र बुलाया गया था। लेकिन, तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद चंपाई सोरेन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। चूंकि, 16 फरवरी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ था, इसलिए आठ फरवरी से विधानसभा का बजट सत्र नहीं हो पाया।

## सीपी राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में पूरा किया एक वर्ष का कार्यकाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल के रूप में रविवार को सीपी राधाकृष्णन ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। पिछले साल 18 फरवरी को उन्होंने राज्य के 11वें राज्यपाल के रूप में पदभार संभालते हुए पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। एक साल के कार्यकाल के दौरान सीपी राधाकृष्णन ने कई सुधारात्मक प्रयास किए। इनके पहले रमेश बैस प्रदेश के राज्यपाल थे, जिन्हें सत्ता पक्ष ने हमेशा निशाने पर लिया था। इसी तरह सीपी राधाकृष्णन भी सत्ता पक्ष के निशाने पर रहे। झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उन्हें कई मौकों पर भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाया है। हाल ही में ईडी द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को भी सत्तापक्ष के नेताओं ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को ही जिम्मेदार ठहराया और वर्तमान चम्पाई सोरेन की सरकार के गठन में भी जान-बूझकर देरी करने का आरोप लगाया। हालांकि, सत्ता पक्ष के इन सभी आरोपों पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने तथ्यों के साथ अपने किसी भी तरह की भूमिका से इनकार किया। अपने कार्यकाल के दौरान राज्यपाल ने झारखंड विधानसभा से पारित कुछ विधेयकों को कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य सरकार (तत्कालीन हेमंत सरकार) को लौटाने का काम किया। इन विधेयकों में 1932 आधारित खतियान और स्थानीय नियोजन नीति और आरक्षण की सीमा बढ़ाने से संबंधित कई महत्वपूर्ण विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा राज्यपाल ने निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से संबंधित विधेयक भी राज्य सरकार को लौटाए है। कोर्ट फीस संशोधन विधेयक सहित कई विधेयकों को राज्यपाल ने स्वीकृति भी दी हैं। राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों में भ्रष्टाचार पर भी सख्ती बरती है। बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति डॉ शुकदेव भोई को भी राज्यपाल ने उनके पद से बेदखल किया है।भ्रष्टाचार के आरोप में राज्यपाल ने उन्हें कार्यकाल पूरा होने से पहले पद से हटा दिया है। इसके अलावा वित्तीय अनियमितता मामले में राज्यपाल ने कई अन्य कुलपतियों से भी कारण पूछा है।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में पोर्टर सुविधा के लिए मिलेंगे प्रतिमाह अधिकतम 25 हजार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में पोर्टर सेवा के लिए अधिकतम प्रतिमाह (प्रति पर्सन प्रति ट्रिप) अब 25,000 रुपये प्रतिमाह दिया जायेगा। साथ ही प्रति व्यक्ति, प्रति फेरा के लिए 400 रुपये पोर्टर को दिया जायेगा। हालांकि, यह सेवा अस्थायी रूप से दी जायेगी और जैसे ही रांची एयरपोर्ट पर किसी एजेंसी के साथ पोर्टर सेवा के लिए पूर्णकालिक करार हो जायेगा तो इसे बंद या अगले आदेश तक रखा जायेगा। प्रस्ताव पर राज्य के




मुख्यमंत्री का अनुमोदन हो गया है। इसके बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी किया है। रांची एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रांची एयरपोर्ट पर पोर्टर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेसर्स स्पीडविंग सर्विस लि. से करार किया था। इस कंपनी के साथ एग्रीमेंट अप्रैल, 2023 में ही समाप्त हो गया। इसके बाद रांची के ही एक व्यक्ति के द्वारा ठेके पर सात कर्मियों द्वारा एयरपोर्ट पर पेड पोर्टर व्यवस्था की शुरूआत की गयी। यह सुविधा तब तक प्रदान की जायेगी जब तक वहां किसी एजेंसी के साथ करार नहीं हो जाता है। जानकारी के अनुसार उक्त पेड पोर्टर की सेवा देने वाले व्यक्ति ने राज्य सरकार को आवेदन दिया और राज्य अतिथियों के लिए 400 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति फेरा मात्र की दर पर सेवा देने का अनुरोध किया। इसके बाद राज्य सरकार ने पूरे मामले पर विचार कर उक्त सेवा देने वाले व्यक्ति राजू राम को कार्यादेश निर्गत कर दिया है। हर माह का खर्च विपत्र तैयार कर जमा करना होगा उसके बाद उक्त सेवा देने वाले व्यक्ति को भुगतान किया जायेगा।

## नगड़ी पथराव मामले में 23 भेजे गये न्यायिक हिरासत में, पूरे इलाके में धारा 144 लागू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगड़ी में सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन करने जा रहे जुलूस पर हुई पथराव की घटना को लेकर पुलिस ने 23 लोगों को न्यायिक हिरासत में रविवार को जेल भेज दिया है। लगातार पुलिस दोषियों को चिन्हित कर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार आरोपितों में इमरान अंसारी, नौशाद अंसारी, जमी अंसारी, इस्माईल अंसारी, समीर अंसारी, मो0 शमीम अंसारी, जावेद अंसारी, रिजवान अंसारी, आदिल अंसारी , अलफाज अंसारी, मुजाहिद अंसारी, अबदुल्लह अंसारी, इस्तेयाक अंसारी निशाद अंसारी, आसीफ अंसारी, रमीज अंसारी, आसीफ अंसारी, जिशान अंसारी, अफसर हुसैन, मेराज अंसारी, इमरोज अंसारी, उदेश कुमार साहू और बजरंग नायक शामिल है। सभी नगड़ी के देवड़ी के रहने वाले है। इलाके में रैप के जवान लगातार गश्त कर रहे है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पूरे इलाके में धारा 144 लागू है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात है। इससे पूर्व शनिवार को 18 नामजद और 500 अज्ञात लोगों के खिलाफ नगड़ी थाने में अंचल अधिकारी के बयान पर मामला दर्ज कराया गया था। उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी की रात नगड़ी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए विवाद को लेकर दो गुटों में पत्थर बाजी हो गई थी। इसमें दो पुलिसकर्मी और चार -पांच आम लोग भी घायल हुए थे। इसके बाद से पुलिस बल वहां तैनात है। लगातार वरीय अधिकारी घटना का मानिटरिंग कर रहे है।

### शिवाजी की जयंती आज



**रांची :** शिवाजी चौक बूटी मोड़ में छत्रपति शिवाजी सेना के तत्वावधान में 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती मनायी जायेगी। छत्रपति शिवाजी सेना के सचिव सतीश कुमार केशरी ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि कांके विधायक समरीलाल, मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जितेंद्र सिंह पटेल और अरुण साहू उपस्थित रहेंगे।

## आदिवासी समाज में व्यवस्था परिवर्तन के बगैर डायन हत्याओं का रोकथाम असंभव : सालखन मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने चाईबासा के हाटगम्हरिया में डायन बिसाही का आरोप लगाकर चार लोगों की हत्या कर दिए जाने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि डायन बताकर माता-पिता और दो मासूमों की हत्या जैसा समाचार दिल को दहला देता है। मुर्मू ने कहा कि कल हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव में घटित आदिवासी परिवारों की नृशंस हत्या के पीछे डायन या जमीन विवाद का मामला हो लेकिन यह अन्याय, अत्याचार, शोषण का वीभत्स पशुवत कृत्य है। चिंता का विषय यह है कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति प्रत्येक आदिवासी गांव-समाज में निरंतर चालू क्यों है? आखिर यह कब रुकेगा और कैसे रुकेगा?आदिवासी सेंगेल अभियान के अनुसार इनकी रोकथाम आदिवासी गांव समाज में व्यवस्था परिवर्तन के बगैर असंभव है। क्योंकि, आदिवासी गांव समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, जुर्माना लगाना, सामाजिक बहिष्कार, ईर्ष्या द्वेष, महिला विरोधी मानसिकता, वोटों की खरीद-बिक्री, धर्मांतरण आदि को सामाजिक स्वीकृति प्राप्त है। इनको रोकने की जगह आदिवासी स्वशासन व्यवस्था प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष इनको आगे बढ़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जब तक आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में जनतांत्रिक सुधार और संविधान, कानून, मानव अधिकारों को गांव समाज में लागू नहीं किया जाएगा यह अन्याय, अत्याचार, शोषण जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सेंगेल घटना के अपराधियों को फांसी के फंदे पर लटकाने के साथ सरकार और समाज से संविधान सम्मत त्वरित व्यवस्था परिवर्तन की



मांग करता है। सेंगेल उम्मीद करता है कि आदिवासी हो समाज महासभा, मानकी मुंडा संघ, माझी पारगना महल आदि संगठनों के साथ सभी शिक्षित आदिवासी इस चुनौती को स्वीकार करेगा, चुप नहीं रहेगा।

## महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले खुद बन बैठे हैं महाजन : सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि महाजनी प्रथा का विरोध करने वाले लोग आज झारखंड राज्य में खुद महाजन बन बैठे हैं। राज्य एक कुशल और जनता के प्रति जवाबदेह नेतृत्व की कमी से गुजर रहा है। इस राज्य को एक ऐसा नेतृत्व चाहिए जो हर वर्ग और सबके विचारों को साथ लेकर चले। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के लिए राज्य को बेहतर बनाने की चुनौती सामने है। हम सभी को मिलकर झारखंड की राजनीति को फिर से पटरी पर लाना है। सुदेश महतो रविवार को अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मिलन समारोह में समाजसेवी जीतेंद्र सिंह अपने हजारों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र जेएमएम नेता शाहजहां मंसूरी और रांची निवासी मो. कैफ, उमर अली, आफताब अलाम समेत कई लोग भी पार्टी में शामिल हुए। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कुछ लोग विरासत के साथ सत्ता में आ जाते हैं। फिर जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर काम करने के



बजाय सत्ता के बेजा इस्तेमाल पर उतर जाते हैं। यह राज्य मात्र वोट से नहीं बेहतर नेतृत्व से चलेगा। हमारा एक मात्र ध्येय राज्य को संवारना है। राज्य के समेकित विकास के लिए आपका साथ और आपका भरोसा चाहिए। जीतेंद्र सिंह का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति काफी चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है। इस चुनौती को स्वीकारते हुए जीतेंद्र जनता की सेवा के उद्देश्य से पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने विभिन्न माध्यमों के जरिए समाज की सेवा पहले भी की है। वे पार्टी से जुड़कर लोकहित के कार्यों को आगे बढ़ायेंगे। जीतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश के सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। अध्ययन, अनुशासन, अध्यात्म और आत्मविश्वास इन चार चीजों के साथ सुदेश के नेतृत्व में जनता की सेवा करना ही हमारा लक्ष्य है।

## आरडीसीए अंडर-14 वेंचर स्किल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में यूसुफ का बेहतर प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरडीसीए अंडर-14 वेंचर स्किल प्रतियोगिता के फाइनल मैच रविवार को नेहरू स्टेडियम में खेला गया जैप सीए नर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 138/10 रन बनाया जवाब में रॉकमैंस सीए 30 ओवर में 131/9 रन ही बना पाई । जैप सीए (138/10 ) शिवांक 37, अभिषेक 33, के बाद ऑलराउंडर स्पिन गेंदबाज यूसुफ ने ( 6 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बदौलत फाइनल मैच में जैप सीए ने रॉकमैंस सीए को 7 रन से पराजित किया मैन ऑफ द मैच युसूफ को घोषित किया गया और और मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी और विनर का ट्रॉफी देकर नवाजा गया . आरडीसीए अंडर-14 वेंचर स्किल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले 6 मैच में 12 विकेट लेने वाले ऑलराउंडर स्पिन गेंदबाज युसूफ ने फाइनल मैच में तीन विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है।

**आरडीसीए अंडर-14 वेंचर स्किल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले 6 मैच में 12 विकेट लेने वाले ऑलराउंडर स्पिन गेंदबाज युसूफ ने फाइनल मैच में तीन विकेट लेकर अपनी गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया है।**

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# झारखंड में ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ हो रहा धोखा : ओबीसी छात्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ओबीसी छात्र आज दिनांक 18.2.24 को अपनी मांगों को लेकर बापू वाटिका में एकत्रित हुए उन्होंने कहा कि जेपीएससी तथा जेएसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में पिछड़ा वर्ग को एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को अधिकतम उम्र सीमा में मात्र 2 वर्ष की छूट दी जाती है जबकि निकटवर्ती राज्यों में जैसे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में 5 वर्ष की छूट दी जाती है। छात्रों ने मांग की है की जेपीएससी एवं जेएसएससी द्वारा आयोजित प्रक्रियाधीन एवं आगामी सभी परीक्षाओं में अन्य राज्यों की भांति ओबीसी वर्ग को अधिकतम उम्र सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाए तथा इसे तत्काल प्रभाव से लागू करें। ग्रामीण परिवेश वाला एक पिछड़ा राज्य होने के बावजूद भी एक



बहुत बड़ा वर्ग अपने अधिकारों से वर्षो से वंचित रहा है विगत 23 वर्षों में जेपीएससी तथा जेएसएससी द्वारा संपन्न विभिन्न परीक्षाओं में ओबीसी छात्रों को उचित अवसर नहीं मिल पाया है इसलिए ओबीसी वर्ग के लिए आयु गणना 2010 करते हुए दो(2) अतिरिक्त अवसर दिया जाए ताकि अभी तक अवसर से वंचित ओबीसी के छात्रों के साथ न्याय हो सके। झारखंड गठन इतने वर्षो के बाद भी ओबीसी छात्रों के साथ हो रहे अन्याय को लेकर सभी जनप्रतिनिधियों की उदासीनता स्पष्ट झलकती है। झारखंड ओबीसी आयोग भी इस संबंध में अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की है जिससे छात्र आक्रोशित है। छात्रों ने ओबीसी आयोग के अध्यक्ष से मांग की है की ओबीसी छात्रों की मांगों पर अभिलंब संज्ञान लेते हुए इस पर कार्यवाही करें। मौके पर राजेश कुमार,वकील यादव,दिलीप राय, मनोज गुप्ता,नारायण गुप्ता, इबरार आलम, अमित महतो,अनिमेष गौतम ,आफताब जी सहित दर्जनों छात्र ओबीसी अधिकार मंच के बैनर तले सरकार से मांग की है।

# एसएसबी 26 वीं वाहिनी व तमाड़ पुलिस ने 26 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र में ऑप्स संख्या 38/24 एवं एस डी शेरखाने, कमांडेंट के आदेशानुशार 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की %ई% समवाय डोंगीडीह के द्वारा सहायक कमांडेंट सौमेन गोराई , त्र समवाय , ष्ट समवाय और तमाड़ पुलिस मिलकर एक विशेष अभियान दस्ता निकाला गया इस दौरान गांव मलान भुइयांडीह के आस- पास के इलाके में अफीम की लगभग 26 एकड अवैध खेती को नष्ट किया गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों



को मादक पदार्थो के जगह अन्य उपजाऊ फसलों की खेती करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्रवाई के दौरान सहायक कमांडेंट सौमेन गोराई, अजीत कुमार उपाध्याय, सिद्धार्थ आर के अलावा अन्य 44 कार्मिक एवं थाना तमाड़ के एएसआई सिरिल सांगा एएसआई अजय प्रताप और एएसआई परमेश्वर शर्मा शामिल रहे ।

## कस्तूरबा में परीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के सभी उत्कृष्ट विद्यालय में जिसे केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बंध प्राप्त है जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में नामांकन हेतु राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है. इसके



तहत शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा में नामांकन से संबंधित बीपीओ मनमोहन साहु ने विद्यालय की वार्डन रश्मि कुमारी एवं लेखापाल बिरसा उरांव के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया. इस विद्यालय में कक्षा छ- में नामांकन हेतु आवेदन विद्यालय से प्राप्त कर भरा हुआ आवेदन फार्म 16 फरवरी ?से विद्यालय में जमा किया जाएगा. जिसका चयन हेतु परीक्षा 11 मार्च? को आयोजित की जाएगी. ज्ञात हो कि कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा में कक्षा छ- में कुल 75 सीट है जिसमें 50 सीट पर सीधा नामांकन लिया जाएगा. तथा 25 सीट पर सीबीएसई पैट्रन पर पढ़ाई हेतु चयन परीक्षा ली जाएगी।

## लोधमा में केसरवानी वैश्य समाज का पारिवारिक मिलन समारोह

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला अन्तर्गत लोधमा में रविवार को केसरवानी वैश्य समाज का पारिवारिक मिलन समारोह सह संबंध भोज का आयोजन लोधमा के अध्यक्ष राहुल केशरी कि अध्यक्षता पर किया गया. जिसमें मुख्य



अतिथि के रूप में कुंदन कुमार केसरी जिला योजना पदाधिकारी खूंटी उपस्थित होकर सभा को संबोधित करते कहा की समाज उपर उठाने एवं आगे बढ़ाने के लिए हमें शिक्षा को मूल रूप लेकर चलाना चाहिए शिक्षा ही हर को आगे बढ़ाने सबसे पहली सीढ़ी है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के केन्द्रीय सदस्य राजेंद्र केशरी, राधेश्याम केशरी, दिलीप केशरी, जिलाध्यक्ष खूंटी राहुल केशर, मनीष केशरी(रांची), मोहन साहु,अर्जुन केशरी, श्रेयश केशरी, मुरारी केशरी, दिनदयाल केशरी, रोशन केशरी, संतोष केशरी, संदीप केशरी, नीतीश केशरी, कल्पना केशरी, आरती केशरी, महिला सभा के माताएं बहनें अन्य उपस्थित हुए।

## जमीअतुल इराकीन देही हलका छोटानागपुर की बैठक

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के डाड़कंडरिया गांव में रविवार को जमीअतुल इराकीन देही हलका छोटानागपुर की बैठक किया गया। जिसमें जमीअतुल इराकीन देही हलका छोटा नागपुर के 56 गांव के प्रतिनिधि लोगों



ने भाग लिया। अध्यक्षता जमीयत के सदर जावेद अख्तर और संचालन सचिव परवेज अख्तर ने किया।बैठक में जमीयत के मजलिस मुताजमा और मजलिस अमला के सदस्यों का चुनाव किया गया। मजलिस मुतजमा के लिए 130 सदस्यों को चुना गया और नियम अनुसार एक तिहाई सदस्यों अर्थात 130/3 सदस्यों को मजलिस अमला के लिए चयनित किया गया। बैठक में हाजी मो0 मुसल्लम, हाजी अब्दुल कयूम, हाजी मसीहुद्दीन, हाजी खलील, मुर्तजा हसन,जाहिद आलम, अहमद, मोहम्मद, मुजीबुल्लाह सहित कई लोग शामिल थे।

## बाघवार अकादमिक स्कूल के 18वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक शिल्पी



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को चान्हो प्रखंड स्थित बाघवार अकादमिक स्कूल के वार्षिक उत्सव मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घघाटन माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम मे बच्चों द्वारा अलग अलग गानो पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात माननीय विधायक ने उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बदलते व डिजिटल परिवेश मे शिक्षा का काफी महत्व बढ़ गया है। क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अलख जगे। इसी उद्देश्य के साथ हमे चान्हो क्षेत्र मे कई शिक्षा संस्थान का स्थापना कर शिक्षा का हक बनाने की आवश्यकता है। बच्चों एवं अभिभावक को शिक्षा के क्षेत्र मे कई महत्वपूर्ण जानकारी देने हुए कहा कि स्कूल मे जिसतरह शिक्षक बच्चों को पढ़ाई का माहौल मिलता है, उसी तरह अभिभावक भी घर पढ़ाई का माहौल बनाये ताकि उसे घर मे भी स्कूल जैसा माहौल मिल सके।। विधायक ने बच्चों से कहा सभी अपने अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दे की आपको आगे चलकर क्या बनना है। और उसको लक्ष्य के हिसाब से तैयारी करे। मौक़े पर प्रखंड के पार्टी अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, शाही जी, पंचु जी, कार्यकर्ता गण एवं अन्य उपस्थित रहे।

# बचरा मे मॉल खुलने से स्थानीय लोगो को मिलेगा लाभ : विभानाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पेट्रोल पंप स्थित ठाकुर महतो चौक मे रविवार को डीएस मार्ट (मॉल) का उदघाटन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध-संघमित्रा जीएम की पत्नी और अपराजिता महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती विभानाथ मौजुद थी।निदेशक धनुज कुमार ने सभी अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया।जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर एवं नारियूल फोड़कर इसका उद्घाटन किया।इस मौके पर सभी लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



महिला समिति की अध्यक्ष विभानाथ ने कहा कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह का मॉल खुलने से स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिलेगा।पहले यहां के लोग रांची सहित अन्य जिलों में जाकर मार्केटिंग करते थे लेकिन अब पिपरवार के बचरा इलाके मे ही यह सुविधा लोगों को मिलेगी।वही निदेशक धनुज कुमार ने बताया कि मॉल मे सभी प्रकार के खादय सामाग्री उपलब्ध रहेगा।उन्होंने कहा कि मॉल मे ग्राहको को कई ऑफर भी दिया जा हा है।उन्होंने क्षेत्र के लोगो से मॉल आकर ऑफ़र का लाभ उठाने की अपील की है।इस मौके पर विभानाथ,ममता सत्यानारायण,हसबुन निशा, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी,गीता एक्का,पिंकी सिंह, अब्दुल कुदूस,अभय सिंह, रामू गोप,निर्मल सिंह,उमेश सिंह,सुजीत सिंह,टीडी सिंह, भोला मियां,अशोक सिंह, सरयु प्रसाद,रविन्द्र सिंह, अमन मेहरा,नागेन्द्र गुप्ता, मन्टु यादव शाहिद काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक ने किया खेल सामग्री का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** खेलो सिल्ली अभियान के तहत सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार को प्रखंड के 16 पंचायत के कुल 240 बालक एवं 30 बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल खेल सामग्री के वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सुदेश कुमार महतो, जिला खेल पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बीडीओ रेणु बाला,



पुर्व उप प्रमुख शिला साहू समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। जिसमें बुट जुता, मोज़ा, जर्सी, गार्ड आदि सामग्री शामिल है।

विधायक सुरेश कुमार महतो ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल या शिक्षा के क्षेत्र में आप सभी परिश्रम और मेहनत करो, प्लेटफार्म देना मेरा काम है। ग्रामीण क्षेत्र की खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने तथा एक प्लेटफार्म तैयार कर उन्हें राज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों बनाना इसके लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि बेहतर शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को खेल में बेहतर प्लेटफार्म दे सके जिससे वह खेल के माध्यम से भी अपना करियर बना सके।

# सिङबोंगा की स्तुति से बढ़ता है प्रेम और भाईचारा : धर्मगुरु बगरय मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** रनिया के बनई में रविवार को सरना धर्म सोतो- समिति का 19वां शाखा स्थापित कर सरना स्थल संस्कार किया गया. इस अवसर पर सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई. भाजु मुंडा, मोनिका हेंबरोम व झिरगा कंडुलना की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है.

उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब



बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है. इस अवसर पर सरना धर्म सोतो- समिति के सचिव बिरसा कंडीर ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है. वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे. आज हम उसी धर्म-संस्कृति व जल-जंगल-जमीन की संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं. अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए. इस कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, जेना तोपनो, बिरसा कंडुलना, मसीह गुड़िया, सुशीला कंडुलना, जयमंगल गुड़िया, डाहरु पहान, बिरसा गुड़िया, बिरसा तोपनो, सुरेश कोनगाड़ी, लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, दलार मुंडा, करमु हेंबरोम, रोहित तानी, सुनिल गुड़िया, आदि ने विचार व्यक्त किए. इसमें तोरपा, तपकारा, रनिया, कमडारा, खूंटी, मुरहू, बंदगांव, गुमला, अड़की इत्यादि जगहों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

# अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के सदर बने आशिक अंसारी व सेक्रेटरी गुलाम-ए-मुस्तफा

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन टांगर में अंजुमन इस्लामिया के चुनाव में सदर पद पर युवा उम्मीदवार आशिक अंसारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी हसबुल अंसारी को 85 मतों से हराया। रविवार को दिनभर चली गहमागहमी के बाद घोषित नतीजों में अंजुमन के एक और खास ओहदे पर सेकेट्री के निर्वाचन में गुलाम -ए- मुस्तफा अपने प्रतिद्वंद्वी उस्मान अंसारी को 71 वोट से शिकस्त देकर अपना पद को कायम रखा। गुलामे मुस्तफा लगभग दस वर्षो से अंजुमन के सेक्रेटरी के पद पर रहकर अपने समाज का सेवा करते आ रहे हैं। वंही खजांची पद पर सहबान अंसारी अपने प्रतिद्वंदी रफीक अंसारी को 102 वोटों से शिकस्त देकर जीत हासिल किया। सुबह सात बजे से सदर, सेक्रेटरीऔर



खजांची के पदों के लिए हुई मतदान प्रक्रिया में तय समय दोपहर 2~30 बजे तक 381में से 303वोट डाले गए। इसके उपरांत गणना में 303 सही पाए गए, जबकि 15वोट निरस्त हुए। । निर्वाचन की घोषणा उपरांत चुनाव के निगरानी कमेटी के द्वारा सर्टिफिकेट देख कर विजेताओं को अपने समाज के प्रति निस्वार्थ भाव से अंजुमन का काम करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस बीच निगरानी कमेटी के मेंबर महबूब आलम इमरान अंसारी सकील अंसारी इमरान आलम जमाल अंसारी अनिसुर रहमान इमामुद्दीन अंसारी तौफीक अंसारी सद्दाम हुसैन रिजवान अंसारी हाजी असरफ अंसारी हाजी अहसान अंसारी कालीमुल्लाह अंसारी जमसाद अंसारी इम्तियाज अंसारी तफज्जुल अंसारी फरीद अंसारी आफताब अंसारी परवेज अंसारी समशेर अंसारी जैनुल अंसारी सनाउल्लाह अंसारी और सैकड़ों गांव के लोग मौजूद थे।

## सांसद जयंत सिन्हा को पुरस्कार मिलने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ सांसद और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को पांच वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संसद महारत्न पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।सांसद जयंत सिन्हा को 17 फरवरी को नई दिल्ली में इस पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।सांसद जयंत सिन्हा को पुरुस्कार मिलने पर पिपरवार क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विधायक प्रतिनिधि विजय लाल,महेश प्रसाद,दिलिप अम्बष्ट,सुदामा करमाली, प्रवीण दराद,राजेन्द्र प्रसाद,मंगल साव,संतोष गिरी,संजय दुबे,लक्ष्मण मंडल,मुकेश राणा,मुंशी महतो,मनीलाल महतो, देवनाथ महतो,मुन्ना यादव, ललन करमाली सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## पिपरवार के इस्लाम अंसारी को बनाया गया मोमिन कॉन्फ्रेंस का प्रदेश महासचिव

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी को झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस की प्रदेश कमेटी मे प्रदेश महासचिव बनाया गया है।जानकारी के अनुसार रविवार को मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रदेश कमेटी की घोषणा की गई,जिसमे आबिद अली को पुनः प्रदेश अध्यक्ष और इस्लाम अंसारी को प्रदेश महासचिव बनाया गया है।इधर प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर इस्लाम अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली एवं पूरे प्रदेश पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और



शुभकामना दिया है।साथ ही कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हे दी गई है उसे वह पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का काम करेंगे।इधर इस्लाम अंसारी को प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर पिपरवार क्षेत्र के कई लोगो ने उन्हे बधाई दी है।बधाई देने वालो मे अब्दुल कुदूस,कयूम अंसारी,मोहम्मद ताज, आशिक अली,शेख इरफान, रियासत अंसारी,कुदूस खान,मुस्तकीम अंसारी, इदरीश अंसारी,शकील अंसारी,जावेद इस्लाम सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## विद्यालय का ताला तोड़कर 42 बोरी चावल की हुई चोरी

**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो थाना क्षेत्र के सोंस पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोंस में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों द्वारा भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम के लिए रखा हुआ 42 बोरी चावल तथा 4 गैस सिलेंडर चोरी कर लिया गया। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा मिलने के उपरांत विधायक घटना स्थल पर पहुंची, घटना वारदात स्थल का निरीक्षण किया। इस घटना को लेकर चान्हो थाना प्रभारी से बात की। विधायक ने मीडिया के माध्यम से लोगो बतलाना चाहा कि जहाँ चोरी की घटना हुई उस स्थल से निशान द्वारा चोरो की पुस्टि जल्द कर ली जायेगी।

## कोंचो पहाड़ में महा शिवरात्रि के आयोजन को लेकर बैठक संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कोंचो गांव के कोंचो पहाड़ के समीप रविवार को कोंचो पहाड़ शिवरात्रि पुजा समिति कोचों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार महतो ने की। बैठक में पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के आयोजन पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये एवं पुजा समिति का पुनर्गठन किया गया । जिसमें अजय कुमार महतो को संरक्षक, त्रिलोचन महतो (अजय) को अध्यक्ष, राकेश कुमार महतो को उपाध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह को सचिव, भुपेश चंद्र महतो को सह सचिव, बबलु कुमार महतो को कोषाध्यक्ष, इसके अलावे रास रंजन महतो, कीनू राम महतो, पतित महतो, जतित महतो, पतित पवन महतो, अनुप महतो एवं जनक महतो को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

## मुरी पुलिस एलेवन व मिडिया इलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी हिंडालको मैदान में हिंडालको प्रबंधन की ओर से हिंडालको कंपनी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में हिंडालको मैदान में मुरी पुलिस एलेवन एवं मीडिया एलेवन के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया एलेवन को 125 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरे मुरी पुलिस ने निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट खोकर 190 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वही जवाबी पारी खेलने उतरे मीडिया एलेवन के टीम केवल 65 ही बना पाई। एच आर हेड अरुण कुमार रॉय ने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से सभी खिलाड़ियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुरी ओपी प्रभारी विपुल कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी लालजी, आशीष रंजन, अजय कुमार, मुन्ना प्रसाद , अनिल कुमार ,भरत सिंह, विष्णु चरण गिरी, कमलेश महतो, जनक महतो,अनूप महतो, , कमलेश दुबे, रमाकांत विश्वकर्मा, विजय नंदन प्रसाद, दिनेश बनर्जी, परवींदर पांडे,प्रदीप दास गुड्डू , विनोद बनर्जी, संदीप पाठक अशोक महतो,अनुप महतो,रवि महतो समेत मीडिया कर्मी एवं हिंडालको कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड के प्रमुखों ने उप विकास आयुक्त से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम सहित अन्य प्रखण्ड के सभी प्रखण्ड प्रमुख उप विकास आयुक्त से मुलाकात कर अबुआ आवास योजना की सूचि में अनियमितता होने संबंधी जानकारी दिए। कहा की ग्राम सभा के द्वारा चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर पहले आवास देने की पहल की जाए। विकास आयुक्त ने अश्वासन देते हुए कहा कि योग्य लाभुक को ही अबुआ आवास दिया जाएगा। किसी भी लाभुक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस संबंध में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दे दिया गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, नामकुम की प्रमुख आशा कच्छप, अनगड़ा से दीपा उरांव, रातू से संगीता तिर्की, नगड़ी से मधुवा कच्छप, बुंडू से राजकुमार विंझिया, राहे से नीलमणि देवी, सोनाहातू से विक्टोरिया देवी, मांडर से फिलिप सहाय एक्का, खलारी से सोनी तिग्गा, बेड़ो से विनीता कच्छप एवं ओरमांझी से अनुराधा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जेल अदालत में चार मामलों पर हुआ विचार




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा, रांची के निर्देशानुसार रविवार को मंडल कारा सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला द्वारा फरवरी महीने के मासिक जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में कई बंदियों द्वारा दिए गए आवेदन में से 04 मामलों पर विचार किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कवितांजली टोप्पो, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव अनामिका किस्कु, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी सुशील कुमार पिंगुआ, पब्लिक प्रोसिक्यूटर, कारागार कर्मी, न्यायालय कर्मी और सुधारगृह के बंदी उपस्थित थे।

## शक्ति वंदन अभियान के तहत जगन्नाथपुर में शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जगन्नाथपुर विधानसभा की संयोजक पुतुल पूर्ति ने जगन्नाथपुर मुख्यालय के जगन्नाथपुर,नायक टोला,उरांवसाई,डीपासाई व पुरना स्टेट बैंक स्थित शक्ति वंदन अभियान के तहत महिला समूह के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगन्नाथपुर की संयोजक पुतुल पूर्ति ने महिलाओं को अपने संबोधन में कहा की भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज के उस वर्ग तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है, जो सामाजिक कार्यो से जुड़कर लोगों की सहायता कर रहे हैं । अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। मौके पर सुलेखा देवी, पद्मावती देवी, ममता देवी ,सरदा दास, गीता देवी ,तपास्वनी देवी,सुशिला देवी,चम्पा देवी ,उमिला कुजुर,कविता कुमारी,बुनी कुमारी सहित काफी संख्या में महिला समूह उपस्थित थी।

## धूमधाम से मनाया गया इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीवा रेड्डी का जन्मदिन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी संजीवा रेड्डी का जन्मदिन हैदराबाद स्थित ओस्मानिया मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश से राष्ट्रीय महिला इंटक की अध्यक्ष देविका सिंह और कोषाध्यक्ष रिंकू रॉय सम्मिलित हुई। उन्होंने श्री रेड्डी को जन्मदिन पर शाल तथा उपहार भेंट देकर बधाई देते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंटक के महासचिव संजय सिंह के अलावा प्रदेश अध्यक्ष व कर्नाटक, तेलांगना के राष्ट्रीय महिला इंटक के सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर श्री रेड्डी ने कहा कि इंटक देश का सबसे बड़ा ट्रेड यूनियन है और यह हमेशा मजदूरों के हितों के लिए लड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को मजदूरों के लिए बेहतर वेतन, काम करने की बेहतर स्थिति और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## 14 बालकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लावा गांव में रविवार को पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी वैष्णव बैरागी समिति पटमदा-बोड़ाम प्रखंड कमेटी की ओर से सामाजिक सम्मेलन आयोजित की गई। इस दौरान पटमदा, बोड़ाम, चांडिल व जमशेदपुर के अलावे पश्चिम बंगाल व ओड़िसा के विभिन्न जगहों से आए 14 वैष्णव बालकों का सामूहिक उपनयन संस्कार किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भिक्षादान करते हुए भोजन किया। इसमें लावा गांव के मंडली की ओर से हरिनाम संकीर्तन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के बृंदावन दास, अश्विनी दास, अर्जुन दास, रामकृष्ण दास, उज्ज्वल कांति दास, ननीगोपाल दास, गोपी दास, सुकुमार दास, विश्वामित्र दास, गोपाल दास आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, अन्य अतिथियों में चित्तरंजन दास, नेपाल दास, अंजलि दास, शक्तिपद दास, भावनिधि दास, हरिहर दास, निकुंज दास, कौशिक दास, उमापद दास, वीरेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष कर्मकार, ईशान चंद्र गोप, महाबीर मुर्मू , करण वीर कालिंदी आदि मौजूद थे।

## हिंदू जागरण मंच ने ममता बनर्जी का पुतला दहन किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष बलबीर मंडल के नेतृत्व में हिंदुवादी नेताओं ने जमशेदपुर के साकची गोलचक्कर के समक्ष पश्चिम बंगाल सरकार की मुस्लिम तुष्टिकरण नीति की आलोचना करते हुए विरोध जाहिर किया और पुतला दहन किया. मौके पर हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष बलबीर मंडल ने कहा कि हिंदू महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रहस्यमयी चुप्पी उनके तुष्टिकरण नीति को उजागर करती है. जिस तरीके से संदेशखाली का पार्षद शाहजहां शेख और उसके गुंडों ने वहां की महिलाओं पर जिस तरह से अत्याचार किया है, वह अत्यंत निंदनीय और अक्षम्य है. मौके पर विशेष रूप से हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष बलबीर मंडल, सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह, भाजपा नेता शैलेंद्र राय, हलधर नारायण शाह, हरीकिशोर, विजय तिवारी, संतोष सिंह, अमर सिंह, रंजीत सिंह, नितिन चंद्र त्रिवेदी, कुमार अभिषेक, गणेश दुबे, किरण चौहान सहित अन्य मौजूद थे.

## पटमदा अंचल इंस्पेक्टर के रुप में कौशेलन्द्र कुमार ने दिया योगदान

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा अंचल इंस्पेक्टर के रूप में कौशेलन्द्र कुमार ने शुक्रवार की देर शाम योगदान दिया है। वे निवर्तमान इंस्पेक्टर हिरालाल महतो से प्रभार ग्रहण किया है। नए इंस्पेक्टर ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल, अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना, लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करना एवं आम जनता की समस्याओं को सही ढंग से निराकरण करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने थाना क्षेत्रों में शांति बनाये रखने के लिए क्षेत्र के लोगों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने अपील की है। नए इंस्पेक्टर कौशेलन्द्र कुमार पूर्वी सिंहभूम जिला में पहली बार योगदान दिए हैं। इसके पहले वे रांची के स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित थे। वे वर्ष 1999 में सबइंस्पेक्टर और 2019 में इंस्पेक्टर बने है।



### टाटा स्टील यूआईएसएल के सीजन के आखरी जैम@स्ट्रीट में करीब 25,000 ने हिस्सा लिया

# सीजन का आखिरी जैम@स्ट्रीट मतदान जागरुकता पर था केंद्रित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन ने कदमा (कदमा गणेश पूजा गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर) में सीजन के आखिरी जैम@स्ट्रीट कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें 25,000 से अधिक लोगों की उत्साही भीड़ शामिल हुई । इस कार्यक्रम का फोकस आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान जागरूकता पर केंद्रित था, जिसमें यूथ चलें बूथ थीम पर विशेष जोर दिया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, मतदान जागरूकता से सम्बंधित सेल्फी कॉर्नर, सड़क पर रंगोली बनाना और बहुत कुछ सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की। इस कार्यक्रम में मनीष कुमार, डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम, पीयूष सिन्हा, एसडीओ और टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन, चाणक्य चौधरी जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । डीडीसी, पूर्वी सिंहभूम और एसडीओ ने मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, साथ ही गुब्बारा उड़ाकर मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संदेश भी दिया । इसके साथ साथ विभिन्न आयोजनों से सड़कें ऊर्जा से भर गई थी, जिसमें जुम्बा, बास्केटबॉल, गोल्फ पुटिंग, घुड़सवारी, लाइव बैंड प्रदर्शन, शतरंज, स्केटिंग, कॉस्मिक योग, कराओके प्रदर्शन और बहुत कुछ जैसे विविध कार्यक्रम शामिल है । विशेष आकर्षणों में गतका (स्थानीय मार्शल आर्ट), शतरंज, सेल्फी कॉर्नर, मिश्रित मार्शल आर्ट, साइकिलिंग, अतिरिक्त प्रदर्शन करने वाले कलाकार और खाद्य स्टॉल शामिल थे, जो इस कार्यक्रम में एक अनूठा स्वाद जोड़ते हैं। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामुदायिक भावना, मौज-मस्ती और साझा अनुभवों का सच्चा उत्सव बन गया । साथ ही आगामी विंटेज कार रैली कार्यक्रम के सेल्फी कार्नर भी लगे हुए थे जिसका लोगो ने भरपूर आनंद उठाया । टाटा स्टील यूआईएसएल इस जैम@स्ट्रीट को एक यादगार और सफल उत्सव बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रायोजकों और योगदानकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है ।

## ईचागढ़ प्रखंड में चार करोड़ की लागत से बनाया जाएगा सड़क : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चन्दनडीह पीडब्ल्यूडी सड़क से काटघोड़ा तक सड़क का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। वहीं विधायक सविता महतो व सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव का लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। विधायक ने बताया कि चन्दनडीह से काटघोड़ा तक करीब 4 किलोमीटर सड़क का पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा आनलाइन शिलान्यास किया गया था,जिसका आज विधिवत भूमि पूजन कर शिलापट्ट अनावरण किया गया। उन्होंने कहा कि करीब 4 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों का वर्षों से इस सड़क निर्माण का मांग किया जा रहा था। सड़क बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव,अभय यादव, भूषण चन्द्र मुर्मू, अनिल सिंह, मनोरंजन महतो,रंजीत टुडु, छुटु घोष,राजेन सिंह मुण्डा, अघोर महतो, लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## ज्ञान व्यापी मस्जिद को लेकर लोगों में नाराजगी, मानगो के गांधी मैदान में इंसाफ महासभा 23 को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ज्ञान व्यापी मस्जिद, उत्तराखंड की हल्द्वानी का मामला और मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी के मुद्दों को लेकर तंजीम अहले सुन्नत और ऑल इंडिया माइनॉरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट 23 फरवरी को मानगो के गांधी मैदान में इंसाफ महासभा आयोजित करेगा। इंसाफ महासभा की शुरुआत शाम 4:00 बजे होगी। इसकी तैयारी को लेकर मानगो में एक बैठक की गई। ऑल इंडिया माइनॉरिटी सोशल वेलफेयर फ्रंट के महासचिव बाबर खान ने कहा कि सीएए को जबरन लागू करवाने की बात हो रही है। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी आबादी के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि इंसाफ महासभा राइट टू प्रोटेस्ट के तहत शांतिप्रिय ढंग से आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेने वाले लोग जुलूस की शक्ल में नहीं आएंगे। प्रदर्शन में सभी लोग हाथों में भारत का तिरंगा झंडा लेकर आएंगे। किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ नारेबाजी नहीं होगी। ना ही किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी होगी। इंसाफ महासभा की निगरानी के लिए 200 वालंटियर तैयार किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। बैठक में बाबर खान के अलावा मुफ्ती जियाउल मुस्तफा मिस्बाही, मुफ्ती असलम रब्बानी, इमाम मौलाना शमशाद कादरी, मुनव्वर हुसैन, मोहम्मद बिलाल, मौलाना शाहिद मिस्बाही, इमाम हारून रशीद, इमाम अब्दुल मलिक मिस्बाही, मोहम्मद वसीमउल्लाह समेत अन्य कई मस्जिदों के पेश इमाम और मदरसों के प्रधान अध्यापक व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## करीम सिटी कॉलेज में शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन, शामिल हुए डॉ. जावेद अख्तर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज में आज एक शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जावेद अख्तर (इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर, सीनियर लेक्चरर, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी, लंदन), सम्मानित अतिथि डॉ. मोहम्मद जकरिया (सचिव गवर्निंग बॉडी, करीम सिटी कॉलेज) और डॉ. मोहम्मद सलीम (अध्यक्ष, कबीर वेलफेयर ट्रस्ट, मानगो) थे। कार्यक्रम की शुरुआत अब्दुल्ला (शाहीन अकादमी के छात्र) द्वारा तिलावत ए कुरान से हुई। डॉ. याहिया इब्राहीम ने अतिथियों का स्वागत से किया। सम्मेलन की शुरुआत डॉ. मोहम्मद वाजिद अख्तर के भाषण से हुई। इसके बाद डॉ. जावेद अख्तर का प्रेरक भाषण हुआ। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पिछड़ेपन के बारे में बात की और अंग्रेजों का भारतीयों के प्रति जो रवैया था, उसे उद्धृत करते हुए कहा, अगर इस समय मुसलमान खुद को इस्लाम का सच्चा अनुयायी बनाते हैं, तो हर कोई उन्हें पसंद करेगा। कार्यक्रम को मोहम्मद अशरफ अंसारी (अध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन), डॉ.एम.डी. वाजिद अख्तर (उपाध्यक्ष, ब्रिटिश इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन), डॉ. शारिक अंसार (निदेशक, शाहीन अकादमी, जमशेदपुर) और अयाज़ अहमद (उपाध्यक्ष, पहचान फाउंडेशन, जमशेदपुर) ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मोहम्मद अशरफ अंसारी ने प्रस्तुति के जरिए से छात्रों के लिए विभिन्न योजनाओं और छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी। अंसार आलम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## मायुमं सुरभि शाखा 11 जरूरतमंद हिन्दु कन्याओं का करायेगा सामूहिक विवाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आगामी 3 मार्च रविवार को जरूरतमंद 11 हिन्दु कन्याओं का निःशुल्क सामूहिक विवाह कराया जायेगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में रविवार को सुरभि शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, सचिव कविता अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जरूरतमंद शादी योग्य हिन्दु कन्या के परिजन/अभिभावक संस्था के पदाधिकारियों से विशेषकर इस कार्यक्रम की से संयोंजिकाओं से संपर्क कर सकते हैं। सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तीन संयोंजिका क्रमशः ममता अग्रवाल (7717704436), रेनु अग्रवाल (8340493284) तथा बिंदिया नरेड़ी (9142658457) हैं। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह हेतु कन्या के अभिभावकों को जोड़ा तय करना हैं। जोड़ा की खोज संस्था के लोग नही करेंगें। सरकारी नियमानुसार लड़के की आयु 21 वर्ष व लड़की की 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। वैवाहिक कार्यक्रम के आयोजन पर सुरभि शाखा द्वारा समाज के गणमान्य लोगों के सहयोग से खर्च करने की व्यवस्था बनाई गई है।

## मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना जागरुकता रथ को झंडी दिखा उपायुक्त ने किया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में जाकर आम लोगों को उक्त योजना के संबंध जागरूक करने का कार्य करेगी। राज्य सरकार द्वारा जारी इस योजना के तहत 50 वर्ष उम्र के सभी वर्ग की महिला तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति समुदाय के 50 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुष इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभुक को प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन दिया जाएगा। सुयोग्य लाभुकों को चिन्हित कर लाभ प्रदान करने हेतू 20, 21 एवं 22 फ़रवरी को जिले के सभी प्रखंड के सभी पंचायतों तथा नगर निकाय क्षेत्र के सभी वार्डो मे विशेष शिविर आयोजित किया जायेगा। लाभुक को आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा 50 वर्ष के एसटी एवं एससी पुरुष आवेदकों को जाति प्रमाणपत्र की छायाप्रति जमा करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी को आवेदन जमा करना है। इस अवसर पर सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा कोषांग अनिल टुडू, सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय एवं अन्य उपस्थित रहे।

## कमलपुर मंडल में भाजपाइयों ने चलाया गांव चलो अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** भाजपा कमलपुर मंडल अंतर्गत महलीपाड़ा, कमलपुर एवं तिलाबनी गांव में रविवार को भाजपाइयों ने गांव चलो अभियान चलाया। अभियान के संयोजक मुचीराम बाउरी के नेतृत्व में जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बूथ संख्या क्रमशः 65, 66 व 67 में डोर टू डोर अभियान चलाते हुए केंद्रीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष प्रधान चंद्र महतो, मंडल महामंत्री सुखेन महतो एवं मंडल के पदाधिकारी के साथ बूथ के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## जेईई मेंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कुम्भकार समाज ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जेईई मेंस परीक्षा में बड़ा गम्हरिया के दो बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उक्त परीक्षा में बड़ा गम्हरिया बस्ती निवासी शुभम पाल ने 99.2 पार्सेंटाइल तथा स्नेहा दास ने 94.25 पार्सेंटाइल अंक हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर जहां परिजनों में हर्ष व्याप्त है वहीं कुम्भकार समाज के अध्यक्ष मनोरंजन बेज तथा महासचिव बंकिम चौधरी द्वारा दोनो बच्चों को उनके सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए गुलदस्ता प्रदान कर सम्मानित किया गया और उनका मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान सीताराम बेज, भैरव प्रमांणिक, त्रिलोचन पाल, अशोक दास, विनांद दास, अजय दास, कृष्ण दास, भीम दास, शंकर दास आदि भी शामिल थे।

## मतिरामडीह मंगल चंडी आश्रम में तीन दिवसीय यज्ञानुष्ठान संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के रसिकनगर सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के मतिरामडीह स्थित श्री श्री मां मंगल चंडी आश्रम में शुक्रवार को शुरू हुआ यज्ञानुष्ठान रविवार को संपन्न हुआ। इसमें दोनों ही राज्यों के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस संबंध में आश्रम के संचालक सह मातृसेवक पूर्णानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि परम करुणामई मां के आशीर्वाद से यह आयोजन भक्तों के सहयोग से किया गया है। शुक्र, शनि एवं रविवार को श्री श्री दुर्गा सप्तशति चंडी पाठ यज्ञानुष्ठान का आयोजन के साथ ही रविवार को ही पूर्णाहुति तथा प्रसाद वितरण कार्यक्रम हुआ। सोमवार को यज्ञानुष्ठान का समापन एवं शांतिजल का वितरण होगा।

## मनुष्य अपने दुखों से कम और दूसरों के सुख से ज्यादा दुःखी हैं : विवेक महाराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भुइयाडीह स्लैग रोड़ स्थित नीतिबाग कॉलोनी (डीएभी स्कूल के पास) में चल रहे अष्टम सात दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को चित्रकुट से आये कथावाचक आचार्य बालव्यास पंडित विवेक महाराज ने भागवत मंगलाचरण, भीष्म स्तुति, कुन्ती स्तुति, परीक्षित जन्म व श्राप लगने की कथा का विस्तार से श्रवण कराते हुए कहा कि आज का मनुष्य अपने दुखों से दुखी नहीं है। वह अपने निकटवर्ती के सुख से दुखी हैं। क्योंकि अहमता और ममता ही बंधन का कारण है। श्री हरि गोबिन्द सेवा समिति और जेके पांडा इकोसिटी, गालुडीह द्वारा आयोजित कथा के दौरान दोपहर में 1 से शाम 4 बजे तक महाराज ने भीष्म स्तुति को सुनाते हुए कहा कि 18 दिन भीष्म पितामह बाणों की शैय्या पर पड़े रहे क्योंकि करतम् सौ भोगतम् अर्थात जो जैसा करेगा उसे फल भी वैसा मिलेगा। मनुष्य इस मृत्युलोक में आकर श्रेष्ठ कर्मों के माध्यम से अपने जीवन को मंगलमय बना लेता है। जो उसका मंगलाचरण बन जाता है। महर्षि वेदव्यास ने श्रीमद्भागवत के मंगलाचरण में सत्य की वंदना की है। महर्षि वेदव्यास ने जगत को उपदेश करते हुए कहा कि सारा जगत स्वप्न के समान है। जिस प्रकार नेत्र खुलते ही स्वप्न टूट जाता है उसी प्रकार इस जगत का स्वप्न नेत्र बंद होते ही टूट जाता है। क्योंकि ये मनुष्य तन पंचायती धर्मशाला है। जो पांच तत्वों द्वारा रचित हैं। जिस दिन किराया पूरा हुआ उसी दिन खाली करके जाना पड़ेगा। इसलिए हम इसके मालिक नहीं है मालिक केवल श्रीहरि है। कथा के माध्यम से आचार्य ने बताया कि मानव मात्र के लिए धर्म क्या है। मानव मात्र का केवल और केवल एक ही धर्म है भक्ति के द्वारा श्री बांके बिहारी जी की शरण में स्थान पाना। जितने भी शस्त्र हैं, पुराण हैं, गीता हैं, ये सब एक ही वाणी बोलते हैं कि जीव का इस जगत में एक ध्येय है भगवान की प्राप्ति। यही धर्म है यही मोक्ष है। कथा के दौरान राधे-राधे के उद्घोष से माहौल भक्ति के रस में डूब गया। इस कथा का सीधा प्रसारण वैदिक चेनल तथा आस्था चेनल पर भी हुआ, जो 23 फरवरी तक रोजाना होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोविन्द राम सरोज, श्रीराम सरोज, हरिओम सरोज, नंद जी सिंह, दिलीप सिंह, रवि सिंह आदि भक्तगण उपस्थित थे।

संपादकीय

## हिमाचल से राज्यसभा

**राज्यसभा** में कांग्रेस के कंधे मजबूत कर रहा हिमाचल अपने लिए एक वकील भी चुन रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय मंच से इस बार राज्यसभा की पैरवी में, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने को तैयार हैं। हिमाचल में सत्ता के लाव लश्कर पहले ही आलाकमान की खुशामद में राज्यसभा के दरवाजे ढूंढ रहे थे और अंततः एक नाम मिल गया, मनु सिंघवी। इसमें दो राय नहीं कि सिंघवी के जरिए कांग्रेस का राज्यसभा में रुतबा और बहस का जज्बा परिलक्षित होगा। सिंघवी की पैरवी में कांग्रेस की अदालती पहुंच व तकरीर बढ़ जाती है। कई कारण रहे होंगे जिनके तहत यह केंद्रीय नेता हिमाचल की सीट पर अधिकार पा रहा है, लेकिन प्रदेश की संभावनाओं में राज्यसभा का कद असमंजस में रहा है। हालांकि हिमाचल से राज्यसभा गए नेता भी कुछ खास नहीं कर पाए। वर्षों तक राज्यसभा में रहे विप्लव ठाकुर व आनंद शर्मा प्रदेश की सियासत में कांग्रेस का परचम ऊंचा नहीं कर पाए और इसी तरह प्रो. सिकंदर भी एक आजमाइश की तरह दिखाई देते हैं। यह दीगर है कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली में राज्यसभा की पुकार सुन रहे थे। आशा कुमारी, ठाकुर कौल सिंह, राम लाल ठाकुर के अलावा कई अन्य चेहरे भी इस उम्मीद में थे कि किसी तरह राज्यसभा का रास्ता अख्तियार करें, लेकिन राजनीति की वर्तमान स्थिति में कांग्रेस का अपना रास्ता और अपना चुनाव है। यही चुनाव राज्यों में सत्ता की तलाश में कहीं अंगुली पकड़ता है, तो कहीं अंगुली मरोड़ता है। मनु सिंघवी के नाम पर लगी मोहर कम से कम यह तो साबित कर गई कि हिमाचली सत्ता की हर चाबी आलाकमान के पास है, वरना कई राज्यों के नेताओं की फितरत में पार्टी के वजूद को नुकसान हुआ है। कांग्रेस के राज्यसभा के टिकट इस बार शीर्ष तक को छांव दे रहे हैं, तो जमीन की पैमाइश अब लोकसभा चुनाव में नई परख के साथ होगी। राज्यसभा के उम्मीदवार को कांग्रेस के कुल चालीस वोट काम आएंगे, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव के लिए यह इश्तिहार कोई गारंटी नहीं। भले ही भाजपा अपने 25 विधायकों की शुमारी में हिमाचल विधानसभा का कमजोर पक्ष है, लेकिन चुनाव की परिपाटी में यह पार्टी चौबीस घंटे काम करती हुई दिखाई देती है। यही वजह है कि पार्टी अपनी भुजाओं पर उम्मीदवारी का दावा कर रही है। केंद्र की झोली में एक सांसद डाल कर सुक्खू सरकार की हैसियत में इजाफा लाजिमी है, लेकिन हिमाचल के मतदाता के समक्ष अब मुख्यमंत्री को अपना रुतबा दिखाना है। राजनीति के पंडित तो सत्ता के दम पर, हिमाचल के नतीजों में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की परीक्षा मान रहे हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव में पार्टी के संकल्प और संबोधन भी सुने जाएंगे। हिमाचल में चुनावी बाजी पलटने की प्रथा ने कांग्रेस को सत्ता और सत्ता को एक सांसद दे दिया। अब सरकार को लोकसभा के चार सांसद देने का रास्ता अख्तियार करना है। जो कल विधायक बने थे, उन्हें अब उसी भावना से सांसद के पक्ष में अपनी सफलता दोहरानी है। सरकार की मशीनरी और सरकार के फलक पर छाए मंत्री, कैबिनेट रैंक के नेता व संगठन की चमक से लोकसभा चुनाव की तस्वीर बनानी होगी। राज्यसभा के लिए हिमाचल की सत्ता के आंकड़े दुरुस्त हैं, लेकिन अब संगठन के साथ आंकड़े सही करने की शर्त है। क्या हिमाचल में सत्ता और संगठन एक व एकजुट हैं। क्या सरकार का गठन संतुलित है या संगठन की सक्रियता पारंगत है। जो भी हो, हिमाचल ने भले ही कांग्रेस आलाकमान को राज्यसभा का तमगा सौंपने का हक अदा कर दिया, लेकिन लोकसभा चुनाव बताएगा कि प्रदेश की नब्ज पर कांग्रेस का कितना हाथ है।

> कांग्रेस के राष्ट्रीय मंच से इस बार राज्यसभा की पैरवी में, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने को तैयार हैं। हिमाचल में सत्ता के लाव लश्कर पहले ही आलाकमान की खुशामद में राज्यसभा के दरवाजे ढूंढ रहे थे और अंतत : एक नाम मिल गया, मनु सिंघवी। इसमें दो राय नहीं कि सिंघवी के जरिए कांग्रेस का राज्यसभा में रुतबा और बहस का जज्बा परिलक्षित होगा। सिंघवी की पैरवी में कांग्रेस की अदालती पहुंच व तकरीर बढ़ जाती है। कई कारण रहे होंगे जिनके तहत यह केंद्रीय नेता हिमाचल की सीट पर अधिकार पा रहा है, लेकिन प्रदेश की संभावनाओं में राज्यसभा का कद असमंजस में रहा है। हालांकि हिमाचल से राज्यसभा गए नेता भी कुछ खास नहीं कर पाए। वर्षों तक राज्यसभा में रहे विप्लव ठाकुर व आनंद शर्मा प्रदेश की सियासत में कांग्रेस का परचम ऊंचा नहीं कर पाए और इसी तरह प्रो. सिकंदर भी एक आजमाइश की तरह दिखाई देते हैं। यह दीगर है कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली में राज्यसभा की पुकार सुन रहे थे। आशा कुमारी, ठाकुर कौल सिंह, राम लाल ठाकुर के अलावा कई अन्य चेहरे भी इस उम्मीद में थे कि किसी तरह राज्यसभा का रास्ता अख्तियार करें, लेकिन राजनीति की वर्तमान स्थिति में कांग्रेस का अपना रास्ता और अपना चुनाव है।

### चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकेंगे

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' बड़ा विचार-बड़ा सुधार

मुकुंद

**देश** में गंभीर तार्किक एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार दशकों से चर्चा के केंद्र में है। इसका मकसद भारतीय चुनाव चक्र की अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकना है। हालांकि वर्ष 1967 तक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के तहत देश में चुनाव हुए हैं, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्यों की विधानसभा और लोकसभा के बार-बार भंग होने के कारण यह सिलसिला थम गया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों मसलन आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के विधानसभा चुनाव अभी भी साथ होते हैं। आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा। चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। इसमें जरूरी यह है कि यदि इन्हें पहले भंग न किया जाए। मगर अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें विधानसभाएं पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलिए कार्यकाल पूरा होने से पहले केंद्र अथवा राज्य सरकार के गिरने की स्थिति में इस योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है। चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि इस बदलाव के लिए संविधान में संशोधन करने से न केवल विभिन्न स्थितियों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर विचार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव भविष्य में किसी प्रकार के संवैधानिक संशोधनों के लिए एक मिसाल भी साबित हो सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि बार-बार होने वाले चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज को बुलंद



करता है। केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। इसलिए वर्तमान ढांचा अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है। माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव के लिए लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंप चुका है। इसमें संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया जा चुका है। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी। यही नहीं, 15 वर्ष बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ ईवीएम और वीवीपीएटी की खरीद के लिए लगभग 9,284.15 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। मशीनों की भंडारण लागत में भी वृद्धि होगी। इस अवधारणा पर कुछ राजनीतिक दलों का तर्क है कि यह मतदाताओं के व्यवहार को इस तरह से प्रभावित कर सकता है कि मतदाता राज्य चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों को केंद्र में रखकर मतदान करेंगे। इससे बड़े राष्ट्रीय दल, राज्य विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं और इस तरह क्षेत्रीय दलों के हाशिये पर चले जाने की संभावना बढ़ जाएगी। यहां यह जानना जरूरी है कि कई देशों में इसी अवधारणा के तहत चुनाव होते हैं। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतों की विधानसभा के चुनाव पांच साल के लिए एक साथ होते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका और स्थानीय निकाय चुनाव चार साल के लिए एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं। लेकिन अधिकांश अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक साथ चुनाव की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता प्रदान करने के लिए निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान था कि पहला चुनाव सात मई, 2015 को और उसके बाद हर पांचवें वर्ष मई के पहले गुरुवार को होगा। देश में 'एक राष्ट्र एक चुनाव' वक्त की फौरी जरूरत है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को कम से कम इस मुद्दे पर विचार-विमर्श में सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार तो अपना धर्म निभा चुकी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। कोविन्द और समिति के सदस्यों एनके सिंह, डॉ. सुभाष कश्यप और संजय कोठारी ने कल (14 फरवरी, 2024) देश के कुछ प्रमुख अर्थशास्त्रियों से मुलाकात कर विचार-विमर्श किया। 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके सिंह और आईएमएफ के सिस्टमिक डिवीजन इश्यूज की प्रमुख डॉ. प्राची मिश्रा ने ₹मेक्रोइकोनॉमिक्स इम्पैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्ट्रोरल साइकल्स₹ शीर्षक से तैयार एक पेपर कुछ अरसा पहले इस समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया है कि खर्चों के अलावा, दोहराए जाने वाले खर्चों के व्यापक आर्थिक प्रभाव भी होते हैं। इनमें निवेशकों और अन्य सामाजिक हितधारकों के मन की अनिश्चितता के अलावा जीडीपी वृद्धि, निवेश, विस्तारित सार्वजनिक व्यय, राजकोषीय घाटा, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी निष्कर्ष और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे शामिल हैं। समिति ने इस पेपर पर प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों की प्रतिक्रिया जानने के लिए विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। इस मंथन में आर्थिक विकास संस्थान के निदेशक प्रो. चेतन घाटे, भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ. दीपक मिश्रा, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट रिसर्च की अनिवासी मानद प्रतिष्ठित फेलो प्रो. इंदिरा राजारमन, नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च की महानिदेशक डॉ. पूनम गुप्ता, एमेरिटस के अध्यक्ष और सेंटर फॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस के प्रतिष्ठित फेलो डॉ. राकेश मोहन, सीआईआई के नामित अध्यक्ष संजीव पुरी, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ. शमिका रवि और डॉ. सुरजीत एस. भल्ला, टाइम्स ऑफ इंडिया के संपादक सिद्धार्थ, इंडियन एक्सप्रेस के संपादक वैद्यनाथन अय्यर, सीआईआई के उप महानिदेशक मारुत सेन गुप्ता और सुश्री अमिता सरकार के अलावा सीआईआई के कार्यकारी निदेशक बिनॉय जॉब ने हिस्सा लिया।

> केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा।

दृष्टि कोण

## सधी हुई ऊर्जा कूटनीति, एलएनजी आयात समझौता शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार

**बढ़ते** पर्यावरणीय संकट के बीच वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है। अनुमान है कि देश में प्राथमिक ऊर्जा मांग 2050 तक दोगुनी हो जाएगी। भारत की मौजूदा आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत से अधिक है। आर्थिक तरक्की को गति देने और समावेशी विकास के लिए ऊर्जा की नई साझेदारियां विकसित करनी होंगी। इस दिशा में भारत ने कतर के साथ 20 साल के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के आयात का समझौता किया है। 78 अरब डॉलर का यह समझौता ऊर्जा आपूर्ति के लिए निर्णायक हो सकता है। भारत की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट लि. हर साल 75 लाख टन गैस खरीदेगी। प्राकृतिक गैस की मदद से देश में बिजली, उर्वरक और सीएनजी की उपलब्धता टिकाऊ होगी। देश में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए 35 हजार किलोमीटर लंबी 'वन नेशन-वन गैस ग्रिड' स्थापित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों तक पीएनजी और एलएनजी की उपलब्धता आसान बनाना है। हमारी ऊर्जा जरूरतों में अभी प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी छह



प्रतिशत है। इस दशक के अंत तक इसे 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। प्राकृतिक गैस शून्य कार्बन उत्सर्जन से जुड़े लक्ष्यों को पूरा करने में भी सहायक होगी। इस समझौते से वर्तमान भाव पर भारत को 0.8 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट की बचत होगी, जिससे 2048 तक देश को छह अरब डॉलर का लाभ होगा। साथ ही, भारत के एलएनजी आयात में कतर की हिस्सेदारी लगभग 35 प्रतिशत हो जाएगी। प्राकृतिक गैस आयात को लेकर इससे पहले दोनों देशों के बीच 1999 में समझौता हुआ था, जो 2028 में समाप्त होगा। अमेरिका के बाद कतर एलएनजी का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। कतर की सरकारी ऊर्जा कंपनी अपनी क्षमता को 2027 तक बढ़ाकर 12.6 टन सालाना करेगी। भारत और कतर गैस समझौता देश की सधी हुई ऊर्जा कूटनीति का परिणाम है। अभी हम अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत तेल आयात करते हैं। प्राकृतिक गैस के मामले में यह अनुपात लगभग 56 प्रतिशत है। तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों पर हमारी निर्भरता अधिक रही है। इससे हमें ओपेक की मनमानी का सामना करना पड़ता था। इसलिए पिछले वर्ष भारत ने सबसे अधिक कच्चे तेल की खरीदारी रूस से की। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले वर्ष देश ने रूस से प्रतिदिन 16.6 लाख बैरल कच्चे तेल की खरीदारी की है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत परिशोधित (रिफाइंड) पेट्रोलियम उत्पादों का न सिर्फ बड़ा केंद्र बना, बल्कि यूरोप को सस्ती दर पर परिशोधित पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात भी किया। इससे ऊर्जा क्षेत्र के बड़े बाजार में भारत की मौजूदगी बढ़ने से ओपेक की मनमानी घटेगी। पिछले दिनों गोवा में आयोजित ऊर्जा सप्ताह के दौरान भारत की ऊर्जा विविधिकरण को दुनिया ने देखा। इस दौरान भारत-कतर गैस समझौते के साथ ही भारतीय कंपनियों ने कई नवाचार पेश किए। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने मेक इन इंडिया के अंतर्गत स्वदेशी अल्कलाइन (क्षारीय) इलेक्ट्रोलाइजर पेश किया, जो दुनिया में सबसे सस्ता इलेक्ट्रोलाइजर है। भाभा परमाणु शोध संस्थान के सहयोग से इसका प्रोटोटाइप मॉडल तैयार कर लिया गया है। इस प्रौद्योगिकी से औद्योगिक पैमाने पर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन संभव है। भारत ने 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रखा है। ऊर्जा सप्ताह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ओएनजीसी द्वारा तैयार समुद्री सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन किया। समुद्र में तेल एवं गैस परियोजनाएं सबसे जटिल अवसंरचना होती हैं। तेल और गैस उत्खनन तथा परिशोधन के दौरान जोखिम अधिक होता है। यहां मानव निर्मित हादसों के अलावा मौसमी बदलाव का खतरा बना रहता है। ऐसे में मानव जनित तथा प्राकृतिक हादसों का प्रभाव कम करने के लिए ओएनजीसी ने समुद्री सर्वाइवल सेंटर स्थापित किया है। इससे तेल एवं गैस के उत्खनन में लगे मानव संसाधन को समुद्र में उच्च स्तरीय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह सर्वाइवल सेंटर हर साल 15 हजार लोगों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकता है।

कुछ अलग

## जीवन की दौड़

**कभी** ध्यान से सोचकर देखिए कि हमारा जीवन कैसा है। पैदा होना, स्कूल-कालेज जाना, जॉब में या बिजनेस में पड़ जाना, गृहस्थी जमाना, बच्चों की फिक्र करना, बूढ़े होना और और मर जाना! पर, क्या यही जीवन है? क्या यही होना चाहिए हमारा जीवन? साठ की उम्र पार कर चुके किसी व्यक्ति से पूछिए कि उन्होंने जीवन में क्या किया तो वो कुछ मिनट बोल कर चुप हो जाएंगे, इससे ज्यादा कुछ बता नहीं पाएंगे। इतना अर्थहीन है हमारा जीवन! हम जीवन की दौड़ में उलझे हुए हैं। हर तरफ भागमभाग है, चिंता है, ईर्ष्या है, क्रोध है, घृणा है, चुनौतियां हैं, समस्याएं हैं, अशांति है। सुख, चैन, शांति का अभाव है। अमीरी है, समृद्धि है, पैसा है, पर चैन नहीं है। कहीं न कहीं अधूरापन है, बेचैनी है और अशांति है। क्यों है ऐसा? अगर हम थोड़ा गहराई से देखें तो हमें एक ही व्यक्ति दुखी कर रहा है, और वो है हमारा पड़ोसी। हमारा वो पड़ोसी, वो दोस्त, वो जानकार, वो रिश्तेदार, या वो दुश्मन जो हमसे दो कदम आगे है, जिसका घर हमारे घर से बड़ा है, जिसकी गाड़ी हमारी गाड़ी से बड़ी है। हम उसके सुख से दुखी हैं। इस तुलना ने हमें दुखी कर रखा है। एक ज्यादा बड़ा घर या ज्यादा बड़ी गाड़ी लेने के लिए हम भागदौड़ में लगे हैं। खुद को दुखी किए जा रहे हैं, परेशान हुए जा रहे हैं। इस भागदौड़ में हम भूल गए हैं कि हमारे पास इतनी नेमतें हैं जिनका आनंद लें तो हमारा जीवन खुशियों से भर जाए। हमारे पास जो नेमतें हैं इनको पहचानें तो जीवन में ठंडी बयार हो, सुगंध हो, शांति हो, प्यार हो, सुख हो, चैन हो। पर हम तो तैयार ही नहीं अपने मन की जलन छोडने को। हमारे दुख का, बेचैनी का, अशांति का कारण इतना-सा ही है। मेरे एक मित्र सवेरे-सवेरे जॉगिंग किया करते थे। वे एक ही रूट पर चलते थे हमेशा। सालों से वे उसी सडक पर 5 मील की दौड़ लगाते थे और फिर वापस आ जाते थे। एक दिन मैंने उनसे उसी सडक के किनारे की एक बिल्डिंग के बारे में कुछ जानना चाहा तो पता चला कि उन्हें ये ही नहीं पता था कि ऐसी कोई बिल्डिंग रास्ते में है। वो बिल्डिंग एक बड़ा सरकारी आफिस था। वो कई सालों से उस सडक पर जॉगिंग कर रहे थे, पर इतनी फुर्सत नहीं थी कि सडक के किनारे के भवनों की कोई जानकारी ले सकें, रास्ते में पडने वाले बाग-बगीचों का आनंद ले सकें। बस दौड़ते जाना है और दौड़ते ही वापस आ जाना है। जीवन एक अर्थहीन दौड़ बनकर रह गया है हमारा। मेरे एक अन्य मित्र हैं जिन्होंने शेयर मार्केट में पैसा लगा रखा है। उन्होंने लाखों रुपए का निवेश किया है शेयर मार्केट में। शेयर मार्केट के उतार-चढ़ाव में एक बार तो ऐसा वक्त भी आया जब मार्केट इतनी गिरी कि उनके शेयरों की मार्केट वैल्यू उनके असल निवेश से भी कम हो गई। यह एक संयोग ही था कि उसी दिन मेरी उनसे बात भी हुई तो उन्होंने जो बात कही वो एक बहुत बड़ा सबक है। उन्होंने कहा कि शेयर मार्केट में आज उन्हें तगड़ा घाटा हुआ है। यहां वही जीत सकता है जिसमें सब्र हो, और ये कितनी अच्छी बात है कि शेयर मार्केट हमें सब्र करना सिखाती है। कितनी गहरी बात है ये! जिस व्यक्ति ने अपनी बचत का एक बड़ा हिस्सा शेयर मार्केट में लगाया था, आज उन्हें बड़ा घाटा हुआ था और वो बड़े इत्मीनान से कह रहे थे कि शेयर मार्केट आदमी को सब्र करना सिखाता है। हम सब चाहते हैं कि हम सुखी रहें, खुश रहें और शांतिपूर्ण जीवन बिता सकें, लेकिन हम अक्सर सुख और खुशी के अंतर को भूल जाते हैं और इसी कारण से जीवन भर अशांत रहते हैं। कोई व्यक्ति एक महल जैसे घर में एक बहुत नर्म मखमली बिस्तर पर आराम करते हुए भी दुखी हो सकता है और कोई दूसरा व्यक्ति किसी झोंपड़ी में बैठ कर भी आनंद के गीत गा रहा हो सकता है। पैसा सुख तो दे सकता है, लेकिन खुशी का स्रोत पैसा नहीं है।

देश दुनीया से

## एमएसपी गारंटी कानून की माँग आखिर कैसे किसान और देश के हित में नहीं है?

> दिल्ली की ओर बढ़ने के सफर में यह आंदोलनकारी जिस तरह अवरोधकों को तोड़ रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं उससे साफ प्रदर्शित हो रहा है कि ये आंदोलनकारी लोग किसान हैं ही नहीं। क्योंकि किसान कभी उपद्रव नहीं मचाता, किसान कभी पुलिस पर पत्थर नहीं मारता, किसान कभी बंदूक नहीं लहराता, किसान कभी लाठियां नहीं भांजता। जिस तरह से ये आंदोलनकारी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं वह यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि ऐन लोकसभा चुनावों के पहले यह आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में पहुँचने से रोकने के लिए ही खड़ा किया जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में भारत ने आरोप लगाया था कि कनाडा हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है।

**फसलों** का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानि एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाने की मांग को लेकर किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। दिल्ली की ओर बढ़ने के सफर में यह आंदोलनकारी जिस तरह अवरोधकों को तोड़ रहे हैं और उत्पात मचा रहे हैं उससे साफ प्रदर्शित हो रहा है कि ये आंदोलनकारी लोग किसान हैं ही नहीं। क्योंकि किसान कभी उपद्रव नहीं मचाता, किसान कभी पुलिस पर पत्थर नहीं मारता, किसान कभी बंदूक नहीं लहराता, किसान कभी लाठियां नहीं भांजता। जिस तरह से ये आंदोलनकारी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं वह यह भी प्रदर्शित कर रहा है कि ऐन लोकसभा चुनावों के पहले यह आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार सत्ता में पहुँचने से रोकने के लिए ही खड़ा किया जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि हाल ही में भारत ने आरोप लगाया था कि कनाडा हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। इसलिए प्रश्न उठता है कि कहीं कनाडा में सरकारी प्रोत्साहन पा रहे खालिस्तानी तत्वों द्वारा तो इस आंदोलन को हवा नहीं दी जा रही है? हम आपको बता दें कि किसानों का पिछला आंदोलन जहां मोदी सरकार के तीन कृषि कानूनों को रद्द करवाने के लिए था वहीं यह नया आंदोलन मोदी सरकार से एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए खड़ा किया जा रहा है। यहां सवाल उठता है कि यदि सरकार से कानून बनवाना था तो संसद सत्र के चलते समय क्यों नहीं सरकार से बात की गयी? अब जब 17वीं लोकसभा का कार्यकाल लगभग समाप्त हो चुका है तो सरकार कहां से कानून बना देगी? यहां सवाल यह भी उठता है कि क्या एमएसपी कानून बना देने से ही किसानों की सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी? अभी सरकार लगभग 22 फसलों का एमएसपी देती है। सवाल उठता है कि क्या यह सभी 22 फसलें किसान एमएसपी पर ही बेचते हैं? कई बार ऐसा होता होगा कि कई फसलें एमएसपी से भी कम या एमएसपी से ज्यादा दर पर बेची जाती होंगी। दरअसल फसलों के दाम बहुत हद तक हालात पर निर्भर करते हैं इसलिए एमएसपी घोषित होने के बावजूद उससे कम या ज्यादा दाम पर फसलें बेची जाती रही हैं। एमएसपी की मांग पर अड़े किसानों को यह भी देखना चाहिए कि मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में उनके लिए क्या किया है। कोरोना महामारी आई, कई देशों के युद्ध और संघर्ष के चलते वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई लेकिन देश में यूरिया के दाम नियंत्रण में रहे और किसानों की जेब पर बोझ नहीं पड़ने दिया गया। मोदी सरकार ने मिलेट्स को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने का अतिरिक्त प्रबंध भी किया। किसानों को समझना होगा कि एमएसपी से उनका वास्तविक भला नहीं होगा। उनका भला तब होगा जब उनकी कृषि लागत कम होगी और उनकी उपज बिना किसी बिचौलिये के मंडियों तक पहुँचेगी। किसानों का वास्तविक भला तब होगा जब वह स्टार्टअप के इस युग में अपने कृषि उत्पादों की मार्केटिंग करने का प्रयास करेंगे। किसानों को इस सबमें मदद के लिए सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ना कि सभी फसलों



के लिए एमएसपी गारंटी कानून जैसी अव्यवहारिक मांग करनी चाहिए। बहरहाल, किसानों को यह बात भी समझनी होगी कि सरकार यदि एमएसपी गारंटी कानून लाई तो हर साल उस पर 10 लाख करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। यह बोझ कितना बड़ा है इसे आसान शब्दों में समझाएं तो आपको बता दें कि यह लगभग उस व्यय (11.11 लाख करोड़ रुपये) के बराबर है जो सरकार ने हाल के अंतरिम बजट में बुनियादी ढांचे के लिए अलग से रखा है। सवाल यह भी है कि यह 10 लाख करोड़ रुपया कहां से आएगा? क्या सरकार बुनियादी ढांचे पर हो रहे खर्च में कटौती करे या रक्षा खर्च में कटौती करे या चिकित्सा अथवा शिक्षा क्षेत्र में हो रहे खर्च में कटौती करे या जनता पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नये टैक्स लगाये? इसमें कोई दो राय नहीं कि वैश्विक महामारी से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई, हर क्षेत्र पर महामारी का विपरीत असर पड़ा लेकिन अन्नदाता की बदौलत भारत बहुत जल्दी इस हालात से उबरने में सक्षम रहा। लेकिन अन्नदाता की जिम्मेदारी अभी खत्म नहीं हुई है, उसे यह सुनिश्चित करने के लिए देश के साथ खड़े रहना चाहिए कि देश का खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ाने या देश को वित्तीय आपदा में धकेलने के प्रयासों को विफल किया जाये। देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर बनाये रखने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी है।

आप का नजरीया

## विचारों से कर सकते अपने ऐक्शन कंट्रोल

**पिछले** दिनों मुंबई में दो घटनाएं ऐसी हुईं जिनमें विरोधी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर गोली चलाई। पहली वारदात में गोली खाने वाला बच गया, पर दूसरी में जिसे गोली लगी और जिसने मारी दोनों मारे गए। एक सुंदर मानव जीवन का ऐसा आकस्मिक अंत पूरे समाज में दुख और घबराहट फैलाता है। दुख इसलिए क्योंकि जीवन में कुछ भी हो जाए, कैसी भी हार मिले, कितनी भी निराशा आए, जीवन खत्म करने के लिए नहीं। जीवन तो हर विपरीत स्थिति में लड़ने के लिए है। ब्रह्मांड ने हमारा डिफॉल्ट सिस्टम ऐसा बनाया है कि हम हमेशा अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। हमारा प्रयास हमेशा खुद को तन से और मन से आराम में रखना होता है। आराम में रहने के लिए सुविधाएं चाहिए होती हैं, इसलिए हम पैसा कमाने के लिए नौकरी करते हैं या कोई दूसरा पेशा अपनाते हैं। राजनीति भी एक पेशा है। जैसे दूसरे पेशे में प्रतिद्वद्वी होते हैं, वैसे ही इस पेशे में भी हो सकते हैं। लेकिन प्रतिद्वंद्वियों को गोली थोड़ी मारी जाती है। अगर आप इस तरह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अपनी राह से हटाना चाहते हैं, तो आपके दिमाग में खोट है। आपके सोचने में खोट है। इस खोट को ठीक करने की जरूरत है। राजनीति में इधर नेताओं के बीच वैमनस्यता बहुत ज्यादा बढ़ रही है। एक समय था जब महात्मा गांधी जैसे लोग राजनीति में सर्वाधिक सक्रिय थे और राजनीति को बहुत ऊंचा मकाम हासिल था। आप राष्ट्र के बड़े कवि होते हुए भी राजनीति में सक्रिय हो सकते थे। उन्हें नेता नहीं बल्कि राजनीतिज्ञ कहा जाता था। उनके दिलों में अपने देश और समाज को विकास की राह पर आगे ले जाने की चिंता थी। समाज को बुराइयों से मुक्त करने की चिंता थी। उसके पास दूसरी पार्टी के नेता को नीचे दिखाने के बारे में सोचने का वक्त कहां था। लेकिन अब जिस तरह से नेताओं और पार्टियों में अदला-बदली होती है, कीचड़ उछाला जाता है, ऐसा लगता है कि देश और समाज का उत्थान सिर्फ कहने भर के लिए है। दांव पर पदों की पावर और पैसा लगा हुआ है। असल में इसी पावर और पैसे की वजह से नेताओं की सोच दूषित हो रही है और वे अपने प्रतिद्वंद्वी पर गोली चलाने जैसा अपराध करने के स्तर तक नीचे गिर रहे हैं। पर सवाल यह है कि क्या नेताओं के पास अपने दिमाग को दुरुस्त रखकर एक शांतिपूर्ण जीवन जीने का कोई विकल्प नहीं? उनके पास बहुत विकल्प हैं। विकल्प ही विकल्प हैं। जहां चाह होती है वहां राह होती है। बहुत से नेता हैं जो जीवन को पूरी ईमानदारी, निष्ठा के साथ जीने की कोशिश कर रहे हैं। जीवन को सुदर, बेहतर और ताकतवर बनाने में संलग्न हैं। वे बहुत समर्पण से काम कर रहे हैं। उनकी खासियत यह है कि वे अपने दिमाग की सेहत पर ध्यान देते हैं। अपने विचारों को दूषित नहीं होने देते। जब आप योग, ध्यान, प्राणायाम और सत्संग के रास्ते पर चलते हैं और सकारात्मक गतिविधियों और सकारात्मक लोगों से घिरे रहते हैं, तो अपने आप आपके विचारों की क्वॉलिटी भी नेगेटिव से बदलकर पॉजिटिव हो जाती है। जिस नेता ने अपने प्रतिद्वंद्वी को मारकर खुद को भी मार लिया, यह तय मानिए कि उसके दिमाग में बहुत लंबे समय से बहुत नेगेटिव विचार आ रहे होंगे।

# उग्रवादियों ने डीवीसी कंपनी में जमकर मचाया तांडव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के मुरूप गांव के समीप उग्रवादियों ने बीती रात घटना को अंजाम दिया। उग्रवादियों ने सबसे पहले डीवीसी कंपनी से कोयला लोड कर बालूमाथ साइडिंग जा रही हाइवा को निशाना बनाया। इसके बाद नक्सलियों ने पांच हाईवा के शीशे तोड़ दिये और आठ हाईवा की चाभी व पांच मोबाईल अपने साथ ले गये। साथ ही हाईवा में लोड कोयला को सड़क में गिराकर सड़क अवरोध कर दिया। इसके बाद उग्रवादियों ने 10 हाईवा चालकों के मोबाइल लूट लिया। हालांकि उग्रवादियों ने घटना को अंजाम देने के बाद चालकों को पांच मोबाइल वापस कर दिए। शेष पांच लेते चले गए। घटना को अंजाम जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू ने दिया है। भय बनाने के लिए उग्रवादियों ने तीन राउंड फायरिंग भी की है। 8 से 10 की संख्या में उग्रवादियों ने घटनाओं का अंजाम दिया है। पुलिस का कहना है कि लेवी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। इधर हाईवा चालक मोहम्मद आरिफ अंसारी व मोहम्मद मुमताज अंसारी ने बताया कि बालूमाथ साइडिंग से कोयला गिरा कर वापस डीवीसी कंपनी जा रहे थे। इसी दौरान 4 से 5 की संख्या में हथियारबंद उग्रवादियों ने रास्ते मे रोक दी और मोबाइल लूट लिया। इसके बाद कहा गया कि जेजेएमपी के पप्पू लोहरा के दाहिना हाथ लवलेश गंझू है। संगठन को बिना मैनेज किये कंपनी कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उग्रवादियों ने धमकी देते हुए कहा कि संगठन से बिना मैनेज किया कोयला की ढुलाई करती है तो अंजाम बुरा होगा। थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही रात में घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली गई। उन्होंने बताया कि लेवी को लेकर जेजेएमपी के उग्रवादियों ने घटना को अंजाम दिया है।

# सुदेश महतो के संकल्प सभा सह मिलन समारोह सफल बनाने को लेकर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित मांको डाक बंगला में हमारा प्रयास सामजिक न्याय और विकास के वैनर तले रविवार को आजसू पार्टी जिला कमेटी का बैठक आयोजित किया गया। बैठक कि अध्यक्षता लातेहार जिला अध्यक्ष अमित पांडे ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। सबसे पहले लातेहार से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य एवं पदाधिकारी के रूप में चयनित जितेंद्र सिंह राकेश सिंह, के के मिश्र विनोद जयसवाल विवेक सिन्हा को फुल माला पहनाकर जिला कमिटी द्वारा स्वागत किया गया।बैठक में दूसरे दलों से छोड़कर आजसू पार्टी में दर्जनों कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में कई बड़े चेहरे आजसू पार्टी का दामन थामेंगे ये कार्यक्रम जिले के लिए ऐतिहासिक होगा जिसमें हजारों कि संख्या में आजसू पार्टी के ग्राम कमेटी सहित सभी नेता कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।बैठक में महिला मोर्चा सहित नगर कमिटी मनिका प्रखंड कमिटी का गठन किया गया।महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष - रीमा देवी जिला सचिव - सुमन देवी नगर अध्यक्ष - प्रशांत कुमार प्रिंस नगर सचिव - श्रीधर श्रीवास्तव मनिका प्रखंड अध्यक्ष - नंदन कुमार प्रखंड सचिव - धनंजय तिवारी को जिला कमेटी के पदाधिकारीयों ने उन्हें फुल माला पहनाकर स्वागत किया।आजसू पार्टी में मुख्य रूप से अरुण राम



मंगल उरांव अंकित गुप्ता सुरेंद्र उरांव सतेंद्र यादव दिलशाद अंसारी सुखदेव नायक आकाश सिंह राहुल जयसवाल आनंद कुमार मनीष कुमार जितेंद्र कुमार राहुल कुमार गणेश प्रसाद कौशल जयसवाल विकाश कुमार जितेंद्र भगत विजय जयसवाल विनोद भगत सागर अंसारी कुलदीप तिर्की इत्यादि ने पार्टी कि सदस्यता ग्रहण की।24 फरवरी को जालिम गांव में होने वाले आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के होने वाले कार्यक्रम संकल्प सभा सह मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए विस्तार से रणनीति पर चर्चा की गई ।मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह के के मिश्रा वीरेंद्र ठाकुर केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह जिला प्रवक्ता नितेश पांडे जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी सदर प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव बालूमाथ अध्यक्ष शंकर उरांव हीरो यादव बरवाडीह अध्यक्ष ललन तूरी नितेश जयसवाल विकाश जयसवाल विकाश सिन्हा अभिजीत सोनू रविंद्र यादव इत्यादि आजसू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर का पुण्यतिथि मनाया गया

**हेरहंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री राम जानकी मंदिर के सामने कोचिंग सेंटर संस्थान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर का पुण्यतिथि का भब्य आयोजन किया गया। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के पुण्यतिथि के अवसर पर उनको भावपूर्वक श्रद्धांजलि दिया गया तथा उनके याद में उनकी जीवनी तथा उनके उपलब्धियों के बारे में बच्चो को बताया गया तथा निबंध प्रतियोगिता और संगोष्ठी का आयोजन किया इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राकेश कुमार ठाकुर , शिक्षक विदेश यादव, युवा क्लब सदस्य कृष्णा ठाकुर,अनमोल कुमार पल्लवी रानी खुशी कुमारी सूरज कुमार रौशन कुमार रितिक कुमार एवं दर्जनों गण्यमान लोग उपस्थित हुए।

## पिछड़ा आयोग सदस्य बनने पर लक्ष्मण यादव हुए सम्मानित

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित कृष्णा इन होटल में रविवार को प्रांतीय यादव महासभा लातेहार जिला इकाई के द्वारा बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान पिछड़ा आयोग सदस्य बनने पर लक्ष्मण यादव को फुल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं मौजूद महासभा के पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने कहा की उनको पिछड़ा आयोग के सदस्य बनना गर्व की बात है।मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## गनेशपुर में 28 फरवरी को माता शबरी जयंती मनाई जाएगी

**बालूमाथ(लातेहार)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखण्ड के पंचायत गणेशपुर में अखिल भारतीय भुइँया समाज कल्याण समिति लातेहार के बैनर तले आगमी 28 फरवरी को माता शबरी जयंती मनाने को लेकर रविवार को गणेशपुर के शिव मंदिर के प्रांगण में एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता माता शबरी पूजा समिति के प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र भुइँया के द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुइँया मौजूद रहे। बैठक में अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि नशा पान और अशिक्षा समाज के विकास में बाधक है इसे हम सभी को दूर करने की जरूरत है।इस मौके पर लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी तुलसी राम,नारायाण भुइँया,बहादुर भुइँया,जीतन भुइँया,मनोज भुइँया,रामचरित,भुइँया,सुबोध भुइँया,चरका भुइँया,सबिता देवी,पार्वती देवी,ममता देवी,मोनिका देवी,अनिता देवी, सुनीता देवी,सोनी देवी,सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महिला की हत्या या अकास्मिक मौत सस्पेंस

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को सुबह लगभग सात बजे प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर श्मशान घाट के समीप नाले के ठहरे पानी में तैरते महिला का शव देखा गया जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मिली सूचना के बाद लगभग आठ बजे बरवाडीह पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती है। स्थानीय लोगों की मदद से शव को



पानी से निकाला जाता है जिस महिला की शव का पहचान पंचायत छेंचा के पठान टोला निवासी स्व मुस्ताक़ खां के पत्नी के रूप में हुई जिसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। वहीं बरवाडीह पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से पूछताछ के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया है। मामले को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी वेंकटेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत का कारण उसके पानी में गिर जाने से देखा जा रहा है क्योंकि बताया जा रहा है कि महिला मिर्गी बिमारी से ग्रस्त थी। उन्होंने बताया कि घटना के और भी पहलु है जिसके माध्यम से जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा किया जाएगा। सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार मृतक महिला शनिवार की शाम अपने घर से थैली लेकर निकली थी जो रात्रि को कहां विश्राम किया यह एक सवाल है। बताते चलें कि मृतक महिला के दो पुत्री हैं जो विवाहित हैं और एक पुत्र है ।

# प्रांतीय यादव महासभा जिला इकाई का हुआ पुनर्गठन, जिलाध्यक्ष बने मोहर सिंह यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** प्रांतीय यादव महासभा लातेहार जिला इकाई की बैठक शहर के थाना चौक स्थित कृष्णा इन होटल में बैठक की गई।बैठक में जिला इकाई का पुनर्गठन किया गाया। जिसमें सर्व सम्मति से मोहर सिंह यादव को लातेहार का जिला अध्यक्ष बनाया गया। जहां नव नियुक्त जिलाध्यक्ष मोहर सिंह यादव ने कहा कि जिस उद्देश्य को लेकर मुझे जिलाध्यक्ष कि जिम्मेवारी दी गई है।उस जिम्मेवारी को निष्ठा पूर्वक निर्वहन किया जायेगा।जबकि चुनाव प्रभारी के रूप में अजय यादव, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव उपस्थित थे।वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में सतनारायण यादव, प्रमंडलीय अध्यक्ष बल्ली यादव, कामेश्वर यादव, सत्येंद्र यादव,लक्ष्मण यादव,बृंद बिहारी यादव, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, दामोदर यादव, प्रीत लाल यादव, लवकुश यादव, उपेंद्र यादव, प्रदीप यादव,बलराम यादव,मदन यादव, मनोज यादव, श्याम सुंदर यादव, संतोष यादव, आदित्य यादव, देवबंश यादव, दीपक यादव सहित प्रांतीय यादव महासभा के काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 के अंतर्गत चल रहे तीन दिवसीय ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ . प्रशिक्षण के अंतिम दिन उपस्थित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, सभी रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, जेएसएलपिएस के अध्यक्ष व सचिवों को पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्कर साफ सफाई आदि योजनाओं मे से किसी एक योजना पर संबंधित पंचायत के मुखिया, व सचिव को जिला से आए प्रशिक्षक सत्यानन्द शुक्ला ने एक थीम का चयन कर अपने पंचायतों मे कार्य करने पर? जोर दिया. और कहा कि इस विधि से कार्य करने पर ग्रामीणों को लाभ मिलेगा. प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के लक्ष्य व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकेतो की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी . इस क्रम मे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गरिबी मुक्त व उन्नत आजिविका, स्वास्थ्य गाँव, बाल हितैशी गाँव, महिला हितैशी गाँव सहित नौ बिषयों पर भी प्रकाश डाला . और? उन्होंने आगे कहा कि सर्वप्रथम? आप सब अपने संबंधित पंचायतों मे जाकर योजना को चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर चार बिंदुओं (1) संसाधन व समाजीक मानचित्र (2) क्षेत्र भ्रमण, (3) ग्राम स्तरीय योजना पर चर्चा,(4) नियोजन प्रक्रिया पर चर्चा करें।

# प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक मे कमेटी को लेकर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरछिया मे अजीत प्रजापति की अध्यक्षता में प्रजापति ( कुम्हार ) महासभा की बैठक किया गया. बैठक का संचालन सोंच प्रजापति ने किया, इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी का विस्तार को लेकर चर्चा की गई . वहीं अपने समाज को उत्थान के लिए सामाजिक सरोकर वाले कई महत्वपूर्ण बाते पर चर्चा की गयी . साथ ही नशाखोरी , अंधविश्वास, डायन कुप्रथा सहित सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए लोगो को प्रेरित करने को कहा गया , अंत में सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी विस्तार के लिए तीन मार्च का तिथि निर्धारित की गई . मौके पर उपस्थित भीम प्रजापति ने कहा की शिक्षा आज की समाज में सभी कुरूतियो के अंत करने का एक सशक्त माध्यम है. बैठक मे मुख्य रूप से मित्यांद प्रजापति,आनंद प्रजापति , गोविन्द प्रजापति ,राकेश प्रजापति , नरेश प्रजापति,प्रकाश प्रजापति, राजेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, अवध प्रजापति, पुन्नू प्रजापति, तुलसी प्रजापति तथा काफी संख्या बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

# जालसाजी कर निजी साइडिंग के लिए रेलवे ट्रेक बिछाने का प्रयास ग्रामीणों ने किया विफल, बाहरी दलालों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**टंडवा :** निजी कंपनी फर्जीवाड़ा का रैयतों के जमीन व सरकारी जमीन हड़पने का मामले रुकने का नाम नही ले रहा है। अधिकारियों को दिग्भ्रमित कर रैयतों के जोत दखल कब्जा वाले भूमि के साथ साथ गैर मजरुआ भूमि पर जालसाजी कर के भूमि कब्जा करने के लिए टंडवा कोयलांचल में इन दोनों बाहरी भू माफिया के साथ कंपनी के दलालों का जमावड़ा लगा हुआ है। जिसका विरोध गांव वाले लगातार कर रहे है। बताया गया होन्हे गांव में निजी रेलवे ट्रेक बिछाने के फिराक में लगे गोदावरी नामक प्राइवेट कंपनी को भू-रैयतों व ग्रामीणों से कड़ा प्रतिरोध किया है। जमीन मालिकों ने कंपनी के विरुद्ध फर्जीवाड़े का आरोप लगाकर तमाम जिले के वरीय अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री सचिवालय तथा विधायक, सांसद को लिखित अवगत कराते हुए कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई गई है। रैयतों ने बताया गांव के विरोध के बाद भी भूमि मापी कराने के कंपनी के दलाल व बाहरी भु माफियाओं जुटे है। जिसका विरुद्ध करने के लिए रैयतों गोलबंद होकर जमकर नारेबाजी कर मौके कंपनी के जालसाज करने वाले पर दलालों खदेड़ दिया। बताया गया ग्रामीणों व भू-रैयतों को डरा कर और अधिकारियों को गुमराह कर दबाव बनाने के लिए राजनीतिक दल का एक कथित नेता लगातार षड्यंत्र रच रहा है। ग्रामीणों ने बताया ऐसे में अनहोनी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि ग्रामीण उपायुक्त समेत वरीय अधिकारियों समेत विधायक व सांसद लिखित आवेदन देकर प्राइवेट रेलवे साइडिंग निजी निर्माण करने में लगे गोदावरी कंपनी द्वारा गुपचुप व फर्जी तरीके से जमीनों का अधिग्रहण करने के आरोप लगाया है। बताया गया न्यायालय में मामला जाने के बाद भी जमीन की बिक्री गुपचुप तरीके से माफियाओं के द्वारा कंपनी रैयतों को डरा धमकाकर जमीन हड़पने में जुटा है। अब देखना दिलचस्प होगा की कार्रवाई कर ऐसी कंपनियों पर लगाम लगाया जाता है या जालसाजी का संरक्षण दिया जाता है। आपको बता दे कोयलांचल में फर्जीवाड़ा मामले में कई राजस्व कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई कर निलंबित किया गया है और सीओ सीआई पर भी विभागीय कार्रवाई का कार्मिक विभाग ने आदेश जारी किया है। मौके पर अन्दू गंझू, प्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, त्रिवेणी यादव, विनोद यादव, चुरामन गंझू, प्रभु यादव, मुकेश यादव समेत दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। सूत्रों की माने तो अंचल में भू-माफियाओं का सिंडिकेट हावी है जिसकी जड़ें काफ़ी गहरी है।

# तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का आगाज आज से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से शुरू होगा। जिला प्रशासन द्वारा इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है प्रदेश के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रसिद्ध स्त्रोत वादक विपिन मिश्रा के गगनभेदी शंखनाद से कार्यक्रम का आगाज होगा।उद्घाटन समारोह में चतरा के विधायक एवं राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता,चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास डीसी अबू इमरान,एसपी राकेश रंजन,डीडीसी पवन कुमार मंडल सहित अन्य अधिकारी भी शामिल होंगे। राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की है। मां भद्रकाली मंदिर




परिसर को रंग बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है जबकि कार्यक्रम स्थल को काफी आकर्षक बनाया गया है। राजकीय महोत्सव में झारखंड के अलावा बिहार से भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम देखने पहुंचते हैं ।इसको लेकर एसपी राकेश रंजन के द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किया गया है।राजकीय इटखोरी महोत्सव में कई वीवीआईपी अतिथियों का आगमन होगा।इसको लेकर कार्यक्रम स्थल से महज कुछ ही दूरी पर हेलीपैड भी बनाया गया है।कार्यक्रम को लेकर पुलिस की व्यवस्था चप्पे चप्पे की गई है।

## पुलिस और पब्लिक के बीच मित्रता का होगा सामंजस्य : थाना प्रभारी



(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**मयूरहंड :** नए थाना प्रभारी के रूप में मयूरहंड थाना का पदभार ग्रहण करने के तदोपरांत थाना प्रभारी राहुल सिंह ने दैनिक समाचार पत्र प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए दो टूक कहा मयूरहंड थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था व पुलिस और पब्लिक के बीच मित्रता का सामंजस्य कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।थाना प्रभारी ने आगे बताया कि थाना क्षेत्र में चाहे किसी भी तरह की घटनाक्रम हो इसमें निर्दोष को फंसने नहीं दिया जाएगा और गुनहगारों की जगह जेल में होगी।

# मयूरहंड के ढोढ़ी में कुशवाहा समाज के कार्यक्रम में उमडा जनसैलाब, एकता पर दिया जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मयूरहंड :** विश्व विजेता सम्राट अशोक के वंशज कुशवाहा समाज के उत्थान और इसके विकास को लेकर प्रखंड के ढोढ़ी स्थित दुर्गा मंदिर के मैदान में कुशवाहा समाज के द्वारा महासभा का आयोजन किया गया।कुशवाहा समाज के इस महासभा का आयोजन की शुभारंभ दीप प्रज्वलित और बुद्धम शरणम गच्छामि मंत्र के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक वक्ताओं ने अपनी मन की बात को साझा किया।कुशवाहा समाज के इस महासभा कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि कुशवाहा समाज का इतिहास सदियों पुरानी है लेकिन हम उस इतिहास को अपने बच्चों को नहीं पढा पाए और ना ही बता पाए जिसके कारण आज कुशवाहा समाज का हर एक बच्चा अपनी मूल जानकारी से बिछडा हुआ है।झारखंड कुशवाहा महासभा के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कुशवाहा समाज के अध्यक्ष हाकिम महतो कुशवाहा समाज की इस उमडती हुई भीड़ को संबोधित करते हुए कहा जब पूरे विश्व में कहीं शिक्षा का केंद्र नहीं था तब हमारे पूर्वजों ने भारत भूमि की धरा पर तीन-तीन विश्वविद्यालय बना रखे थे जहां पर विश्व के कोने कोने से शिक्षा ग्रहण करने के लिए शिक्षार्थी आया करते थे।उस इतिहास को हम सभी कुशवाहा भाई बहनों को अपने बच्चों को बताना होगा तब जाकर हम सभी कुशवाहा समाज तमाम तरह की बुराइयों पर काबू पाते हुए हम सभी एक धागे में बंध सकेंगे।झारखंड प्रदेश कुशवाहा समाज के संगठन सचिव सह राजनीतिक रसुख रखनेवाले




हजारीबाग(इचाक) निवासी श्री बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कुशवाहा समाज की वृहद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा गौतम बुद्ध के रास्ते पर चलते हुए हम सभी को आगे बढ़ना है। शिक्षा के बगैर हम कामयाब नहीं हो सकते इसलिए हम सभी को सबसे पहले शिक्षा को अपनाना होगा और दुनिया की तामझाम ढकोसले व खर्चीले अंधविश्वासी रूढ़ियों से बचना होगा। झारखंड प्रदेश कुशवाहा समाज के सलाहकार सा राष्ट्रपति से पुरस्कृत सेवानिवृत्ति शिक्षक गिद्धौर निवासी देवचरण दांगी ने करीब 7 से 8 हजार कुशवाहा समाज की इस जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा हमें सत्यमेव जयते के रास्ते पर चलना होगा क्योंकि हमारे समाज के सूत्रधार सम्राट अशोक ने सत्यमेव जयते को अपनाया लेकिन हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी को पता नहीं किसकी बुरी नजर लगी और हम अपने आदर्श को भुल गए और आज हम सभी बिल्कुल और असहाय के मोड पर खड़े हैं। लेकिन हम सभी को घबराने की जरूरत नहीं है।हम सभी सम्राट अशोक के वंशज हैं जिन्होंने पूरी दुनिया को जीता है। हम वैसे वंशज के उपजे हुए फूल हैं।

# ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा संपन्न

*मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा रहे मौजूद*

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चतरा :** ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त झारखंड ताइक्कांडो संघ के आदेशानुसार जिला मुख्यालय के रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा में रविवार को लगभग 150 खिलाड़ियों ने ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा में हिस्सा लिया।यह बेल्ट परीक्षा चतरा जिला ताइक्कांडो संघ एवं चतरा जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बेल्ट परीक्षा में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करते हुए कहा कि मेहनत एवं अनुशासन से छात्र छात्रा हर क्षेत्र में अव्वल बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में योग्य प्रशिक्षको द्वारा ताइक्कांडो का प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने स समय प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न करवाने पर बल दिया।ग्रेडिंग परीक्षा में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय चतरा, दिल्ली पब्लिक स्कूल चतरा, रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा, नाज़रथ इंग्लिश मीडियम चतरा, होली गार्डन नेशनल पब्लिक स्कूल चतरा, लोयोला एकेडमी चतरा, ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल चतरा, प्रगतिशील संस्थान से ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सभी सफल प्रतिभागियों को झारखंड ताइक्कांडो संघ के द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा सफल बनाने में जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष , सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, नेशनल कोच, कार्यकारिणी सदस्य, ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर चतरा जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, सचिव उमेश कुमार, सहसचिव राम प्रकाश, सहसचिव सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार, नेशनल कोच में रितेश कुमार, अवध किशोर राणा, विक्की कुमार दास, नेशनल प्लेयर, राखी कुमारी, पूनम कुमारी उपस्थित थे।

## ब्राह्मणों ने मनाया हरशु ब्रह्मदेव जयंती लोगों ने कहा इन्हीं के वंशज हैं हम



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को हरसू ब्रह्मदेव जयंती गिद्धौर प्रखंड पंचायत के ब्राह्मण समाज के लोगों ने मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्तिवाचन गणेश वंदना दीप प्रज्वलित कर शंख ध्वनि के साथ किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय संचालन यदुनंदन पांडेय ने किया। बैठक को संबोधन करते हुए सूरज देव पांडेय ने कहा की हम सभी 108 वें पीढ़ी में आते हैं जो हरसू ब्रह्मदेव की वंशज हैं। हम सभी के दादा पुरखा भी इन्हीं से जुड़े हैं। उनकी जयंती इस वर्ष चौथी बार मनाई जा रही है। जहां उपस्थित जवाहर पांडेय महावीर पांडेय सत्यदेव पांडेय टीकम पांडेय लखन पांडेय बैजनाथ पांडेय कृष्णा पांडेय आनंद किशोर पांडेय, प्रदीप पांडेय सूरज पांडेय अनिल पांडेय श्रीकांत पांडेय पिंटू पांडेय जमुना पांडेय राजकुमार पांडेय मुन्नी पांडेय मोहन पांडेय सुधीर पांडेय कामदेव पांडेय शंभू पांडेय बनवारी पान्डेय शेखर पान्डेय प्रियांशु पान्डेय संदिप पान्डेय आकाश पान्डेय कुन्दन पान्डेय सुमित पान्डेय नैयन पान्डेय नैतिक पान्डेय के साथ सैकड़ो ब्राह्मण उपस्थित थे।

# बड़कागांव के चंदौल गांव में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर थामा आजसू का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के चंदौल पंचायत में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़कर आजसू पार्टी का दामन थामा। चंदौल में हुए बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामचंद्र गंझु एवम संचालन तपेश्वर कुमार तापस ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। विशिष्ट रूप से संदीप कुशवाहा, राजा खान, गौतम वर्मा, मनोज दांगी, उपेंद्र दांगी, तुलेश्वर राम, उपेंद्र दांगी, गिरेंद्र प्रसाद दांगी, दीपक दांगी, संतोष सिन्हा, उदय यादव, सुरेश प्रसाद दांगी, पप्पू प्रसाद मेहता, जावेद आलम एवम रघुनाथ यादव इत्यादि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आजसू पंचायत अध्यक्ष संतोष सिन्हा, वरीय नेता मो रफीक अनवर एवम पूर्व मुखिया रामचंद्र गंझु के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की। रौशनलाल चौधरी ने विधिवत रूप से तमाम लोगों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत कीया। रौशनलाल चौधरी ने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव में जनता सत्ता परिवर्तन के लिए तैयार है। लोगों ने कहा की रौशनलाल चौधरी में विकास की विचारधारा है। सहज और सरल स्वभाव के धनी रौशनलाल चौधरी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता के उन्नति के किए चिंतित रहते हैं। पिछले पंद्रह वर्षो में विधायक अंबा प्रसाद एवम उनके परिवार ने क्षेत्र को तबाह किया है। वर्तमान विधायक और उनके परिवार ने सिर्फ अपना झोली भरने का काम किया है। जनता के दुःख से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। कांग्रेस से मोहभंग कर रौशनलाल चौधरी के प्रति आस्था जताते हुए आजसू की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने वालों में बादल यादव, अरविंद साव, धनेश्वर यादव, लालू रजवार, भरत भुइयां, आशीष रंजन, सादिक खातून, जरीना खातून, रूबीना खातून, सजरा खातून, सोनी खातून, मोसरफ खातून, सफीना खातून, रौशन आरा, नफसून खातून, रिजवाना खातून, रेबुन निशा, जुगनू खातून, रेसा खातून, सरिता देवी, गीता देवी, ममता कुमारी, बिना देवी, नागिया देवी, पूनम देवी, प्रमोद यादव, रामेश्वर पासवान, रंजीत यादव, बाबूलाल यादव, विशाल कुमार, सुरेंद्र कुमार, दिलचंद पासवान, परमेश्वर पासवान, रविंद्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात नियमो की अनदेखी पड़ सकती है भारी : रामनारायण सिंह



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय के विष्णुगढ़-गोमियाँ पथ और हजारीबाग-बगोदर एन.एच-522 पर धड़ल्ले से यातायात नियमो की अनदेखी आम-आवाम के द्वारा की जा रही,जिसमे क्या युवा,क्या बड़े सभी की भागीदारी है। सड़को पर युवा तेज रफ्तार के साथ फ़र्राटे भरते नजर आते है,चंद सेकेंड में आँखों से ओझल हो जाते है,कभी-कभी तो युवा एक ही बाइक पर ट्रिपल लोड तो छोड़िए एक बाइक पर चार लोग सवार होकर तेज रफ्तार में राइडिंग करते नजर आते है।जहाँ तक यातायात नियमो की बात हो तो 99.9ञ लोग तो हेलमेट पहनने की जहमत तो उठाते ही नही।सबसे बड़ी बात तो यह देखी जाती है,अभिभावक अपने नाबालिग बच्चो को बाइक बिना सोचे समझे ही सौप देते है,जिसकी वजह से भी दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है।पिछली दुर्घटनाओं में किसी युवा के पांव गवाने पड़े तो किसी को अपनी जान गवानी पड़ी,फिर भी लोग इन सारी बातों को भूल जाते है। इस बाबत यातायात नियमो के सख्ती से पालन कराने के बात करते हुए विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि विष्णुगढ़ जनता को इस बात को भली भांति समझना होगा कि,यातायात के नियम आपकी एवं आपके परिवार के सदस्यों के जीवन रक्षा के लिए है,अतः मेरी सख्ती के पहले आप यातायात नियमो का पालन करें। घर से जब भी निकले हेलमेट का उपयोग जरूर करें,बाइक की कागजातों को दुरुस्त करें,बाइक चलाते समय फ़ोन का उपयोग ना करें,ट्रिपल लोड ना चलें,तेज रफ्तार में बाइक चलाने वाले सावधान रहें और सबसे मुख्य बात अपने नाबालिग बच्चो को बाइक किसी कीमत पर ना दें,नही तो अभिभावकों से सरकारी नियम के अनुसार चालान काटे जायेंगे।

### पिकअप वैन को अज्ञात चोर ने किया चोरी, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधपनिया से एक पिकअप वैन की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी ने अपने चोरी हुए पिकअप वैन को लेकर बरही थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग किया है। आवेदन के माध्यम से भुक्तभोगी ने बताया कि दूधपनिया स्थित हरिजन स्कूल के सामने मेरे फोटो स्टूडियो दुकान है, जहां बीते शुक्रवार रात्रि 7 बजे अपने सफेद रंग का पिकअप वैन जिसका न. जेएच 02 एई 5427 को खड़ी किया था और किसी का शादी में कैमरा करने गए थे। जब रात्रि 12 बजे कैमरा कर वापस लौटे तो वैन को अपने दुकान के पास खड़ी देखा। जिसके बाद मै अपने घर चले गए। अगले दिन शनिवार को सुबह 6 बजे मैं सो कर उठे और दुकान गए तो देखे कि मेरा पिकअप वैन वहां से गायब है। मैंने इसकी काफी खोजबीन किया परंतु पिअकप वैन कहीं नहीं मिला। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरा पिकअप वैन को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया है।

### साउंड बॉक्स व मशीन चोरी के मामले में पुलिस ने तीन को भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव के विभिन्न गांव से डीजे बॉक्स व मशीन चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले को लेकर नव पदस्थापित बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 48/24 दिनांक 16 फरवरी 2024 के अप्राथमिक अभियुक्त विनोद कुमार साव, ग्राम बरवाडीह निवासी एवं पंकज कुमार व राहुल कुमार दोनों ग्राम होरम निवासी को धारा 379 भा.द.वि. के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में पुलिस ने बरवाडीह निवासी विनोद साव के यहां से साउंड मशीन 4 पीस, साउंड बॉक्स लगभग 10 पीस, स्पीकर एवं डीजे लाईट आदि बरामद किया है।

**जेल जाने वाले में एक मैट्रिक का है विद्यार्थी :** जेल जाने वाले में एक राहुल कुमार किसान मजदूर उच्च विद्यालय गिद्दी सी के मैट्रिक का विद्यार्थी है। जिसका मैट्रिक का परीक्षा केंद्र गर्ल मिडिल स्कूल गिद्दी ए है। राहुल कई विषयों का परीक्षा में शामिल हुआ है और अभी कई विषय का परीक्षा में शामिल होना है। मामले को लेकर उसके माता एवं पिता शिबू महतो ने प्रशासन से गुहार लगाया है कि उसे परीक्षा में शामिल होने दिया जाए।

### मुकेश कुमार सिंह ने बड़कागांव के थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी विनोद तिर्की के तबादला हो जाने के कारण रविवार को मुकेश कुमार सिंह ने बड़कागांव के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान इंस्पेक्टर अनिल कुमार व विनोद तिर्की ने बड़कागांव पुलिस की ओर से बुके देकर स्वागत किया और बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने एसडीपीओ कार्यालय पहुंचकर एसडीपीओ कुलदीप कुमार से औपचारिक मुलाकात किया। वही बड़कागांव अल्पसंख्यक भाजपा मंडल अध्यक्ष नौशाद आलम, युवा कांग्रेस नेता तारिक हुसैन उर्फ बाबर, समाजसेवी सोनू इराकी, पप्पू सिंह, मुन्ना खान, सोहेल खलीफा, शाहनवाज इराकी, तनवीर आलम, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद बशीर आदि ने नए थाना प्रभारी को बुके देकर अभिनंदन किया।

# हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 28 को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पिछले दो वर्षो से लगातार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही संस्था हजारीबाग यूथ विंग की एक अहम बैठक संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास पर आयोजित की गई।अध्यक्षता संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष करण जायसवाल ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 28 फरवरी को आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।रक्तदान शिविर 28 फरवरी को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के कैंपस में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। रक्तदान शिविर में 130 से भी अधिक रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। संस्था के द्वारा रक्तदाताओं बैच देकर सम्मानित किया जाएगा वहीं ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को एक सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जिसके जरिए वह अपने परिजन को अगले एक वर्षो तक एक यूनिट रक्त दिलवा सकते हैं। शिविर को लेकर शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य लगातार संपर्क कर रहे हैं। वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए हजारीबाग शहर के युवा कलाकार निशांत सिंह, अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी शुभ लक्ष्मी एवं राष्ट्रपति के द्वारा वीरता पदक से सम्मानित कमांडो विवेक कुमार तिवारी के द्वारा वीडियो क्लिप के माध्यम से जनता को रक्तदान शिविर के लिए जागरूक कर रहे हैं। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी 28 तारीख को रक्तदान शिविर मे रक्तदान कर मानवता के प्रति एक मिसाल पेश करें।वही अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक होगा।मौके पर सचिव संजय कुमार,उपाध्यक्ष विकास केसरी,जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक कुमार पांडे,विकास तिवारी,प्रणीत जैन,सिद्धांत जैन प्रवेक जैन,मोहम्मद ताजुद्दीन,प्रिंस कसेरा,शानू सिंह समेत संस्था के कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल की बैठक पंचायत भवन बादम में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो कि अध्यक्षता में की गई। मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष दानिश खान के नेतृत्व में लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर अल्पसंख्यक समुदाय तन मन धन से सहयोग कर केंद्र में मोदी सरकार एवं प्रदेश में भाजपा सरकार बनाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो अध्यक्ष नितेश कुमार, रवि कुमार दांगी, अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष सलमान जामिया, इंजमाम उल हक, सलीम अंसारी, महामंत्री दिलदार हुसैन, कैसर इकबाल, मंत्री सोहेल अकरम, सोहेल असगर, सलमान हैदर, मो खालिद, असद ग़ालिब, भगीरथ ठाकुर, नीरज कुमार दास, सुरेश पासवान, चिंतामणि वर्मा, महावीर राम, अरविंद, कृष्ण, सूरज, रोहित, संजय, अनिल, सुमित सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा अधिकार रैली में शामिल होने के लिए बड़कागांव से सैंकड़ों लोग रांची रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विश्वकर्मा अधिकार रैली में शामिल होने के लिए बड़कागांव प्रखंड से विश्वकर्मा समाज के सैंकड़ों लोग प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में रांची के लिए रवाना हुए। रैली के लिए रवाना होने से पूर्व किशोर राणा ने कहा की झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व मे यह कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। आज विश्वकर्मा समाज के प्रदेश प्रमुख विकास राणा राज्य सरकार को मांग पत्र सौंपेंगे। मुख्य रूप से 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर सरकारी अवकाश का घोषणा किया जाए, झारखंड में भी आर्टिजन बोर्ड का गठन किया जाए, झारखंड में पिछड़ी जाति को जनसंख्या के आधार पर आरक्षण का लाभ दिया जाए, झारखंड में जातीय जनगणना किया जाए, के अलावे अन्य कई मांगे है। मौके पर प्रखंड सचिव संतोष राणा, बड़कागांव पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया कैलाश कुमार राणा, जिला सचिव नंदलाल राणा, प्रखंड उपाध्यक्ष मुनेश्वर राणा, देव कुमार राणा, नकुल राणा, गीता देवी, मालती देवी, सरस्वती देवी, गीता देवी, कबूतरी देवी, स्मिता राणा, धुनेस्वारी देवी, कुंती देवी, फूलमती देवी, पूनम राणा, यशोदा राणा, सकुंतला राणा, सुधा राणा, चंचला राणा के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

# मध्य विद्यायल महेशरा का चारदीवारी निर्माण में उत्पन्न विवाद को लेकर गामीणो ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड अंतर्गत जिनगा पंचायत के मध्य विद्यालय महेशरा का भवन व चारदीवारी निर्माण का कार्य डीएमएफटी मद से होना है। विद्यालय के लिए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका। संवेदक के द्वारा चारदीवारी का निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व जिनगा निवासी फुहिया देवी के वंशज प्रकाश प्रसाद व अन्य के द्वारा चाहरदीवारी निर्माण कार्य को रोक दिया गया। इससे विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का कार्य बाधित हो गया । इस विवाद को सुलझने के लिए महेशरा व जिनगा के ग्रामीणों के द्वारा सीओ अदिति गुप्ता के नेतृत्व में एक आमसभा आहूत किया गया। बैठक की अधक्षता पंचायत की मुखिया पिंकी देवी ने किया। बैठक में सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि विद्यालय के पूर्व निर्मित चारदिवारी में ही नया चारदीवारी का निर्माण किया जाएगा।

मौके पर सीआई रागिनी कच्छप, राजस्व कर्मचारी श्रीमंत सुरेश साव सहित कई अन्य शामिल थे।क्या है मामलाः मध्य विद्यालय महेशरा के निर्माण के लिए महेशरा के रैयत रंगलाल मिश्र व हरिनंदन मिश्र के द्वारा खाता संख्या 04 प्लॉट संख्या 1505 व खाता संख्या 44 प्लॉट संख्या 1504 से 70 डिसमिल, महरु तेली व बुधन तेली के द्वारा खाता संख्या 45 प्लॉट संख्या 1512 रुकवा 08 डिसमिल व जिनगा के एक व्यक्ति के द्वारा खाता संख्या 33 प्लॉट संख्या 149 के अंतर्गत 55 डिसमिल जमीन दान में दिया गया था। खाता संख्या 33 व प्लाट संख्या 149 के कुल रकवा में 18 डिसमिल जमीन जिनगा निवासी फुहिया देवी के नाम जमाबंदी दर्ज बताया जा रहा है। 1960 ई में महेशरा उच्च विद्यालय के निर्माण के समय महेशरा व जिनगा के रैयतों के द्वारा दान में दी गई जमीन पर महेशरा उच्च विद्यालय का भवन व चारदीवारी कार्य किया गया था। फुहिया देवी के वंशज प्रकाश प्रसाद व अन्य के द्वारा पूर्व निर्मित चारदीवारी पर बुनियाद काट दिया गया है। इससे वर्तमान में चारदीवारी का कार्य बाधित है।

# कृषि विभाग व आत्मा के सौजन्य से किसान गोष्ठी आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत भवन सभागार में शनिवार को कृषि विभाग व आत्मा के सौजन्य से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें किसानों को फसल लगाने से पूर्व कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए उन्नत खेती के लिए तकनीकी सहायता से अच्छे पैदावार बढ़ाने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षक ने किसानों को जानकारी दी।मिट्टी जांच उन्नत किस्म का बीज फसल चक्र पद्धति जैविक खाद का इस्तेमाल करने का तरीका जल प्रबंधन करते हुए कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरीके का उपाय बताया गया।वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसान क्रेडिट कार्ड कुसुम योजना सिंचाई के लिए मोटर पंप सोलर पंप वित्तीय सहायता से प्राप्त करने के बारे में विस्तार से किसानों को बताया गया। फलदार पौधे आम नींबू सब्जी भिंडी करेला कद्दू अन्य रबी फसल के उत्पादन में बढ़ोतरी के लिए बहुत सारे उपाय बतलाए गए।

किसान के साथ जन संवाद हुई इस अवसर पर प्रशिक्षक संजय कुमार एटीएम सुशील कुमार बीटीएम उमेश कुमार कृषक मित्र गोविंद कुमार महतो घनश्याम महतो मुखिया चेतलाल महतो पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो नारायण महतो सुखलाल महतो शिवदयाल महतो उप मुखिया दौलत महतो जितन सोरेन किशुन सोरेन मोहन महतो तुलसी सिंह रजनी खिरोधर महतो विनोद महतो हेमंती देवी खूबलाल महतो जीबाधन महतो किशुन महतो समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# धनवार मुखिया के साथ हुए मारपीट को लेकर ग्रामीणों ने किया बरही थाना का घेराव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बीतें दिनों अनुमंडल बायपास के पास धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के साथ हुए मारपीट मामले में गिरफ्तारी नही होने पर हजारों की संख्या में ग्रामीण थाना पहुंचकर बरही थाना का घेराव किया। ग्रामीणों के समर्थन में पंचायत प्रतिनिधि के अलावा सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता और मुखिया संघ भी बरही थाना पहुंचे। इससे पहले बरही अनुमंडल बायपास के पास से हज़ारों की संख्या में ग्रामीणों ने आक्रोश रैली निकालकर बरही चौक पहुंचे और बरही चौक से वापस होकर बरही थाना पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। महिलाओं ने अपने अपने हाथों में आरोपी को गिरफ्तार करों, फर्जी मुकदमा वापस लो, गुंडाराज नही चलेगा और मुखिया का अपमान नही चलेगा तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों से वार्ता करते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर न्यायसंगत जो भी कार्रवाई होगी, विधिसम्मत रूप से किया जाएगा। जिसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने इंस्पेक्टर से जाकर वार्ता किया। इंस्पेक्टर से काफी देर तक चली वार्ता के बाद उन्होंने आश्वसत किया कि न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी। मुखिया संघ अध्यक्ष बरही विजय यादव, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, बरही पूर्वी मुखिया समशेर आलम, मुखिया संघ सचिव गोविंद साव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशासन का सहयोगी बनकर हमेशा जनप्रतिनिधि काम करते है जब वह सुरक्षित नही है तो निश्चित ऐसे लोगों में पुलिस प्रशासन का कोई डर नही है। उन्होंने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा कृत्य अशोभनीय है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ बरही अध्यक्ष विजय यादव, चौपारण अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, सचिव गोविंद प्रसाद, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, पूर्वी मुखिया समशेर आलम, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बरही पूर्वी मुखिया मीना देवी, रानीचुआ मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, पंचमाधव मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रामचन्द्र टुडू, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, समाजसेवी ममता देवी, मंटू यादव, बैजनाथ यादव, विकास यादव, अशोक यादव, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, बिरेंद्र यादव, छोटन यादव, सूर्यकांत रही, लक्ष्मण यादव, बिनोद यादव, शंभू यादव, मुन्ना यादव, प्रमोद यादव, उमेश यादव, पिंटू यादव, राजदेव प्रसाद यादव, रविंद यादव, विनय यादव, दिनेश यादव, अर्जुन यादव, बिनोद राणा, रंजीत राणा, सुरेश यादव, सुरेश रविदास, किशोर यादव, संतोष यादव, अजीत यादव, सोनू पंडित, नरेश कुमार, रामजी प्रसाद, प्रकाश साव, निरंजन कुमार, मनोज प्रसाद, अजीत कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश प्रसाद, लालधारी महतो, मनोज केशरी, दीपिल केशरी, प्रदीप केशरी, पूनम देवी, कंचन देवी, शकुंतला देवी, उर्मिला देवी, यशोदा देवी, मंजू देवी, बिमला देवी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## विहिप ने धर्म रक्षा निधि संग्रहण को लेकर भुरकुंडा मे की बैठक



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा थाना चौक के निकट विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। भुरकुंडा प्रखंड पालक विहिप सह जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि 10 फरवरी से शुरू किया गया है। संगठन के सहयोग हेतु भुरकुंडा पंचायत में भी अभियान चलाया जा रहा। 500, 1000 और इससे उपर की राशी के लिए सादा रसीद के माध्यम से धनसंग्रह किया जा रहा है। समाज के सूचनार्थ यह प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई है। जिससे लोगों में किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। अधिक जानकारी के लिए संगठन के पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष राजेश सिन्हा, विहिप प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमारी, प्रखंड मंत्री विहिप अरूण महतो, बजरंग दल के इंद्रदेव महतो उपस्थित थे।

## हृदय गति रुकने से 60 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता का निधन, गांव में शोक की लहर

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत निवासी भाजपा के पूर्व कार्यकर्ता उमेश्वर महतो(60 वर्षीय) स्वर्गीय घनेनाथ महतो का शनिवार देर शाम अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया परिजनों ने बताया कि दो पहिया वाहन से रामगढ़ गया था इसी क्रम में उसका शरीर में घबराहट पैदा हुई और हृदय गति रुक गई, गंभीर स्थिति को देखते हुए आनन फानन में उनके पुत्र द्वारा बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया परंतु रास्ते में ही उसका निधन हो गया, निधन से पूरे गांव सहित



परिजनों में काफी शोक की लहर फैल गई, देर शाम अपने गांव मृतक का शव पहुंचते ही पूरे परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल था। 18 फरवरीरविवार को दोपहर मृतक के शव का अंतिम दाह- संस्कार कुंदरु कला स्थित दामोदर नदी शमशान घाट किया गया दाह संस्कार में छोटे पुत्र नीतीश कुमार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी मृतक अपने पीछे पत्नी,तीन पुत्र- पुत्रवधू सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए अंतिम दाह संस्कार में सैकड़ो लोग शामिल हुए जिसमें मुख्यतः गणेश महतो, राजेश महतो,जलेश्वर महतो, अनुलाल महतो, चिनता महतो, गाजी जागेश्वर महतो,नेवालाल महतो, पोखलाल महतो, राकेश सिन्हा, बूटन महतो,अजीत कुमार सोनू कुमार सुरेश महतो, जीवाधन महतो,सहित भारी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## एक्सा ग्लोबल स्कूल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रातु थाना अंतर्गत बिजुलिया रोड, अगडू में स्थित अक्सा ग्लोबल स्कूल में 18 फरवरी दिन रविवार को वार्षिक उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने बेहतरीन स्पीच,तकरीर, मुकालमा और तरह तरह की एक्टिविटी प्रस्तुत किया और मौजूद लोगों का मन मोह लिया।बच्चों के प्रोत्साहन के




लिए सर्टिफिकेट और मेडल का भी वितरण किया गया।स्कूल के डायरेक्टर अफजल अंसारी नदवी ने तालीम की अहमियत और स्कूल के मकासिद बयान किए।मौके पर स्कूल के संगरक्षक अब्दुल कुद्दुस अंसारी,रातु प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर,अताउल्लाह अंसारी,सेक्रेट्री अनिसुल रहमान, नाएब सदर अंजुम खान, नाएब सेक्रेट्री मुख्तार अंसारी,खजांची अजमूल हैक ,उप प्रमुख रेयाजुल, समाजसेवी कमरूक हक ,शफीक अंसारी, तजमुल अंसारी के अलावा इलाके के जिम्मेदारान, मसाजिद के इमाम ,स्कूल के टीचर्स और बच्चों के अभिभावक भारी तादाद में मौजूद थे।

## हेसला से खड़ा ट्रैक्टर डाला समेत हुआ गायब, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के हेसला करमाली टोला के समीप से एक लाल रंग की ट्रैक्टर, डाले सहित गायब होने का मामला रविवार को प्रकाश में आया हैं। इस संबंध में भुगतभोगी रामचरण करमाली ने बताया कि घर के सामने महिंद्रा ट्रैक्टर लाल 275 मॉडल, लाल डाले के साथ 16 फरवरी को खड़ा किया गया, लेकिन दूसरे दिन 17 फरवरी को सुबह 5 बजे के बाद ट्रैक्टर उक्त स्थल से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद ट्रैक्टर नहीं मिल पाया। ट्रैक्टर की खरीद रामगढ़ शो रुम से 28 दिसंबर 2023 को की गई थी। इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से रामगढ़ थाना को दी गई हैं। वहीं चर्चा है कि सिरका से भी बीते एक सप्ताह पूर्व एक ट्रैक्टर चोरी हुई है।

## आईडीबीआई बैंक ने उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत एफडी पर विशेष दरें पेश कीं

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईडीबीआई बैंक ने अपने सबसे नए ऑफर में 300 दिनों की विशेष सीमित अवधि की एफडी अधिकतम 7.55त्न प्रति वर्ष की दर के साथ पेश की है, जिसे समय से पहले तोड़ने की अनुमति होगी। यह अभियान उत्सव एफडी योजना के अंतर्गत शुरू किया गया है, और उन ग्राहकों को आकर्षक प्रस्ताव देता है, जो कम अवधियों में आकर्षक ब्याज दर चाहते हैं। इसके अलावा, 375 और 444 दिनों के लिए मौजूदा उत्सव एफडी क्रमशः 7.60त्न प्रति वर्ष और 7.75त्न प्रति वर्ष तक की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर प्रदान करती रहेंगी।

## पासवान सम्मेलन राज्य का दशा और दिशा तय करेगी : अर्चना देवी

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पासवान कल्याण समिति की बैठक रविवार को सयाल स्थित संरक्षक खजांची राम के आवास में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष उपेंद्र पासवान और संचालन समिति के सचिव इंद्रदेव पासवान ने किया। बैठक में निर्णय हुआ की राँची के हरमु मैदान में 25 फरवरी को पासवान समाज का राज्य स्तरीय महासम्मेलन होने जा रहा है। जिसमे रामगढ़ कोयलांचल से पूर्व जिला पार्षद अर्चना देवी और खजांची राम के नेतृत्व में अधिक से अधिक महिला पुरुष शामिल होगे। मौके पर अर्चना देवी ने बताया कि राज्य में कही भी समाज का सम्मेलन होगा रामगढ़ कोयलांचल से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होगे।बैठक में खजांची राम में खा की यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा उन्होंने राज्य के लोगो से अपील भी की है की कोने कोने से लोग पहुंचे और इसे झारखंड में इतिहास बना दे।मौके पर बीरेंद्र पासवान, प्रभु पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, अमरनाथ पासवान, बिरधा पासवान, युवा अध्यक्ष शशि पासवान, प्रेम पासवान, रोशन पासवान, नरेंद्र पासवान, रामप्रवेश पासवान, प्रमोद पासवान,मनोज पासवान, राहुल पासवान, आकाश पासवान, अशोक पासवान सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

*उपरबरगा पंचायत के मुखिया ने अबुआ आवास योजना के चयन पर लगाया अनियमितता का आरोप, दी आन्दोलन की धमकी*

# प्रखंड क्षेत्र दलालों एवं विचौलियों के गिरफ्त में है : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के उपरबरगा पंचायत के मुखिया जीतलाल टुडू ने रविवार को पंचायत क्षेत्र के नरसिंहडीह गाँव पहुँचकर अबुआ आवास योजना के तहत लाभुक चयन में गहरी साजिश एवं अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिशानिर्देश जारी की गई है कि प्रत्येक पंचायत के मुखिया की अध्यक्षता में आमसभा के माध्यम से अबुआ आवास योजना के लिए योग्य एवं जरुरतमंद लाभुक का चयन करना है। इसी प्रक्रिया के तहत लाभुकों का चयन कर सूची तैयार की गई थी लेकिन साजिश के तहत एक अलग सूची बनाकर पूर्व के चयनित योग्य लाभुकों का नाम सूची में नीचे कर दिया गया है तथा कुछ सम्पन्न लोगों का नाम उपर कर दिया गया है।



मुखिया ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकारी कर्मचारियों द्वारा पैसा लेकर इस तरह की छद्म सूची तैयार की गई है जिसके तहत सक्षम लोगों को प्राथमिकता दी जाय तथा योग्य एवं जरुरतमंद लाभुकों को इस योजना से वंचित किया जा सके। इस संबंध में पंचायत के मुखिया जीतलाल टूडू से सम्पर्क करने उन्होंने बताया कि अबुआ आवास योजना में सरकारी दिशानिर्देशों का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है। इसमें सरकारी कर्मचारी और विशेषतौर पर पंचायत सेवक की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनके इस प्रकार के मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे, जरूरत पड़ने पर प्रखंड कार्यालय या जिला कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायगा। आगे उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र इस समय दलालों एवं विचौलियों के कब्जे में आ गया है। ग्रामीणों ने भी मुखिया के इस पहल का समर्थन किया। गाँव रमेश मुर्मू ने बताया कि मुखिया के पहल पर आमसभा के माध्यम से जो सूची बनी थी ठीक इसके उलट सूची तैयार की गई तथा योग्य लाभुकों का नाम नीचे कर दिया गया। एक अन्य महिला ने भी अपनी आपबीती बताई।

## बड़काचुंबा अखिल भारतीय धोबी महासंघ की प्रखंड स्तरीय बैठक में मांडू कमेटी का हुआ विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** बड़काचुंबा के पंचायत भवन प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष विनोद रजक ने की। बैठक में सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर और संत गाडगे महाराज जी के तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया गया। इसके बाद मांडू प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद रजक उपाध्यक्ष दशरथ बैठा, पंसस गुंजन देवी सचिव टेकलाल बैठा सहसचिव दिलीप रजक कोषाध्यक्ष पिंटू रजक सह कोषाध्यक्ष मनोज बैठा प्रवक्ता योगेंद्र रजक कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानी रजक राजेश रजक दिनेश्वर रजक सुरेंद्र रजक अमृत बैठा राजेंद्र बैठा आदि का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। आगामी 24 फरवरी को रामगढ़ में आयोजित संत गाडगे बाबा जी के 148 वी जयंती मानने को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें भारी संख्या में चुंबा पंचायत से पहुंचने का सहमति जताई गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक प्रदीप रजक जिला संरक्षक खेमलाल बैठा जिला सचिव जतरू बैठा जिला कोषाध्यक्ष अर्जुन रजक, गणेश रजक, संदीप रजक, मिट्ठू रजक, शंकर रजक, रामप्रीत रजक, महेश रजक आदि उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मे रविवार को सुबह 8 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया द्य बैठक का मुख्य रूप से कोयलांचल के हृदयिस्थल शिव मंदिर मे वर्षो से होते आ रहे महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर चर्चा कियां गया । बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमिटी अध्यक्ष नित्यान्द पाठक एवं संचालन बैजनाथ के द्वारा किया गया। सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भाँती इस वर्ष भीं महाशिवरात्रि महोत्सव धूम धाम एवं हर्सोल्लास के साथ मनाया जायेगा, जिसमे 8 मार्च को भगवान भोलेनाथ के पूजा अर्चना के बाद शाम मे भव्य झांकी के साथ शिवबारात निकाली जाएगी एवं 9 मार्च को भक्तिमय संस्कृतिक कार्यक्रम कियां जायेगा एवं 10 मार्च को भव्य भंडारा का आयोजन किया जायेगा । बैठक मे मुख्य रूप से शिव मंदिर के अध्यक्ष नित्यान्द पाठक, कोषाध्यक्ष अभिषेक सोनी, संघरक्षक संजय मिश्रा, मुखिया अजय पासवान, विक्रम कुमार, दिलीप सिंह, संभु दुबे, विजय पासवान, बापी सिंह, लालू पाठक, विजय सिंह, सुधीर दुबे एवं युवा कार्यकरणी सदस्य कुणाल लोहार उर्फ़ ढेला, सोनू, दानिश, शिवा, आकाश आदि उपस्थित थे। एवं मंदिर समिति द्वारा सभी लोगो को महोत्सव मे बढ़ चढ़कर भाग लेने को एवं सहयोग करने को कहा गया।

## जैन संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज नहीं रहे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** युग दृष्टा ब्रहमांड के देवता संत शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज दिनांक 17 फरवरी शनिवार तदनुसार माघ शुक्ल अष्टमी पर्वराज के अंतर्गत उत्तम सत्य धर्म के दिन रात्रि में 2ः35 बजे हुए ब्रह्म में लीन। हम सबके प्राण दाता राष्ट्रहित चिंतक परम पूज्य गुरुदेव ने विधिवत सल्लेखना बुद्धिपूर्वक धारण करली थी। पूर्ण जागृतावस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए 3 दिन के उपवास गृहण करते हुए आहार एवं संघ का प्रत्याख्यान कर दिया था एवं प्रत्याख्यान व प्रायश्चित देना बंद कर दिया था और अखंड मौन धारण कर लिया था। राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का समाधिपूर्वक निधन का समाचार सम्पूर्ण जगत को स्तब्ध और निशब्द करने वाला है।जैन समाज रामगढ़ के



सभी सदस्य इस दुखद समाचार से मर्माहत,स्तब्ध है, समाज के सदस्यो ने अपने प्रतिष्ठान बंद करने का निर्णय लिया हैं । समाज अध्यक्ष मानिक जैन,उपाध्यक्ष अरविंद सेठी, सचिव नागरमल जैन गंगवाल, कोषधयक्ष जंबू जैन, सह सचिव नरेंद्र जैन, ललीत चूड़िवाल, राजू पाटनी,राजू सेठी, अशोक सेठी, देवेंद्र गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष रमेश सेठी, निशांत सेठी, विनोद पहाड़िया, सुभाष पाटनी, विकास सेठी, आनंद जैन, सौरव अजमेरा, मनोज काला ,एवम समस्त जैन समाज के सदस्यो ने शोक व्यक्त किया हैं।

## मांडू विधायक की पत्नी ललिता ने गरीबों के बीच 70 कंबल बांटा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** भाजपा नेत्री नमिता कुमारी के गिद्दी ए आवास में 70 गरीब असहाय महिला, पुरुष के बीच रविवार को मांडू विधानसभा के लोकप्रिय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की पत्नी ललिता देवी ने कंबल का वितरण किया। अवसर पर ललिता देवी को भाजपा विधायक प्रतिनिधि नमिता कुमारी ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक पत्नी ललिता देवी ने कहा की विधायक जी हमेशा गरीबों के लिए सोचते हैं और मदद करते हैं। राजुरंजन तिवारी ने भी विधायक जी की प्रसंशा करते हुए कहां कि हमारे विधायक सभी लोगो का ख्याल रखते हैं। आने वाले चुनाव में हमे उन्हे मदद करनी है। नमिता कुमारी ने सभी महिलाओं को एकजुट होकर भाजपा को वोट देने की अपील किया। इस अवसर पर वकील महतो, सेवालाल महतो, राजूरंजन तिवारी, रीमा कुमारी, रंजित सिंह, मुन्ना त्रिपाठी, नकुल महतो, सुदामा शर्मा, मुकेश चंद्रवंशी उपस्थित थे। कंबल जिनके बीच वितरण किया गया उनमें भूषण प्रसाद, रेखा देवी, भवानी मित्रा, ज्योति देवी, शांति देवी, अंजनी देवी, मीना देवी, हरिकिशुन पासवान, चिंता देवी, पार्वती देवी, देवंती देवी, सोमरी देवी, मुन्ना कुमार, सुमित्रा देवी, काली देवी, चिंतामन पासवान, जेठू करमाली, बिंदुल देवी, सीता देवी, रीता देवी, तारा देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, कलावती देवी गुड़िया देवी आदि सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

*धनंजय कुमार पुटूस ने किया आरबीएसएस जिला पदाधिकारियों का मनोनयन*

## आरबीएसएस पदाधिकारी जनता की सेवा में हमेशा रहेंगे तैयार : धनंजय कुमार पुटूस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को पुराना सदर अस्पताल के समीप स्थित रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के प्रधान कार्यालय में जिला कमिटी की समीक्षात्मक बैठक सम्पन हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस उपस्थित हुए। बैठक में विगत महीनों में हुए संगठन के कार्यो की समीक्षा की गयी, उसके उपरांत संगठन की मजबूती के मद्दे नज़र केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों के सक्रिय सदस्यों का जिला टीम में मनोनयन किया।जिसमे जिला उपाध्यक्ष में योगेंद्र बेदिया,सुरेंद्र राम,कैलास महतो।जिला सचिव में अजय कुमार राम,रघुबरण स्वामी, श्रीधर सिंह। जिला प्रवक्ता में राहुल शर्मा। जिला मीडिया प्रभारी में चंदन सिंह व जिला सोशल मीडिया में अमर बोदरा का मनोनयन किया।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा रामगढ़ जिला में रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (त्र्ब्स्स्) के प्रति लोगो का विश्वास बढ़ा है अतः रामगढ़ जिला के गरीब, मजदूर, किसान, व्यापारी व छात्रों की आवाज को बुलंद करने व उनकी सहायता करने के लिए जिला में पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। सभी पदाधिकारीगण लोगो की सेवा में हमेशा तत्पर रहेंगे।

## कुरमी कुडमी हुंकार महारैली सफल बनाने हेतु बैठक की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** ग्राम कटिया पालू मे 25/02/2024 कुरमी कुडमी हुंकार महारैली आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने लेकर कुरमी समाज का बैठक किया गया। बैठक का अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो एंव संचालन दिनेश कुमार महतो ने किया बैठक मे मुख्य अतिथि कुरमी/कुडमी विकास मोर्चा केन्द्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार शामिल हुए। शीतल ओहदार ने कहा हमारी लडाई राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से है क्योंकि 1950 ई0 से पहले कुरमी कुडमी महतो जाति अनुसूची जनजाति के सुची मे सूचीबद्ध थी जिसे बिना कोई कारण 1950 ई0 मे षडयंत्र के तहत सुची से बाहर कर दिया गया। जिसके कारण कुरमी/कुडमी 81 गुस्टी महतो जाति लगातार राज्य सरकार और केन्द्र सरकार से अपने हक अधिकार अपने पहचान कि लडाई लडते आ रहे। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के उदासीनता रवैये के कारण दिनांक 25/02/2024 दिन रविवार को राँची मोरहाबादी मैदान मे हुंकार महारैली का आयोजन किया गया है। मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा हमारी लडाई को कमजोर करने के लिए 18/02/2024 हुंकार महारैली को विरोधी ताकतो ने षडयंत्र के रोकने का प्रयास किया इसका जवाब 25/02/2024 को पुरे झारखंड से लाखों कि संख्या मे पंहुच कर अपनी अवाज बुलंद करेगे और पतरातू प्रखंड से हजारो कि संख्या मे हुंकार महारैली मे कुरमी जाति शामिल होगें। बैठक मे शंकर महतो, बालदेव महतो, गोविन्द महतो, सुरज, जगन महतो, ईन्द्रनाथ महतो, तिलक महतो, पंकज कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार,बबलू महतो उपस्थित थे।

## ईरा के प्रदेश महासचिव बने युवा पत्रकार रविकांत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका क्षेत्र के युवा पत्रकार रविकांत बनर्जी को इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (ईरा) पत्रकार संगठन का रविवार को प्रदेश झारखंड महासचिव बनाया गया हैं। यह निर्देश ईरा के केंद्रीय महासचिव मोहम्मद जहांगीर ने पत्र जारी कर घोषणा किया हैं। जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली समाजसेवियों, शुभचिंतकों, पत्रकार साथियों, श्रमिक नेताओं, प्रतिनिधियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। सभी ने बताया कि कोयला क्षेत्र अरगड्डा में लगातार संघर्ष करते हुए युवा पत्रकार रविकांत आगे बढ़ रहे हैं, इनके द्वारा सभी विषयों को बेबाग तरीके से उठाया जाता हैं, जिसके कारण यह लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं, गरीब जनता, श्रमिको, समाजसेवियों मजदूर प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों कंपनी के हितों व पत्रकारों के हक की लड़ाई लगातार कलम से लड़ रहे हैं। सभी ने शुभेच्छा व्यक्त किया। कहां कि इनके कार्यों के कारण



इन्हें बड़ा दायित्व दिया गया हैं। जिससे हम लोगों में खुशी व्याप्त हैं। बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में पत्रकार विजय सिन्हा, तपन बनर्जी, गोपाल गिरी, बिजेंद्र पासवान, राजकुमार शर्मा, अजय तांती, सुरेंद्र राम शिक्षक संजय प्रसाद, रवि हांसदा, मोहम्मद नेहाल, सुशील सिंह, श्रमिक प्रतिनिधि बैजनाथ मिस्त्री, सुशील कुमार सिन्हा, प्रशांत बेल्थरिया, अशोक बेदिया, शत्रुधन बेदिया, सरफराज अहमद, समाजसेवी रंजीत पासवान, रंजीत चौहान, सोनी प्रिया, एके सिंह, जितेन्द्र कुमार समेत दर्जनो शामिल है।

# स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा छावनी फुटबॉल मैदान में लगाए गए स्वदेशी मेला में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन संस्कार भारती कला संयोजका एवं संदर्श कला केंद्र के संचालिका प्रो पिंकी कुमारी ने किया इस प्रतियोगिता में रामगढ़ के विभिन्न स्कूलों से आये 300 विद्याथियो ने भाग लिया जिसमे ज्ञान मंदिर विद्यालय, गनीनाथ पब्लिक स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, कृष्णा विद्या मंदिर, डी. ए. वी. बारकाकाना, गर्ल्स हाई स्कूल, राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चो ने भाग लिया मुख्य अतिथि टैक्सटाइल डिज़ाइन के राजा कुमार ने अपने विचार को सभी बच्चो के सामने रखा और ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी में निर्मिति वास्तुओं का प्रयोग करने को कहा और राष्ट के निर्माण में अपनी



भागीदारी सुनिश्चित कर जीडीपी में योगदान देने के बात को , मनुवा हाई स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा की स्वदेशी और स्वदेश के लोग एक दूसरे के पूरक हैं और देश को पुनः परम वैभव पर विराजमान करने हेतु हमें लोकल बाजार की ओर बढ़ना होगा वा लोकल फॉर वोकल के शब्द को चरितार्थ करने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा देकर गढ़ना होगा संस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक पंचम चौधरी, स्वदेशी मेला के संरक्षक प्रोज़ अलोक सिंह सह संयोजक मिथलेश मण्डल, सह संयोजक नेपाल महतो, कार्यालय प्रमुख प्रेम कुमार गुप्ता, कोषा अध्यक्ष वेणु गोपाल गोस्वामी, सह सयोंजक नितेश कुमार मोदी , विद्यार्थी परिषद के प्रान्त सह मंत्री गौतम महतो अखिल विद्यार्थी परिषद के विक्रम राठौर, सह मीडिया प्रभारी सोनू प्रताप सिंह, बागेश्वर प्रसाद गुप्ता पत्रिका प्रमुख माहेश्वर महतो, और आये हुए अन्य विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक मौजूद थे।

# माता वैष्णों देवी मंदिर में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों से झूमे श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** माता वैष्णों देवी मंदिर की 33वीं वर्षगांठ के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार की शाम मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गई। सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव और सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया। इसके बाद मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें मंडली की भजन गायिका प्रीति पांडेय ने गणेश वंदना से माता की चौकी में



भजन कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद विक्की सिंह व राजू कैंथ ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किया। इनका सहयोग पैड वादक अप्पू पांडे, कैलाश, शिव, धनंजय ने किया। भजनों से सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव हेमेंद्र सौंधी, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, सुभाष चन्द्र मारवाह, नरेश चन्द्र मारवाह, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्ढा, कैलाश शर्मा, ओमकार मल्होत्रा, बलवंत राय मारवाह, संजीव चड्डा, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह, संजीव धमीजा के अलावे वीणा मारवाह, संगीता मारवाह, आशा मारवाह, जनक रानी शर्मा, अंजू चड्डा, मंजू कक्कड़, रीता सोबती, रीता अग्रवाल, नीता चड्डा आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मॉडर्न इंग्लिश एकैडमी स्कुल में 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मॉडर्न इंग्लिश एकैडमी स्कुल के प्रांगण में भारत स्काउट गाइड, धनबाद के प्रथम सोपान के 6 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ जिसमें विद्यालय के लगभग 150 सीनियर विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के क्रिया कलापों में हिस्सा लिया और अनुशासन का पाठ सीखा। भारत स्काउट गाइड, धनबाद के प्रतिनिधि मो. शादाब आलम ने इसमें मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन स्कूल के निदेशक मो. हसनैन अख्तर ने बच्चों को सुरक्षा एवं सहायता की भावना अपने अंदर पैदा करने और इसके साथ साथ अनुशासित रहने पर विशेष ज़ोर दिया।

## रोटी बैंक यूथ क्लब और भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली श्याम नगर के नरेंद्र मैरेज हॉल में भूली ब्लड डोनर ग्रुप और रोटी बैंक यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटी बैंक यूथ क्लब के संस्थापक रवि शेखर एवं भूली ब्लड डोनर ग्रुप के संस्थापक रवि सिंह ने किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन श्वेता किन्नर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन कार्यक्रम में संजय सिन्हा, पूर्व पार्षद अशोक यादव, पूर्व पार्षद रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू , मंजीत सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद थे। अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में धनबाद क्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की जरूरत को पूरा करने और रक्तदान के लिए प्रचार प्रसार करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भूली ब्लड डोनर ग्रुप और रोटी बैंक यूथ क्लब की ओर से मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर मे 44 यूनिट संग्रह करके एशियान ब्लड बैंक को दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटी बैंक से शाहिद अंसारी, विश्वजीत मुखर्जी, अमन राज, ऋषभ राज, एहसान अफजल और भूली ब्लड डोनर ग्रुप से आनंद झा, दिलीप झा, गुलशन मिश्रा, पप्पू सिंह, अनुपमा श्रीवास्तव, गुड्डू चौधरी, संजय सिंह, सतीश सिंह, सुनील तुलस्यान, मालती देवी आदि मौजूद थे।

## ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड द्वारा बैठक आयोजित




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लिंड्से क्लब धनबाद में ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड जिला इकाई धनबाद द्वारा धनबाद में भारत ज्ञान विज्ञान समिति के 11वीं राष्ट्रीय सम्मेलन जनवरी माह में सफलतापूर्वक समापन के पश्चात समीक्षात्मक व आगे के कार्यों को लेकर रिसेप्सन कमेटी की बैठक रिसेप्सन कमेटी के अध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन के अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा संचालन भोला नाथ राम द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. काशी नाथ चटर्जी, रिसेप्सन कमेटी के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल, सपन माजी, संयोजक रवि सिंह, देवाशीष वैद्य, विकास कुमार ठाकुर, रानी मिश्रा, मैत्री गुप्ता, राजू बाउरी, मधेश्वर नाथ भगत, रतन सिन्हा, रजनी कांत मिश्रा आदि मौजूद थे।

## भागलपुर का स्वदेशी हस्तशिल्प कपड़ा स्टाल बना आकर्षक का केंद्र



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहर स्थित झंडा मैदान में बीते एक सप्ताह से स्वदेशी हस्तशिल्प मेले का आयोजन कर लोगों को कई तरह-तरह के हस्तशिल्प से तैयार कपड़ों से लेकर आभुषणों और फर्नीचर तथा व्यंजनों के स्टाल लगाए गए हैं। लेकिन इस मेले में भागलपुर से आये खादी कपड़ों से निर्मित वस्त्र आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। मो शहनवाज स्टाल में खादी से निर्मित खादी वाटिका शिल्क,खादी पाटन शलवारसुट, खादी शिल्क, लिलैन कूरता, हैण्डलुम शिल्क, तसर शिल्क, शिल्क साड़ी, मुंगा शिल्क, कोरिया शिल्क, कोकुन शिल्क, मटका शिल्क, वाटिक शिल्क मशहूर है। दिलचस्प की बात यह है कि भागलपुर की इस स्टाल में महिलाओं के लिए कई सारी कपड़े उपलब्ध है। जहां लोग अपने पसंदीदा कपड़ों को पाकर खुशी खुशी घर लौटते हैं। कपड़ा विक्रेता मो शहनवाज ने बताया कि हमारे पास उचित मूल्य पर खादी कपड़ों के स्वदेशी हस्तशिल्प उपलब्ध है। मो शहनवाज ने कहा कि मेरे पास एक बार खरीदारी करने के बाद दुबारा खुद ग्राहक कपड़े लेने आते हैं।

## बाइक सवार युवक सड़क हादसे में घायल , धनबाद रेफर

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के



मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरहाटांड निवासी अभिषेक सिंह सड़क हादसे में बुरी तरह घायल हो गया। वही स्थानीय लोगो द्वारा सदर अस्पताल लाया गया ।वही सदर अस्पताल से इलाज के बाद इसे धनबाद रेफर कर दिया गया। बताया गया दिलीप सिंह का पुत्र अभिषेक सिंह बाइक से किसी काम से पपरवाटांड गया था। वहां से लौटने के दौरान पपरवाटांड में ही किसी अज्ञात वाहन से इसके बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें यह सड़क पर गिर कर बुरी तरह जख्मी हो गया।तुरंत ही इसे सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।

# जोरापोखर पुलिस ने मात्र 15 मिनट में पहुंच कर एटीएम में पड़े लाखों रुपए चोरी होने से बचाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जामाडोबा बाजार में अवस्थित एसबीआई के एटीएम से शनिवार कि रात को लाखों रुपया चोरी करने कि मंसूबा लेकर आए चोरों कि मंसूबे को जोरापोखर पुलिस ने मौका ए वारदात पर पहुंचकर विफल कर दिया। बताते है कि आधा दर्जन कि संख्या में अपराधी गैस कटर के साथ बीती रात्रि साढ़े बारह बजे के लगभग एसबीआई कि एटीएम के शटर के ताले को काटकर अंदर घुस गए। अपराधी अंदर घुसकर एटीएम की कटाई शुरू कर दिया। गैस कटर से शटर को काटने के दौरान एटीम परिसर में भयंकर आग लग गई। एटीम परिसर में किसी तरह कि अनहोनी को लगाए गए सावधानी तकनीकी यंत्र के जरिए मिली सूचना पर मुंबई बैंक विभाग के तकनीकी सेल ने धनबाद पुलिस को चोरों कि हरकत कि सूचना दी। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने सूचना मिलते ही वे फौरन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर अपराधियों कि घेराबंदी किया। पुलिस की मुस्तेदी को देख सारे अपराधी कैस बॉक्स लूटने से पहले पकड़े जाने के डर से अपने साथ लाए औजारों को छोड़कर फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने तत्काल आगलगी कि घटना कि सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। अग्निशमन विभाग के जवानों ने फायर बिग्रेड की गाड़ी लेकर पहुँच कर जल रहे एटीएम को पानी कि प्रेशर से लगभग एक घंटा में आग पर काबू पाया। ज्ञात रहे 28 नवंबर 2022 को जामाडोबा में अपराधी बैंक ऑफ इंडिया की एटीएम का कैश बॉक्स निकाल कर ले गये। उसमें 18.50 लाख रुपये थे जिसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है ये दूसरी घटना है। जोरपोखर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने बताया की अगर 10 मिनट लेट होता तो एटीएम लेकर चूर फरार हो जाते या फिर 15 मिनट पहले सुचना मिलती तो चोर पकड़ा भी सकते थे। पुलिस अगल बगल के कैमरे को खंगाल रही है ताकि चोरो का सुराग मिल सके।

## ससुराल वाले पर युवक को मार कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का लगाया आरोप



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह जिला अंतर्गत पीरटांड छाता पत्थर निवासी साहेब राम हंसदा की मौत डुमरी के दुधमटिया में संदेहास्पद स्थिति में हो गई। रविवार को इसके शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल गिरिडीह में किया गया। दूधमटिया में इसके ससुराल वाले रिश्तेदार के घर में इसका शव फांसी के के फंदे पर लगता लटका हुआ पाया गया। मृतक के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया गया कि इसके ससुराल से जुड़े रिश्तेदारों ने मारपीट कर मौत का घाट उतार कर इसको फांसी पर लटका दिया। बताया गया कि साहब राम हसदा की पत्नी इससे झगड़ा करके डुमरी के दूधमटिया स्थित अपने बहन के घर चली गई थी। शनिवार को इसकी पत्नी ने इसे फोन कर कहा कि आकर इसे घर ले आए। आरोप है कि यह जब उसे लाने गया तो इसके साथ मारपीट का किया। बाद में फांसी पर लटका दिया। घटना के बाद वहां के आस पास के लोगों ने इसके परिजनों को फोन पर सूचना दी तब जा कर इसके घर वालों को पता चला। इसके बाद घर वाले मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन के सहयोग से शव को फंदे से उतरवाया। तब जाकर इसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा दिया। घर वालों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज थाना में दर्ज कर दिया है।

## जामा मस्जिद का छत ढ़लाई कार्य संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत गादी टुंडी टोला बिसनीपतरा गांव के जामा मस्जिद की छत ढलाई कार्य किया गया. जिसमे धनबाद के अलावे गिरिडीह एवं जामताड़ा जिले के मेहमान एवं ओलमा शामिल हुए. सर्व प्रथम महराजगंज मदरसा के सदर मुफ़्ती अब्दुल हई साहब का सम्बोधन हुआ. उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को सबोधित करते हुए आपसी भाई चारे के साथ रहने एवं एक दूसरे की मदद करने को कहा. उन्होंने कहा की गरीब बच्चो को पढ़ने, मस्जिद निर्माण आदि नेक कार्यो में अपनी गाढ़ी कमाई खर्च करे.इससे आपके ऊपर आने वाले मुसीबते दूर होते हैं. अफ़सोस यहाँ हैं की हमारे ऊपर मुसीबत आने के बाद हम सदका देते हैं. साथ ही कहा की बहुत खुश नसीब लोगो का ही पैसा नेक कर्यो में लगता हैं. उन्होंने सामूहिक दुआ भी कराया, इसके बाद अपने हाथो से श्रमदान कर काम की शुरुआत किया. इसके बाद बहार से आये मेहमानो को श्रम दान करने का मौका दिया।

## असर्फी कैंसर संस्थान द्वारा कैंसर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी कैंसर संस्थान ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) धनबाद के साथ हेड एंड नेक कैंसर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में असर्फी हॉस्पिटल की डेंटल सर्जन उर्मी अग्रवाल एवं हेड एंड नेक कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका गुप्ता, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. बिप्लब मिश्रा, मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ.रमेश कुमार ने आए हुए सर्जन को हेड एंड नेक कैंसर रोग के इलाज़, उपाय एवं उपचार के प्रति जागरूक किया।

डॉ. मोनिका गुप्ता ने कहा कि कैंसर एक ऐसा रोग है, जिसमें शरीर की कुछ कोशिकाएं अनियन्त्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाती हैं। अगर सिर और गर्दन में कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने लगें तो इसे सिर और गर्दन का कैंसर कहते हैं। इसके शुरुआती लक्षण हैं - नाक से खून आना, जबड़े में दर्द और सूजन, मुंह में गांठ या घाव जो ठीक न हो। समय पर निदान के द्वारा इस रोग का इलाज संभव है। रोग की रोकथाम के लिए तम्बाकू का सेवन न करें और शराब के सेवन से बचें, क्योंकि इससे कैंसर का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। वहीं डॉ. उर्मी अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी जिम्मेवारी है की हम सब मिल कर कैंसर रोग के पहचान, इलाज़ एवं उसके रोकथाम के प्रति लोगो को जागरूक करें।

असर्फी कैंसर संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. बिप्लब मिश्रा ने बताया की असर्फी कैंसर इंस्टीट्यूट, एक ही छत के नीचे सभी नैदानिक सुविधाओं (पीईटी-सीटी स्कैन सहित) और उपचार सुविधाओं (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, कीमोथेरेपी) के साथ झारखंड और पूर्वी भारत के आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए एक व्यापक कैंसर देखभाल केंद्र, एक वरदान साबित होने वाला है। कार्यशाला में आईडीए के अध्यक्ष डॉ. सौरव पूर्वे, सचिव डॉ. विवेक प्रकाश, असर्फी कैंसर संस्थान के निदेशक गोपाल सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. बिप्लब मिश्रा, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. शिबाजी बासु, डॉ. मोनिका गुप्ता, डेंटल सर्जन उर्मी अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेशन के उत्तम सिंह, मार्केटिंग हेड शुभांकरनाथ तथा कंचन आदि मौजूद थे।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ एकदिवसीय सत्याग्रह आंदोलन स्थगित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** वायु प्रदूषण के खिलाफ शनिवार को शुरू हुआ सत्याग्रह रविवार को भी जारी रहा। सर्दी के मौसम के बाबजूद पूरी रात आंदोलनकारी धरना स्थल पर डटे रहे। धरना स्थल पर ही हस्ताक्षर अभियान भी जारी रहा जिस पर वहाँ से गुजरने वाले युवा, वृद्ध, महिला, टेम्पू चालक, रिक्शा चालक सहित 1800 लोगो ने हस्ताक्षर कर सत्याग्रह का नैतिक समर्थन दिया। आंदोलन के दूसरे दिन बड़ी संख्या में झरिया के गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए। अंत मे झरिया के वायु प्रदूषण के विरुद्ध जाती धर्म एवं दलगत भावना से ऊपर उठ कर इस लड़ाई को जारी रखने का शपथ के साथ सत्याग्रह को 24 घंटे पूरे होने पर स्थगित किया गया। मौके पर दामोदर बचाओ आंदोलन के संयोजक पर्यावरणविद अरुण रॉय, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह के प्रतिनिधि के डी पांडेय, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। सत्याग्रह आंदोलन में डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, उमाचरण रजवार, श्रीकांत अम्बष्ठ के डी पांडेय, हरीश जोशी, राजकुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, डॉ ओ पी अग्रवाल, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अम्बष्ठ, अनिल जैन, बलदेव पाण्डेय, उमा भट्टाचार्या, शिवबालक पासवान, अशोक वर्णवाल, हरिनारायण सिंह, अविनाश शर्मा, विनोद शर्मा, अखिलेश सिंह, अनूप लिल्हा, दिलीप आडवाणी, अरुण साव, कार्तिक हाड़ी, रूदल पासवान, गणेश अग्रवाल, शैलेश सिंह, सौरभ शर्मा, सनोज कुमार, रमेश अग्रवाल, राज माली, राकेश गुप्ता, सुमित खेतान, प्रदीप सिंह, डॉ हैदर, झूलन सिंह, मनीष सिंह, चैतन्य मिश्रा, सत्यनारायण भोजगढिया, राजीव पाण्डेय, सुनील साव, रूदल पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## भगत मोहल्ला में राम सीता मंदिर का वार्षिकोत्सव आज



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भगत मोहल्ला स्थित श्री राम सीता हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव पर रविवार को मंदिर प्रांगण में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंदिर कमेटी के संजय भगत व मुकेश गुप्ता ने बताया कि मंदिर में 19 व 20 फरवरी को वार्षिक उत्सव के अवसर पर सोमवार को सुबह मंदिर में पूजा अर्चना होगी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में अरुण कुमार जायसवाल शामिल होंगे। 20 फरवरी दिन मंगलवार को दोपहर में भंडारा एवं रात्रि में जय हो ग्रुप के द्वारा भजन मंडली का आयोजन किया गया है। भंडारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजद के प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु जुटान होती है।

## अंजुमन तरक्की उर्दू-हिंद झारखंड की धनबाद शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू-हिंद झारखंड की धनबाद शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक लोयाबाद नंबर-8 मदरसा दीनिया तेगीया मंसूरी मोहल्ला में हाजी मौलाना गुलाम रसूल रिज़वी की अध्यक्षता और गुलाम ग़ौस आसवी की संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक मे अंजुमन के प्रतिनिधि, धनबाद, झरिया के विद्वान, लेखक बुद्धिजीवियों के साथ-साथ लोयाबाद क्षेत्र के मस्जिदों के इमाम, उर्दू प्रेमी भी शामिल हुए। बैठक में उर्दू के प्रचार-प्रसार एवं प्रकाशन के कार्य को क्रियान्वित करने को लेकर चर्चा की गई। अंजुमन तरक़्क़ी उर्दू हिंद झारखंड, धनबाद के संयोजक डॉ. हसन निज़ामी ने अपने संबोधन में लोगों को अंजुमन के अतीत, वर्तमान और भविष्य की पृष्ठभूमि के बारे में बताया। सभा में मौलाना गुलाम रज़ा नोमानी ने बताया कि हमें उर्दू के प्रति जागरूक करना होगा। जमाल अनवर, अहमद निसार, इम्तियाज बिन अज़ीज़ ने कहा कि उर्दू भाषा के विकास के लिए अपनी ज़िम्मेदारी समझनी होगी। डॉ. यूनुस फिरदौसी, डॉ. अब्दुल रहमान अब्द, सैयद मिफ्ताह अल-आरिफिन रिजवी, मौलाना गुलाम ग़ौस राशिदी, मो कलीम, जलाल अंसारी, मौलाना मेहराब आलम, मो शमीम, मो नौशाद खान भी बैठक मे अपने भाषण मे अपने विचार पेश किए और नेक सलाह से नवाज़ा।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़करण योजना के तहत बनने वाला आधा दर्जन सड़कों का टुंडी विधायक ने किया शिलान्यास



दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र

**टुंडी :** पूर्वी टुंडी के करीब आधा दर्जन सड़कों का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो के संयुक्त उपस्थिति में किया गया। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़करण योजना के अन्तर्गत पूर्वी टुंडी के उकमा गांव में स्थित डी बी पथ से उकमा, घोषालडीह से बारकेतनी पथ, जिला परिषद पथ से मोहलीडीह पथ, असुरबांध पथ समेत आधा दर्जन सड़कों का शिलान्यास किया गया। गौरतलब है कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के कार्यकाल में इन दिनों सड़कों का बड़े पैमाने पर कायाकल्प किया जा रहा है कोई भी ऐसा दिन नहीं कि इनके द्वारा सड़कों का आधार शिला का कार्य न हो गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का इनका मुख्य सपना था जो इन दिनों पूरा हो रहा है एवं जनताओं को समर्पित किया जा रहा है और लोगों को सुलभ रास्ता मिलने जा रहा है। मौके पर झामुमो नेता रामचंद्र मुर्मू, मदन महतो, ऐनुल अंसारी, जीतेन कुम्हार, हिरेन दत्ता, वशीर अहमद, सपन, आनंद महतो समेत कई झामुमो नेता उपस्थित थे।

## शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से 22 फरवरी को मोदी 10 करोड़ महिलाओं से सीधा संपर्क स्थापित करेंगे : प्रो विनीता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के माध्यम से 10 करोड़ महिलाओं, स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ की महिलाओं तक संपर्क स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। शक्ति वंदन अभियान की झारखंड प्रदेश सह संयोजक प्रो विनीता ने कहा कि झारखंड के सभी जिलों में लगातार शक्ति वंदन कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है जिसमें मंडल स्तर की 11 सदस्यीय टीम पंचायत एवं गांवों में बूथ स्तर तक जाकर स्वयं सहायता समूह की बहनों से संपर्क स्थापित कर मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करना, सीआरपी, भी वो, के साथ चाय पे चर्चा तथा विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आधी आबादी को सम्मान दिया है, महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो रही हैं। मोदी जी सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं, उनके सम्मान में कई योजनाएं चलाई जा रही है। विनीता ने कहा कि हमलोगों का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ 2024 में नरेंद्र मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। इस शक्ति वंदन जिला कार्यशाला के तहत गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, देवघर आदि कई जिलों में उपस्थित होकर विनीता ने कहा कि 22 फरवरी को सभी मंडलों के भाजपा कार्यकर्ता उस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर मोदी जी के शक्ति वंदन के लाइव प्रसारण को दिखाने कि व्यवस्था करेंगे जिसमें हजारों की संख्या में स्वयं सहायता समूह की बहनें, एनजीओ फेडरेशन की बहनें एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहेंगे। झारखंड प्रदेश में 30 लाख बहनों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा भूली नगर कमेटी का हुआ गठन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक बीसीकेयु यूनियन कार्यालय ए ब्लॉक में अरविंद तिवारी का अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि भूली श्रमिक नगरी में समस्याओं का अंबार है। खासकर युवा पीढ़ी नौकरी से वंचित रहने के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। केंद्र सरकार ने युवाओं को प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा कर झासा देने का कार्य क्या है। बैठक में 22 युवाओं ने दूसरे दल को छोड़कर मायुमो में शामिल हुए। सभी को माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात मार्क्सवादी युवा मोर्चा भूली नगर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मंटू रवानी, उपाध्यक्ष बबलू रवानी, छोटू महतो, विकी रजक, अख्तर हुसैन, सचिव अजीत ठाकुर, सह सचिव जनता बीपी, संगठन सचिव रामु साव, कोषाध्यक्ष रमेश महतो, कार्यकारिणी सदस्य में राजू महतो, दिनेश रवानी, गणेश भुईया आदि को बनाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बेंगलुरु में किसानों का प्रशिक्षण संपन्न



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत विकास मिशन के तहत झारखंड राज्य के किसानों के लिए एवोकैडो, शरीफा, कटहल और इमली में बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकियों, कटाई के बाद, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 से 17 फरवरी 2024 तक आईसीएआर-भारतीय संस्थान के बागवानी अनुसंधान विभाग, बेंगलुरु में संपन्न बेंगलुरु,18 फरवरी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर आईसीएआर- भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) बेंगलुरु में झारखंड के किसानों के लिए एवोकैडो, शरीफा, कटहल, कमलम फल और इमली में बेहतर उत्पादन प्रौद्योगिकियों, कटाई के बाद प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

उपर्युक्त फसलों में उत्पादन प्रौद्योगिकियों और कटाई के बाद के प्रबंधन में प्रगति के बारे में किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 12 से 17 फरवरी 2024 तक झारखंड के पांच जिलों रांची, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और गुमला के लगभग 59 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया और लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन आईसीएआर-आईआईएचआर,बेंगलुरु के निदेशक डॉ. प्रकाश पाटिल द्वारा किया गया।प्रशिक्षण अवधि के दौरान किसानों को सभी आईसीएआर-आईआईएचआर के फलों, सब्जियों और फूलों की फसलों प्रौद्योगिकियों से अवगत कराया गया।

क्षेत्र और प्रयोगशाला भ्रमण के दौरान किसानों को राष्ट्रीय बागवानी मेला प्रदर्शनी, फलों की फसलों में एकीकृत कृषि प्रणाली, उच्च घनत्व वाले फलों के बगीचे, वर्षा जल संचयन, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, फल फसलों की नर्सरी, कटहल, आम की कटाई के बाद की देखभाल कैसे की जाती है, उसे दिखाया गया।अमरूद,जामुन और उनके उत्पाद के बारे में जानकारी के साथ प्रशिक्षुओं के लाभ के लिए कटहल में मौजूद व्यावसायिक अवसरों के बारे में एक सफल उद्यमी द्वारा एक विशेष व्याख्यान दी गई। उन्हें फल आनुवंशिक विविधता पार्क और बागवानी विज्ञान विश्वविद्यालय, बागलकोट परिसर में फलों और सब्जियों की कटाई के बाद की हैंडलिंग की जानकारी के लिए ले जाया गया।

दूसरा दौरा सेंट्रल हॉर्टिकल्चरल एक्सपेरिमेंट स्टेशन, हीराहल्ली का था, जहां प्रधान वैज्ञानिक डॉ. करुणाकरण ने भविष्य की फलों की फसलों (ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, कटहल, जामुन और इमली) के उत्पादन, प्रसार और मूल्यवर्धन के बारे में बताया गया। किसानों को आईसीएआर-आईआईएचआर बेंगलुरु द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रमाणपत्र और कई उन्नत किस्म के बीज दिए गए।ताकि, वे आईआईएचआर प्रौद्योगिकियों को अपना सकें और बागवानी उत्पादन प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा दे सके।

पूरे कार्यक्रम का समन्वय डॉ. सुमंगला, एच.पी., प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. वी. शंकर, प्रधान वैज्ञानिक और नोडल अधिकारी टीएसपी और डॉ. आर. सेंथिल कुमार, प्रधान वैज्ञानिक और आईसीएआर-आईआईएचआर के नोडल अधिकारी एससीएसपी कार्यक्रम द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण के आयोजन के संबंध में श्री मुंडा ने बताया कि जिन फलों और सब्जियों के बारे में उन्हें प्रशिक्षण दिया गया, वह इन क्षेत्रों में बहुतायत में होती है। लेकिन, उचित संवर्धन और तकनीक की कमी के कारण उन्हें इसका मूल्य नहीं मिल पाता है।

मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इस प्रशिक्षण के बाद लोग उन्नत तरीके अपनाकर अपने लिए खुशहाली लायेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राँची खूंटी पश्चिम सिंहभूम सिमडेगा गुमला के 59 किसानों ने भाग लिया और प्रशिक्षण प्राप्त कर खुशी जताई और यह शुभ अवसर देने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का आभार जताया।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक हुई संपन्न




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा की बैठक भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई । बैठक की शुरुवात प्रदेश से आए अतिथियों के द्वारा डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों में माल्यापर्ण कर की गई बैठक में स्वागत भाषण देते हुए मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कहा की आज युवाओं के ही हाथों में देश का भविष्य है 2024 लोकसभा चुनाव चुनोतियाँ से भरा है लेकिन पूरे देश के युवा आज नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व को लोहा मान रही है और इस बार भाजपा 400 पार कर एक नया कृतिमान स्थापित करेगी युवा मोर्चा चौपाल के जिला प्रभारी प्रियांक भगत ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता युवा मोर्चा चौपाल के माध्यम से प्रत्येक पँचायत में चौपाल लगा कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के चलाये जा रहे जनकल्याण योजनाओं को जन -जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे आज पूरा देश मोदीमय हो चुका है बस हमें उनके कार्यो को जनता के बीच ले जाने का कार्य करना है बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रदेश अमन यादव जिला महामंत्री ,दीपक पुरी अनूप प्रसाद सतीश पांडे सत्यनारायण प्रसाद श्री लाल साहू प्रणव कुमार नवीन सिंह राकेश रविकांत प्रधान मोहन बड़ाईक करण सिंह मनीष कुजूर राहुल केरवार विवेक कुमार श्रीवास्तव शिव साहू भोला प्रसाद गुप्ता नितेश कुमार सिंह वीरेंद्र यादव गोवर्धन नायक सुभाष महतो बसंत नारायण मांझी सरवन गोस्वामी महेश सिंह राहुल कुमार सिंह पंकज कुमार मोहाली किशोर कुमार सिंह पिंकी रानी शिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे कार्यक्रम के संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री विद्या बड़ाईक ने की और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह ने की.

# अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक जब्त कर चालक को भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग से देर रात पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद एव सेन्हा थाना गस्ती पुलिस स अ नि विरेंद्र बखला द्वारा पुलिस बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। उसी दौरान अवैध बॉक्साइड लदा दो ट्रक चालक वाहन जाँच देख कंडरा ईट भठा के पास ट्रक छोड़ कर भाग गये। ट्रक नम्बर जे एच 07डी 9427एव जे एच 09बीबी 3400 दोनों ट्रक में अवैध बॉक्साइड पत्थर लदा हुआ था। साथ ही



एक मोटर साइकिल से वाहन छोडाने को लेकर दो व्यक्ती सेन्हा थाना क्षेत्र के कलेहेपाट गांव निवासी स्व संतु अंसारी के पुत्र महमूद अंसारी एव जहीरूद्दीन अंसारी के पुत्र अजहरुद्दीन अंसारी जिला खनन पदाधिकारी से रिश्वत लेकर वाहन मुक्त करने की अपिल करने लगे जिसे दोनों व्यक्ति को गिरिफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से 37 हजार 640 रुपया नगद और दो मोबाइल फोन तथा एक मोटर साइकिल नंबर जे एच 08एच 3055 को जब्त कर लिया गया है। जिला खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद के आवेदन पर सेन्हा थाना कांड संख्या 12/24 धारा 379,411,414, आई पी सी एव खनन अधीनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वही प्रशिक्षु डी एस पी अमित कुमार सिंह ने कहा कि अवैध बॉक्साइड चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। तथा संलिप्त दो व्यक्ती को गिरिफ्तार कर जेल भेजा गया।

## शैक्षणिक आधार पर सोनी कुमारी बनी आंगनबाड़ी केंद्र गढ़कसमार की सेविका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के गढ़कसमार में सेविका चयन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभा मे सेविका पद के लिये 4 महिलाओं द्वारा आवेदन दिया गया था। जिसमे शैक्षणिक आधार पर सेविका पद के लिये सोनी कुमारी का चयन किया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र गढ़कसमार की पूर्व सेविका मयन्ती कुजूर का कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो गया था। जिस कारण आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करने में असुविधा हो रही थी। जिसे जिला के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर ग्राम सभा का आयोजन कर सेविका का चयन किया गया। साथ ही चयनित सेविका सोनी कुमारी को जल्द कार्य संचालित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा,पर्यवेक्षिका परमुनी देवी के अलावे सैकड़ो अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 88 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम,वीर शहीद जवान



अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों एवं असहायों का ज्यादा से ज्यादा मदद की जाएगी है,और कहा कि जल्द ही शिविर पर जरूरी दवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएगी,डॉ कुमुद ने कहा की लोगों के अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देते रहना चाहिए,और समय-समय पर चेकअप कराते रहने से समय पर उसका इलाज हो सकेगा। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है,शिविर पर लोगों ने शुगर,बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,डॉक्टर से परामर्श भी लिए। आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,संजय चौधरी,सत्यम कुमार सर्राफ,अंजू देवी,वाल्मीकि प्रसाद, अंजलि सर्राफ,जुगल प्रसाद,राजेश अग्रवाल, अतुल सर्राफ,नव प्र कास्यंकार,सुरेंद्र प्रसाद, किशोर अग्रवाल,अशोक अग्रवाल ओमप्रकाश साहू,संतोष अग्रवाल,राम प्रसाद साहू,सोनिया पोद्दार,तुलसी राम उरांव,आस्था उरांव,रामचंद्र गिरी,अर्पित उरांव,वीरेंद्र उरांव,प्रभु दयाल साहू,उदय कास्यंकार,रुपेश चौधरी, डोमन चंद्र कर्मकार आदि उपस्थित थे।

# झापसा ने डॉ रामेश्वर उरांव से की मुलाकात दी बधाई, एमएसीपी की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लगातार दूसरी बार झारखंड सरकार में वित्त मंत्री के पद पर आसीन होने के बाद डॉ रामेश्वर उरांव सर्किट हाउस लोहरदगा पहुंचे। यहां अन्य सामाजिक संघों के अलावे झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का शिष्टमंडल प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सुमन की अगुवाई में बुके देकर वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव का स्वागत किया गया। झापसा के जिला अध्यक्ष मुमताज अहमद ने कहा कि झारखंड के शिक्षकों को



एमएसीपी का लाभ नहीं मिल पाया है। शिक्षक एक ही पद सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त होकर सेवानिवृत्त हो जाता है,जबकि झारखंड सरकार के अन्य विभाग में समयानुसार लाभ सबों को कमोबेश मिल रहा है।। प्राथमिक शिक्षक भी राज्य कर्मी होने के चलते अन्य कर्मचारियों के ही भांति एमएसीपी व अन्य लाभ की मांग झारखंड सरकार से लम्बे समय से कर रहे हैं । पूर्व में भी अनुरोध किया गया था।वित्त मंत्री ने बातों को गौर से सुना और पहल करने को लेकर आश्वस्त किया । इस दौरान अयूब अंसारी,तौहीद आलम, मसूद आलम,तौफीक अहमद आदि मौजूद थे।

## हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना के रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा प्रखंड के गरजा पंचायत अंतर्गत गरजा राजस्व ग्राम में जन भावना फाउंडेशन (हृहृ) के बैनर तले गरजा पंचायत हेड सुबासिनी देवी के द्वारा हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें जिला हेड खुशीराम कुमार एवं सिमडेगा ब्लॉक हेड मनोज बिलुंग मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन स्वास्थ्य,शिक्षा और रोजगार मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयास करने का काम कर रही है। साथ ही साथ बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो। वर्तमान में जन भावना फाउंडेशन की बालिका समृद्धि योजना का लाभ बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर बेटियों के लिए जरूरत के सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी जिससे हमारी बेटियाँ समृद्ध रहेंगे। छ्क्क्न स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए हेल्थ केयर कार्ड बनवाने के लिए कार्यक्रम कर रही है।जन भावना फाउंडेशन हर कदम आपके साथ है और हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार आने वाले दिनों में स्मार्ट मार्ट,स्मार्ट स्कूल,स्मार्ट क्लीनिक,माइक्रो फाइनेंस,नशा मुक्ति योजना,किसान केंद्र योजना, सिलाई ट्रेनिंग,ब्यूटीशियन ट्रेनिंग,स्वच्छता परियोजना,खेल कूद योजना,मछली पालन ट्रेनिंग, मधुमक्खी पालन ट्रेनिंग,मशरूम खेती प्रशिक्षण, मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेनिंग,कंप्यूटर ट्रेनिंग,नर्स ट्रेनिंग,स्मार्ट जॉब प्लेसमेंट सहित कौशल विकास का लाभ दिया जाएगा एवं पंचायत के विकास में भागीदारी निभाएगी इसलिए सभी लोगों को संस्था से लाभ लेने के लिए सहयोग करने के लिए आगे बढ़ चढ़ हिस्सा लें। इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## डॉक्टर इंद्रेश कुमार के जन्मदिन पर मरीजों के बीच फल का किया गया वितरण



**किस्को (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय प्रचारक सह मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय मार्गदर्शक डॉक्टर इंद्रेश कुमार की जन्मदिन के मौके पर राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ के मौलाना जियाउल हक अशरफी के नेतृत्व में किस्को स्वास्थ्य केंद्र में कुपोषित जैसे मरीजों के शिकार बच्चों एवं बच्चियों के माता-पिता के बीच फल फ्रूट का वितरण किया गया। आगे मौलाना अशरफी ने कहा डॉ इंद्रेश कुमार अभी के जमाने में एक अजीम शख्सियत राष्ट्रीय महापुरुष के गिनती में आते हैं। मौलाना अशरफी शायराना अंदाज में कहा कि भाई साहब की आयु लंबी हो इसकी मैं कामना करता हूं,खुदा करे की यह दिन बार-बार आता रहे। और अपने साथ खुशी का खजाना लता रहे। मौलाना अशरफी साहब अपने सहयोगियों के साथ किस्को स्वास्थ्य केंद्र में कुपोषित बच्चों बच्चियों के माता-पिता से बात करते हुए सरकारी लाभ के बारे में भी जानकारी ली। मौजूदा वक्त में हॉस्पिटल के डॉक्टर निकिता बोदरा द्वारा मरीज का खूब ख्याल किया जा रहा है जो सराहनीय कम है। एमआरएम के राष्ट्रीय मार्गदर्शन भाई साहब के पैगाम के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए मौलाना अशरफी ने कहा नफरत हिंसा दंगा दहशत से दूरी और मोहब्बत का पैगाम देना राष्ट्रीय मार्गदर्शक भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार की नुमाया किरदार रहा है। इसलिए एमआरएम उलेमा प्रकोष्ठ इस मोहिम को खूबसूरत बनाने में अहम रोल अदा करता रहेगा। फल वितरण कार्यक्रम में मुस्तफा अंसारी,शाहिद अशरफ, सिस्टर पुष्पा पन्ना,दिनेश राम,दीपक,साकिब कौसर,रीना देवी,सरिता कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### बिजली ऊर्जा चोरी करने के मामले में तीन लोगों पर नामदज प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा :** लोहरदगा सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी पंचायत अन्तर्गत झखरा ग्राम में बिजली विभाग द्वारा छापेमारी टीम गठित कर सघन छापेमारी अभियान चलाते हुए। विधुत ऊर्जा चोरी करने वाले के विरूद्ध कारवाई किया गया। जांच अभियान के दौरान मुबारक अंसारी का पुत्र कयूम अंसारी,हबजुल हसन का पुत्र नदीम अख्तर,एवं बैरागी उरांव का पुत्र सुनील उरांव तीनो सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा ग्राम निवासी के विरुद्ध बिजली अधिनियम के तहत विधुत ऊर्जा चोरी कर विभाग के राजस्व को क्षति पहुंचाने के आरोप पर नामदज प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा के सहायक विधुत अभियंता अजु कच्छप प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कनीय अभियंता संजीत कुमार,फिरोज अख्तर मानव दिवस कर्मी भोला प्रसाद साहू,शिवशंकर उरांव सहित पुलिस बल के सहयोग से विधुत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध छपेमारी अभियान चलाया गया। जिसे सहायक विधुत अभियंता अजु कच्छप के लिखित आवेदन पर तीन नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस के द्वारा अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

# लोहरदगा कांग्रेस कमिटी के द्वारा मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का जोरदार स्वागत किया गया

## दूसरी बार मंत्री बनने के बाद लोहरदगा पहुंचे डॉ रामेश्वर उरांव पार्टी शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार झारखंड सरकार कैबिनेट में दूसरी बार मंत्री बनने के पश्चात लोहरदगा परिसदन पहुंचे, इस पर लोहरदगा की जनता द्वारा,पार्टी संगठन के पदाधिकारी द्वारा,जनप्रतिनिधियों द्वारा, सामाजिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। सभी ने माननीय मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दिया एवं राज्य के विकास के लिए मौके पर माननीय मंत्री ने शीर्ष नेतृत्व,प्रदेश पदाधिकारियों,पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा राज्य के विकास के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली है और अपने कर्तव्य निर्वहन मैं तन मन धन से करूंगा। राज्य की जनता का प्रेम,स्नेह ही मेरा आशीर्वाद है,जब जब मुझे जिम्मेवारी मिली मैंने राज्य की जनता का सेवा ईमानदारी से किया है।



फलस्वरूप राज्य की जनता की सेवा के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे दूसरी बार जिम्मेवारी दी है ताकि राज्य सरकार के विकास की गति को और बढ़ावा मिल सके। चंपई सोरेन सरकार झारखंड की जनता के जनाकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करेगी और हेमंत सोरेन के सपनों को पूरा करने का काम करेगी। सरकार जनता के भरोसे की सरकार है और विकास के पथ पर अग्रसर है। मौके पर जिलाध्यक्ष सुखैर भगत,कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद,विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद,सलीम अंसारी बड़े, पंकज जयसवाल, सहादत हुसैन,सामुल अंसारी, सदरूल अंसारी,रविंदर सिंह खेरवार, डोमना उरांव,अनिस अहमद ,तनवीर गौहर, सत्यदेव भगत, विनोद सिंह खेरवार,जुगल भगत, युनूस अंसारी,अनिल उरांव, सीमा परवीन,मुजमिल अंसारी, विशाल डुंगडुंग,विनय उरांव, संजय नायक,सुशीला देवी, अमृता भगत,सरिता देवी,दीपक जायसवाल, अफसर कुरैशी, सफदर आलम, सोमें उरांव, जलेश्वर उरांव बिरसा उरांव, शिक्षक संघ के शैलेंद्र सुमन,आजाद खान,संतोषी उरांव,सनियारो उरांव, प्रमिला भगत,जिला मुखिया संघ अध्यक्ष वासुदेव उरांव,परमेश्वर महली,राजू उरांव, राजश्री उरांव,सुमन उरांव, सोमदेव उरांव,सुखेंदर उरांव, पंकज उरांव,प्रकाश उरांव, फूलदेव उरांवअसलम अंसारी, कैश आलम, सैफ अहमद, दुर्गा उरांव,सुचित्रा भगत, सीता भगत,ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम,इत्यादि काफी संख्या में पार्टी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विद्युत चोरी के खिलाफ कैरो प्रखंड के विभिन्न गाँवो मे चलाया गया छापामारी अभियान

**कैरो :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 17 फरवरी शनिवार को सहायक विद्युत अभियंता मोहम्मद जिशान विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कैरो कूडू एवं मानव दिवस कर्मी मजुल अंसारी,बैकुण्ठ शुक्ला,व कैरो थाना सशस्त्र बल के उपस्थिति मे विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ चलाया गया सघन छापामारी अभियान। उक्त छापामारी अभियान मे कैरो उत्तका निवासी रामकेश्वर साहू पिता खियलू साहू पर 40500/- हजार रुपये की क्षतिपूर्ति,महरंग साहू पिता गोविन्द साहू पर 81000/- हजार रुपये की क्षतिपूर्ति वही सढ़ाबे पंचायत के बक्सी ग्राम निवासी तुलसी उराँव पिता भोला उराँव पर 3300/- रूपये की क्षतिपूर्ति एवं 10417/- रूपये की बकाया,मँगा उराँव पिता बुधु उराँव पर 3300/- रुपए की क्षतिपूर्ति एवं 10055/- रुपए की बकाया राशि,हिरु उराँव पिता धोन्दा उराँव पर 4500/- रुपये क्षतिपूर्ति एवं 5297/- रुपये की बकाया राशि तथा टाटी ग्राम निवासी सोमा उराँव पिता झिरकू उराँव पर 6400/- रुपये की क्षतिपूर्ति एवं 7316/- रुपए की बकाया राशि,प्रखंड के विभिन्न गाँवो के कूल 06 लोगों पर भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135/ 137 के तह्त कैरो थाना मे विभाग के सहायक अभियंता ने मामला दर्ज कराते हुए,कैरो थाना प्रभारी से आवश्यक करवाई करने का अनुरोध विभाग के सहायक अभियंता ने किया है।

## चलते चलते एक नजर

### घर में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज स्थित रोड नंबर छह में एक घर में रविवार आग लग गई। अचानक अगलगी की घटना से मौके पर अफरा-तफरी का मच गयी। घर के दूसरे तल्ले में आग लगी थी। हालांकि आग लगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट होने की वजह से घर में आग लगी थी। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग पर काबू पाने का कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशमन का एक दमकल देर से मौके पर पहुंचा और घंटों मशक्कत के बाद आग बुझाया। सुखेदवनगर थाना प्रभारी ने बताया कि आग को बुझा लिया गया है।

### जेल आदलत में चार बंदियों को किया गया रिहा




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से रविवार को बिरसा मुंड केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसका आयोजन डालसा, रांची सचिव राकेश रंजन की अध्यक्षता में किया गया। इसके लिए विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन को लेकर बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में चार बंदियों को आवेदन जेल अदालत में समर्पित किया गया था। इस पर चार बंदियों को जेल अदालत ने हाजत अवधि का लाभ देते हुए उन्हें रिहा किया। इन चार बंदियों में धीरज मुंडा उर्फ धिरजु, झरी मुंडा , तिरथनाथ महतो और प्रेमचन्द मुंडा उर्फ परमा मुंडा शामिल हैं। मौके पर सचिव डालसा राकेश रंजन, शंभु महतो एवं डीएन शुक्ला न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रांची तथा कारा कर्मी बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार, रांची एवं अधिवक्ता-सह-जेल विजिटर तथा न्यायालयकर्मी एवं कई बंदी उपस्थित थें।

## इंद्रेश कुमार का जन्मोत्सवः जोश, जज्बे, जुनून के साथ, जनसेवा में जुटा मुस्लिम राष्ट्रीय मंत्र

# धूमधाम से मनाया गया इंद्रेश कुमार का जन्मदिन

*** कैंसर के मुफ्त इलाज से लेकर कंबल, कपड़े, अनाज वितरण और वृक्षारोपण की मुहिम**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आरएसएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार का रविवार को बड़े ही धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। जन्मदिन का उत्सव एक सप्ताह तक रहेगा। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच हर साल 18 से 24 फरवरी का सप्ताह जोश, जज्बे, जुनून, जनसेवा के रूप में मनाता है। आरएसएस वरिष्ठ नेता के जन्म सप्ताह को हमेशा की तरह इस बार भी मंच सद्भावना सप्ताह के रूप में पूरी श्रद्धा और अकीदत के साथ मना रहा है। सद्भावना सप्ताह के बारे में मंच के मीडिया प्रभारी शाहिद सईद ने विस्तार से जानकारी दी। सद्भावना सप्ताह की तैयारी महीने भर से चल रही थी। इसके लिए नई दिल्ली में पिछले महीने 24 तारीख को राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल, गिरीश जुयाल और शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में माजिद तालीकोटी, एस के मुद्दीन, सय्यद राजा रिजवी, अबु बकर नकवी, इस्लाम अब्बास, हाजी मोहम्मद साबरीन, खुर्शीद रजाक, विराग पचपोर, इमरान चौधरी, शालिनी अली और तुषारकांत्त समेत अनेक अधिकारियों पदाधिकारियों प्रभारियों और कार्यकर्ताओं ने शिरकत की थी। जिसमें सद्भावना सप्ताह को लेकर पूरी रणनीति बनाई गई थी। रणनीति के तहत



इंद्रेश कुमार के चाहने वाले मंच के कार्यकर्ता देश के विभिन्न हिस्सों में अलग अलग तरीके से जन उपयोगी कार्यों को करते हुए सद्भावना सप्ताह मना रहे हैं। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता अपने मार्गदर्शक के नाम से जगह जगह केक काट कर जन्मदिन मनाते हुए लंबी उम्र की दुआएं मांग रहे हैं। साथ ही देश के अमन शांति एकता अखंडता की दुआएं की जा रही है। राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखने वाला मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सद्भावना सप्ताह में अलग अलग प्रकोष्ठों द्वारा अपने अपने स्तर पर जनसेवा में खुद को और अधिक लीन कर लिया है। इस दौरान मंच के कैंसर स्पेशलिस्ट चिकित्सक द्वारा रविवार को कैंसर का मुफ्त ऑपरेशन किया। विभिन्न स्थानों पर रक्त शिविर, वृषा रोपण, कंबल - कपड़े - अनाज और भोजन वितरण, मजारों पर चादर चढ़ाने, मदरसों में कुरान की तिलावत और दुआओं का खास एहतमाम हो रहा है जिसमें इंद्रेश कुमार की लंबी उम्र के साथ साथ देश की मजबूती और एकता की दुआएं की जा रही हैं। गाय की सेवा की जा रही है, उन्हें चारा और गुड़ दिया जा रहा है, रख रखाव की बेहतरी के लिए कार्य किए जा रहे हैं। बच्चों को किताब, कॉपी, पेंसिल, लड्डू बांटे जा रहे हैं और जरूरतमंदों को खाना खिलाया जा रहा है। अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किए जा रहे हैं। शनिवार रात से ही मंच के कार्यकर्ताओं ने फुटपाथ पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल बांटने का काम शुरू कर दिया था। जगह जगह खाने के पैकेट भी बांटे गए हैं। अन्य स्थानों के साथ साथ वृद्धाश्रम और अनाथाश्रम को भी सहायता पहुंचाई जा रही है।

# प्रधानमंत्री के जम्मू के दौरे से पहले सुरक्षाबल अलर्ट




एजेंसी

**जम्मू :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को प्रस्तावित जम्मू के दौरे को देखते हुए पूरी कश्मीर घाटी में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है।अधिकारी ने रविवार को बताया कि पुलिस व अर्द्धसैनिक बल श्रीनगर शहर और कश्मीर घाटी के अन्य जगहों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर श्रीनगर में विभिन्न स्थानों पर प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष जांच के लिए नाके स्थापित किए गए हैं तथा उन पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए अलर्ट पर रखा गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की हाई प्रोफाइल यात्रा के दौरान आतंकवादी कोई गतिविधियां न करें। अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान मोदी की यह जम्मू-कश्मीर की दूसरी यात्रा होगी।उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपनी जम्मू यात्रा के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे जिनमें एम्स अस्पताल जम्मू, चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल और उधमपुर में देविका नदी परियोजना शामिल है। मोदी संगलदान-बारामूला रेल लिंक पर पहली ट्रेन को रिमोट से हरी झंडी दिखा सकते हैं और बाद में दिन में जम्मू में एक सार्वजनिक रैली को भी संबोधित कर सकते हैं। वहीं जम्मू में भी सुरक्षा को बड़ा दिया गया है।

# लखनऊ विवि को मिला 100 करोड़

एजेंसी

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तहत 100 करोड़ का वित्तीय सहायता मिली है। पीएम-उषा लखनऊ विश्वविद्यालय को अपने शैक्षणिक बुनियादी ढांचे, अनुसंधान क्षमताओं और समग्र शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए सशक्त बनाएगा। इस धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से प्रयोगशालाओं को उन्नत करने, कक्षाओं को आधुनिक बनाने, नवाचार केंद्रों को बढ़ावा देने और अंतः विषय अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह फंडिंग लखनऊ



विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे न केवल हमारे वर्तमान छात्रों और संकाय को लाभ होगा बल्कि देश के ज्ञान परिदृश्य में भी योगदान मिलेगा। पीएम-उषा कार्यक्रम का उद्देश्य बुनियादी ढांचे, अनुसंधान सुविधाओं और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता के केंद्रों में बदलना है। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय इस पर्याप्त अनुदान का प्राप्तकर्ता होने पर सम्मानित महसूस कर रहा है, जिसका निस्संदेह शैक्षणिक समुदाय और क्षेत्र पर स्थायी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विश्वविद्यालय सीखने, अनुसंधान और नवाचार के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने, धन का विवेकपूर्ण ढंग से उपयोग करने के लिए तत्पर है। यह उपलब्धि विश्व स्तरीय शैक्षणिक संस्थान बनाने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी स्नातक तैयार करते हैं।

# स्मरणीय रहेगा ब्रह्मलीन महंत सुरेंद्र मुनि का समर्पणः रविंद्र पुरी

एजेंसी

**हरिद्वार :** कनखल स्थित श्री अवधूत जगतराम उदासीन आश्रम में श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के मुखिया महंत भगतराम महाराज की अध्यक्षता में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में सभी अखाड़ों के संतों ने आश्रम के ब्रह्मलीन महंत महामंडलेश्वर स्वामी सुरेंद्र मुनि महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और संत सुतीक्ष्ण मुनि को तिलक चादर प्रदान कर आश्रम का महंत नियुक्त किया।मुखिया महंत भगतराम महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत सुरेंद्र मुनि महाराज विद्वान संत थे। समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग की प्रेरणा देने के साथ अखाड़ा की प्रगति में भी उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने कहा कि आश्रम के नवनियुक्त महंत सुतीक्ष्ण मुनि महाराज अपने गुरू



के पदचिन्हों पर चलते हुए धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान देंगे।मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि परमार्थ के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन महंत सुरेंद्र मुनि महाराज संत समाज के प्रेरणा स्त्रोत थे। वयोवृद्ध अवस्था में भी धर्म और संस्कृति के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।

आश्रम के नवनियुक्त महंत सुतीक्ष्ण मुनि को शुभकामनाएं देते हुए श्रीमहंत रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि संत समाज को पूर्ण विश्वास है कि महंत सुतीक्ष्ण मुनि गुरू परंपराओं का अनुसरण करते हुए मानव कल्याण में अहम भूमिका निभाएंगे। महंत धुनीदास व महंत जगतार मुनि ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत सुरेंद्र मुनि महाराज ने अखाड़े की परंपराओं का पालन करते हुए सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाई।श्री अवधूत जगतराम उदासीन आश्रम के नवनियुक्त महंत सुतीक्ष्ण मुनि महाराज ने सभी का आभार व्यक्त किया है। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन एवं संत समाज ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है। उस जिम्मेदारी का ब्रह्मलीन गुरूदेव महंत सुरेंद्र मुनि महाराज के आशीर्वाद एवं उनसे मिले ज्ञान का अनुसरण करते हुए पूरी निष्ठा से पालन करेंगे और आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

### सेवा और डॉ. लाल्स के स्वास्थ्य शिविर में तीन सौ मरीजों ने कराया इलाज

**रांची :** रांची के झालदा में सेवा और डॉ लाल्स अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ लाल्स अस्पताल रांची के डॉ समित लाल (नाक, कान एवं गला विशेषज्ञ), डॉ रोहित लाल (हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ), डॉ निखिल मिंज (ईएनटी), डॉ शाब्दिका लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ श्वेता लाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) सहित कई चिकित्सकों ने सहभागिता निभाई। इस शिविर में लगभग 250-300 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसके साथ मरीजों को निःशुल्क दवा तथा प्रूडेंट पैथलैब की तरफ से निःशुल्क जांच की व्यवस्था की गई थी। इस शिविर में उच्च स्तरीय कुछ विशेष जांच में भारी मात्र में छूट दी गई। सेवा संस्था के द्वारा समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है।

# राज्यपाल ने व्यापारियों को किया सम्मानित

एजेंसी

**लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छह व्यापारियों को भामाशाह रत्न और तीन व्यापारियों को उद्योग रत्न सम्मान से सम्मानित किया।लखनऊ स्थित रविंद्रालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि देश का अन्नदाता अगर किसान है तो भारत के विकास की गाथा का हिस्सा व्यापारी बंधु है। उन्होंने आजादी के आंदोलन में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने के आंदोलन में व्यापारियों की अग्रणी भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का आधार व्यापारी समाज है। आज पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार और उद्योग में भागीदारी कर रही हैं, जिसका असर समाज की मानसिकता पर भी पड़ता है तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करने में मदद मिलती है।राज्यपाल ने कहा कि व्यापारी



समाज धार्मिक व सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं। उन्होंने कोरोना काल की विषम परिस्थितियों में व्यापारी वर्गों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि छोटे, मध्यम एवं बड़े व्यापारी यदि सामंजस्य एवं समन्वय के साथ कार्य करें तो सबका भला होता है। जब किसान खेती के लिए बैंक से ऋण लेते हैं और फसल अच्छी नहीं होने पर उन पर ऋण का बोझ बढ़ता है तो सरकार सहायता करती है। समस्याओं का समाधान करना सरकार और संगठन का कार्य है।भामाशाह रत्न सम्मान से सम्मानित होने वाले व्यापारियों में सुधीर हलवासिया, शिवम बिश्नोई, अजीत बग्गा, संतोष गुप्ता, राजू जयराम और गोविंद बाबू टाटा शामिल हैं। उद्योग रत्न सम्मान से सम्मानित होने वाले व्यापारियों में मनोज गोयल, मुरलीधर आहूजा और संदीप अग्रवाल थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने राज्यपाल को व्यापारियों के हितों से संबंधित एक सुझाव पत्र भी सौंपा। इस अवसर पर प्रदेशभर के कई प्रमुख व्यापारी मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान के 100 साल पूरा होने पर हुआ भव्य कार्यक्रम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान के सौ साल पूरा होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में अंजुमन प्लाजा सभागार मे भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के मुख्य मार्ग से मोटरसाइकिल रैली से हुई। जो कांटाटोली चौक, कुम्हार टोली, पत्थलकुदआ, गुदरी,आजाद बस्ती कुरैशी मुहल्ला, कर्बला चौक, डॉ फतेहउल्लाह रोड सभी जगहों पर शिविर लगाकर रैली में शामिल

ऑल इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी सहित हजारों लोगों का फूल मालाओं से और शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया जो ऐतिहासिक रहा।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऑल इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने की । इस अवसर पर डा युसूफ कुरैशी अधिवक्ता सिविल कोर्ट मेरठ सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व कोर कमेटी सदस्य, अब्दुल मजीद कुरैशी, अधिवक्ता नागपुर हाई कोर्ट व महासचिव ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश महाराष्ट्र व कोर कमेटी सदस्य, मो हनीफ कुरैशी मध्यप्रदेश भोपाल अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश व कोरकमेटी सदस्य, मुमताज कुरैशी बिहार , राष्ट्रीय महासचिव ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश, सारीक कुरैशी ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश, झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, कांटाटोली कुरैशी जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन,गुदरी आजाद बस्ती जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष आजाद कुरैशी, एजाज कुरैशी, आमिर, त्रिवेणी कुमार काशी,मथूरा प्रसाद साहू, संजू करण गोप, कोल्हा भगत,अजीम, आफताब, तौफीक पप्पू ,बाबी, डोरंडा से मंसूर कुरैशी, पूर्व पार्षद संजू सलौद्दीन , पूर्व पार्षद असलम, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार, शम्स कमर लड्डन, नौशाद खान,महफुज कुरैशी, मासूक कुरैशी, सद्दाम कुरैशी, अफजल कुरैशी, समीर कुरैशी,अकबर कुरैशी,आदिल कुरैशी ,अवधेश कुरैशी मुन्ना, हाजी मिन्हाज,शकील , औरंगजेब खान, नदीम, फरहाद कुरैशी, इकबाल, अकीलुरहाम, नेहाल अहमद, इमरान, मुस्तफा कुरैशी, एकराम कुरैशी ,नदीम, मुस्तफा कुरैशी, बब्लू, तजमुल, मोइनुद्दीन,राजू साजिद, सरफराज , जाकिर, समीम,कौशर,बशीर,आजाद सहित झारखंड के रांची जिला, हजारीबाग, जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला सहित अन्य जिलों से हजारों लोग शामिल थे।

**हरी झंडी दिखाकर किया रैली को रवानाः** रैली को रांची डीटीओ अखिलेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी, डीआरसएम मोहम्मद जमाल अशरफ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं मौके पर हेलमेट भी वितरण किया गया। कहा कि इस तरह की रैली का आयोजन होता है समाज के लिए अच्छा संदेश है कि वह हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाएं और जागरूकता फैलाएं। इस मौके पर लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद , चुटिया ट्रैफिक थाना प्रभारी इम्तियाज आलम, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम, टीओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज , एएसआई भीम सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुजीब कुरैशी द्वारा




चलाये गये नशा मुक्त जागरूकता अभियान को सफल बनाने वाले को भी सम्मानित किया गया।

**सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा :** इंडियन इस्लामिक कल्चरल सेंटर सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा, यह खुशी की बात है कि कुरैश समाज के सौ साल पूरा होने पर सभी मुसलमानों, हमारे हिन्दू भाईयों,इसाई भाई,महिला आदिवासी रिति-रिवाज से स्वागत किया। इसके लिए सभी को धन्यवाद। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारे कुरैशी समाज में शिक्षा, रोजगार को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। अब मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस अभियान से जुड़े सभी लोगों को सम्मानित किया गया। अपने आप में यह काबिले तारीफ है। इसे और प्रचार प्रचार करने की जरूरत है और लोग इससे जुड़े। किसी भी समाज दो धाराओं में ना बटे,यह ख्याल रखें। वधशाला निर्माण के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। देश के करीब सभी प्रदेशों में मार्डन स्लाटर हाउस है। झारखंड में भी होनी चाहिए। किसी तरह की परेशानी है तो हमें इसकी जानकारी दे। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि मैं दिल्ली से सरकार पर दबाव बना कर झारखंड में वधशाला निर्माण और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कांटाटोली में संग ए बुनियाद मदरसा और स्कूल के लिए मैं भी मदद करूंगा।

**राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांझी ने कहाः** राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ मांजी ने कहा, हमरे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कार्यक्रम में आने वाले थे। समय भी तय थी। लेकिन अचानक किसी अनचाहे परेशानियों का सामना करना पड़ा। वह किसी से छिपा नहीं है। लेकिन हमारी पार्टी हमारी सरकार कुरैशी समाज,अल्पसंख्यक समुदायों के लिए हमेशा खड़ी है। पहले भी मुजीब कुरैशी के कार्यक्रम कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला में आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल थे। वहां भी कुरैशी समाज के शिक्षा, रोजगार पर उन्होंने अपनी बातों को रखा था और उसे पूरा कराने के लिए अधिकारियों से भी कहा था , लेकिन हिम्मत नहीं हारे हेमंत जी के आने के बाद सबकुछ अच्छा होगा।

**वक्ताओं ने रखे अपने विचारः** इस मौके पर डॉ युसूफ कुरैशी अधिवक्ता सिविल कोर्ट मेरठ सह ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष व कोर कमेटी सदस्य ने कहा कि समाज टूटने से बचाना है और एकजुटता पर बल देना है। कुरैशियों की जो समस्याएं वधशाला से संबंधित उसका हल राजनीतिक द्वार से आसानी से होगी और इसके लिए आप लोगों ने अपने राज्य के मुख्यमंत्री से लगातार प्रयासरत हैं। अब्दुल मजीद कुरैशी अधिवक्ता नागपुर हाई कोर्ट ने कहा शिक्षा पर काम करने की जरूरत है। जहां स्कूल , मदरसा नहीं है वहां पर स्कूल मदरसा स्थापित करें।झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि ऑल ऑल इंडिया जमीयतुल कुरेश संस्थान का 100 साल पूरा हुआ और झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष होने का नाते इस कार्यक्रम को मैंने करने का ठाना। सबसे बड़ी बात है कि जिस तरह से झारखंड के तमाम जिलों से हमारे कुरैशी बिरादरी इस कार्यक्रम में आए हैं। उनकी वजह से सफल हुआ हैं।इसमें न सिर्फ कुरेशी समाज बल्कि मुसलमानों के सभी वर्गों का सहयोग मिला और हमारे हिन्दू भाईयों ने भी इसका स्वागत किया।

**जिला प्रशासन व पुलिस का रहा सहयोगः** जिला प्रशासन, यातायात पुलिस, स्थानीय थाना लोअर बाजार, खादगढ़ा टीओपी , हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सभी का सहयोग रहा। मंच संचालन मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद ने किया।